TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 299
सोमवार 24 अगस्त, 2026

तापमान
अधिकतम 33°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-16 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# अंतरिक्ष में नई ताकत बनेगा भारतः मोदी

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्टार्टअप संस्थापकों से संवाद कर गिनाईं संभावनाएं और चुनौतियां

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के प्रमुख अंतरिक्ष स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और संस्थापकों से संवाद किया। उन्होंने अंतरिक्ष तकनीक के व्यापक इस्तेमाल से आम लोगों का जीवन बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है। उन्होंने देशवासियों से बड़े सपने देखने, नई चीजें बनाने और नई सीमाओं को पार करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाथ में तिरंगा, सामने अंतरिक्ष और 140 करोड़ देशवासियों का सपना भारत के विकास का संकल्प है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संवाद का वीडियो साझा करते हुए कहा कि देश के सबसे होनहार अंतरिक्ष स्टार्टअप से मिलकर वह बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने स्टार्टअप की ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और सकारात्मक सोच की सराहना की। बातचीत में उन्होंने कहा कि नई दिशा में काम करने वाले उद्यमियों ने साहस दिखाया और सरकारी नीतियों पर भरोसा किया है। सरकार को अपने निर्णयों पर अडिग रहना चाहिए और बार-बार बदलाव नहीं करना चाहिए। इससे जोखिम उठाने वाले उद्यमियों का भरोसा मजबूत होता है। संवाद में भारत के पहले अंतरिक्ष तकनीक यूनिकॉर्न के प्रमुख ने बताया कि 18 जुलाई को देश का पहला निजी रॉकेट सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल शुरूआत है। अगले वर्ष हर महीने एक रॉकेट प्रक्षेपित करने की योजना है। इसके लिए तीन कारखाने तैयार हैं और ■ शेष पेज 15 पर

### तकनीक

- हर सप्ताह से हर दिन रॉकेट प्रक्षेपण का लक्ष्य, तीन कारखानों में उत्पादन क्षमता तैयार
- प्रतिभा, कम लागत और नवाचार के बूते वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में भारत की बढ़ती दावेदारी



### एक दशक में 45 अरब डॉलर की होगी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (आईएएनएस)।** भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था वर्तमान में करीब नौ अरब डॉलर की हो गई है और मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तथा नीतिगत सुधारों के चलते अगले एक दशक में इसके 40 से 45 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर जारी सरकारी आंकड़ों से अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से बढ़ती निजी भागीदारी और व्यावसायीकरण की तस्वीर सामने आई है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में पंजीकृत अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या अगस्त 2026 तक बढ़कर करीब 440 हो गई है, जबकि 2014 में इनकी संख्या केवल एक थी। अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी निवेश भी लगभग छह गुना बढ़ा है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 100.5 मिलियन डॉलर था, जो 31 मार्च 2026 ■ शेष पेज 15 पर




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

रक्षाबंधन भाई की कलाई पर बंधने वाला **रक्षा-सूत्र मात्र नहीं, अपितु स्नेह, विश्वास और संकल्प का पावन पर्व है, जो परिवार को जोड़ता है,** समाज में आत्मीयता जगाता है तथा बहन-बेटियों के सम्मान, सुरक्षा एवं स्वाभिमान के प्रति अपने दायित्व का स्मरण कराता है। 'श्रावण पूर्णिमा' के पावन अवसर पर इस वर्ष 28 अगस्त को मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे सनातन संस्कारों की इसी सुदृढ़ परंपरा का प्रतीक है।


इस पर्व से जुड़ी कथाएं भी स्नेह और संरक्षण के इसी भाव को साकार करती हैं। लोक परंपरा में कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहता देख द्रौपदी ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़कर बांध दिया। **द्रौपदी के इस स्नेह का प्रत्युत्तर श्रीकृष्ण ने संकट के समय उनकी रक्षा करके दिया।** इसी प्रकार, राजा बलि को रक्षा-सूत्र बांधकर माता लक्ष्मी ने उन्हें अपना भाई बनाया और भगवान विष्णु को अपने साथ ले आईं। ये प्रसंग बताते हैं कि स्नेह केवल संबंध नहीं बनाता, वह दायित्व और संरक्षण का भाव भी जगाता है।

**आज जब नई पीढ़ी तकनीकी उन्नयन के साथ आगे बढ़ रही है, तब इन संस्कारों को अपने आचरण का अंग बनाना और विवेक, सद्भाव एवं सामाजिक एकता को महत्व देना पहले से अधिक आवश्यक है।** यही संस्कार हमारे परिवारों को सुदृढ़ करते हैं, समाज को एकजुट रखते हैं और संविधान की प्रस्तावना में निहित समानता, बंधुता और सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त करते हुए राष्ट्र को शक्ति प्रदान करते हैं।

रक्षा का यही भाव एक संवेदनशील सरकार के संकल्प में भी दिखाई देता है। **हमारी सरकार ने विगत साढ़े नौ वर्षों में बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।** मिशन शक्ति तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ने बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और प्रगति को गति दी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और निराश्रित महिला पेंशन योजना से सामाजिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। **रक्षाबंधन पर वर्ष 2017 से प्रारंभ की गई माताओं-बहनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा इस वर्ष भी 27 से 29 अगस्त तक मिलेगी। इससे सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी।**

**सभी प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।** मेरा आप सबसे आग्रह है कि रक्षा-सूत्र के संकल्प को अपने आचरण का हिस्सा बनाएं। **प्रत्येक बहन-बेटी के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लें। सुरक्षाबल, पुलिसकर्मियों और आपदा राहतकर्मियों को रक्षा-सूत्र बांधकर उनके प्रति अपनत्व और कृतज्ञता प्रकट करें। साथ ही, स्थानीय स्तर पर निर्मित राखियों एवं उपहारों को प्राथमिकता दें।** आपका यह प्रयास स्थानीय श्रम, कौशल और उद्यम को प्रोत्साहन देगा तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को और सुदृढ़ करेगा।

आपका
योगी आदित्यनाथ



सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

# जनता अगले चुनाव में सपा को साफ कर देगीः योगी

**लखनऊ, 23 अगस्त।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में 3.54 लाख रसोइया माताओं-बहनों के लिए चार बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि अब रसोइयों का मानदेय दो हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये किया जाएगा। घटना-दुर्घटना की स्थिति में रसोइया और उनके परिवार को भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से दो लाख रुपये की सहायता मिलेगी। इसके साथ ही प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और परिधान के लिए मिलने वाली राशि 500 से बढ़ाकर 1000 रुपये की जाएगी।

समारोह में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि गरीब कभी सपा के एजेंडे में नहीं रहा। सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर चुटकी लेते हुए योगी ने कहा कि जनता अगले चुनाव में सपा को हमेशा के लिए साफ कर देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार में गरीबों का शोषण हुआ, जमीनों पर कब्जे किए गए, बेटियों की सुरक्षा खतरे में थी और आए दिन दंगे होते थे।

### बोले मुख्यमंत्री




- रक्षाबंधन से पहले 3.54 लाख रसोइया बहनों को योगी ने दिए चार बड़े उपहार
- मानदेय तीन हजार, दुर्घटना पर दो लाख सहायता और पांच लाख तक कैशलेस इलाज

उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को गुंडा प्रदेश बना दिया था और विकास ठप था। अब प्रदेश दंगा और कर्फ्यू से मुक्त हुआ है, इसलिए विकास दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले रसोइयों का मानदेय केवल एक हजार रुपये था और वह भी नियमित नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनधन खातों के माध्यम से अब सरकारी सहायता सीधे खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा से वंचित रसोइयों के लिए दुर्घटना या अन्य अप्रिय स्थिति में एसबीआई के माध्यम से तत्काल सहायता की व्यवस्था की गई है।

योगी ने रसोइयों से विद्यालयों में स्वच्छता और पौष्टिक भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। बेसिक शिक्षा परिषद के 1.42 लाख विद्यालयों में करीब डेढ़ करोड़ बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि रसोई साफ-सुथरी हो, भोजन समय पर और निर्धारित साप्ताहिक मेन्यू के अनुसार दिया जाए तथा फूड प्वाइजनिंग जैसी घटना नहीं होनी चाहिए। ■ शेष पेज 15 पर

### होर्मुज पर नए अमेरिकी नक्शे से बढ़ा तनाव, ईरान ने दी युद्ध की धमकी




**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी कर इसे अमेरिका का क्षेत्र बताया। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका को सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए कहा है कि नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए तो इसे युद्ध का शंखनाद माना जाएगा। ईरान ने अमेरिका के साथ उसके सहयोगी देशों को भी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर होर्मुज स्ट्रेट का नक्शा साझा किया। इसमें इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग के संकरे हिस्से को घेरकर अमेरिका का नया क्षेत्र बताया गया है। ट्रंप पहले भी 15 अगस्त को ■ शेष पेज 15 पर

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय वायु सेना ने पूरे किये बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** भारतीय वायु सेना ने दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यासों में अपनी भागीदारी पूरी की। ऑस्ट्रेलिया में 'पिच ब्लैक' और मलेशिया में 'उदारा शक्ति' अभ्यासों में वायु सेना ने परिचालन, बेहतर सामरिक तालमेल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रक्षा साझेदारियों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### चार दिवसीय जापान यात्रा पर आज रवाना होंगे पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 24 से 27 अगस्त तक जापान के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे टोक्यो, नागोया और ओसाका जाएंगे और भारत का अबतक का सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल जापान लेकर जाएंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में 200 से अधिक कारोबारी शामिल हैं, जो विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, इस्पात, ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य और स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हनुमानगढ़ी में पढ़ी हनुमान चालीसा

**अयोध्या, 23 अगस्त।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम मंदिर को व्यापार का केंद्र नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने बढ़ती महंगाई, चीनी और अन्य जरूरी सामानों की बढ़ी कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यक्रमों की शुरुआत भगवान के दर्शन से करती है।

### सफदरजंग अस्पताल में पहली सफल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** सफदरजंग अस्पताल ने उन्नत हड्डी रोग उपचार में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय हड्डी रोग संस्थान ने 22 अगस्त को पहली रोबोट सहायता से पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क की गई। मरीज 75 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक थे। अस्पताल की ओर से रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार नई रोबोटिक प्रणाली को भविष्य में उन्नत किया जा सकता है। इससे पूर्ण और आंशिक घुटना प्रत्यारोपण के साथ कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण भी किया जा सकेगा।

# पारादीप तट के पास जहाज डूबा, 22 नाविक लापता

## लौह अयस्क लेकर सिंगापुर जा रहा था पनामा का मालवाहक जहाज

**भुवनेश्वर/पारादीप, 23 अगस्त।** ओडिशा के पारादीप तट से करीब 240 नॉटिकल मील (444 किलोमीटर) दूर बंगाल की खाड़ी में शनिवार को बड़ा समुद्री हादसा हो गया। पनामा के झंडे वाला मालवाहक जहाज 'ओसियन विनर' गहरे समुद्र में डूब गया। जहाज पर सवार 24 सदस्यीय चालक दल में से दो लोगों को भारतीय तटरक्षक बल (क्क्रत्र) और नौसेना ने लाइफ राफ्ट से सुरक्षित निकाल लिया, जबकि 22 सदस्य अब भी लापता हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जहाज ओडिशा के एक बंदरगाह से लौह अयस्क लेकर सिंगापुर के लिए रवाना हुआ था। समुद्र में आगे बढ़ने के दौरान अचानक जहाज का संतुलन बिगड़ा और वह डूबने लगा। कुछ ही समय बाद जहाज से संपर्क टूट गया। हादसे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। जहाज पर कुल 24 चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें 20 चीनी, तीन म्यांमार और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल था। हादसे की सूचना मिलते ही भारतीय एजेंसियों ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। दो सदस्यों को लाइफ राफ्ट से सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि बाकी सदस्यों की तलाश लगातार जारी है।

तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमांडेंट अमित उनियाल के अनुसार, लापता चालक दल के सदस्यों की तलाश के लिए श्री विजयपुरम (पूर्व में पोर्ट ब्लेयर) से दो विशेष बचाव पोत घटनास्थल की ओर रवाना किए गए हैं। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के टोही विमान तथा पोत समुद्र में व्यापक सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

अधिकारियों के मुताबिक समुद्र में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद अभियान को तेज किया गया है। राहत एवं बचाव दल लापता नाविकों का पता लगाने के लिए संभावित क्षेत्रों में लगातार तलाशी ले रहे हैं।

### भाजपा की राष्ट्रीय संगठनात्मक बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नई राष्ट्रीय टीम की पहली बड़ी संगठनात्मक बैठक के दूसरे दिन भी रविवार को चुनावी राज्यों की तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी के विस्तार और देश भर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

पार्टी मुख्यालय में रविवार को आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने की। बैठक में महामंत्री बी एल संतोष, तरुण चुग, विनोद तावड़े, स्मृति ईरानी, सहित कई पदाधिकारियों के साथ राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने भी सहभागिता की।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार, 23 अगस्त 2026 को महाराष्ट्र के पुणे में छत्रपति शाहू महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। - छाया तरुणमित्र

### स्थगन के 10 दिन बाद भी सत्रावसान नहीं, जयराम ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने लोकसभा के मानसून सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के 10 दिन बाद भी सदन का सत्रावसान नहीं किए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्या केंद्रीय गृहमंत्री परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को विशेष सत्र में पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश ने रविवार को एक्स पोस्ट में कहा कि आम तौर पर लोकसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने और उसके सत्रावसान के बीच दो से चार दिन का अंतर होता है। हालांकि, कई मौकों पर दोनों प्रक्रिया एक ही दिन हुई हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुए 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इसके सत्रावसान की कोई जानकारी नहीं है।

### छह लाख राइफलों की खेप से बदलेगी सेना की मारक क्षमता और रक्षा उत्पादन की तस्वीर

# अमेठी में गूंजी 'शेर' की दहाड़, आत्मनिर्भर हुआ सेना का हथियार



विवेक श्रीवास्तव

**लखनऊ, 23 अगस्त।** कभी रूस से तकनीक लेकर भारत में एके-203 बनाने की शुरुआत हुई थी। अब उसी सफर ने ऐसा पड़ाव हासिल किया है, जो देश के रक्षा उत्पादन के लिए कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा में पहली बार पूरी तरह भारतीय पुर्जों और कच्चे माल से बनी एके-203 'शेर' असॉल्ट राइफल का सफल परीक्षण किया गया है। यानी जिस राइफल की शुरुआत भारत-रूस संयुक्त परियोजना के रूप में हुई थी, उसका उत्पादन अब पूर्ण स्वदेशीकरण की दिशा में पहुंच गया है।

यह उपलब्धि केवल एक नई राइफल के तैयार होने तक सीमित नहीं है। असली बदलाव उस उत्पादन व्यवस्था में है, जिसमें राइफल के हर हिस्से और उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री को भारतीय उद्योग से हासिल करने का दावा किया गया है। इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक मेजर जनरल एसके शर्मा के अनुसार, पहली पूरी तरह स्वदेशी 'शेर' का निर्माण और फायरिंग परीक्षण सफल रहा है। अब सितंबर में सेना के उपयोगकर्ता परीक्षण के लिए जरूरी संख्या में स्वदेशी प्रोटोटाइप तैयार किए जा रहे हैं।

एके-203 परियोजना की शुरुआत भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से हुई थी। कोरवा में स्थापित संयंत्र में इसका उत्पादन 2023 में शुरू हुआ। शुरुआती दौर में राइफल के कई महत्वपूर्ण हिस्सों के लिए विदेशी तकनीक और आपूर्ति पर निर्भरता थी। धीरे-धीरे भारतीय कंपनियों को उत्पादन श्रृंखला में जोड़ा गया और ■ शेष पेज 15 पर

### मेक इन इंडिया

- रूस से तकनीक लेकर शुरू हुआ सफर अब पूरी तरह भारतीय पुर्जों तक पहुंचा
- हर 100 सेकंड में एक राइफल बनाने की तैयारी, सितंबर में सेना करेगी परीक्षण
- पुरानी इंसास की जगह लेगी 'शेर', 800 मीटर तक प्रभावी मारक क्षमता

### खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डल्ला से जुड़े चार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कनाडा भेजी जा रही अफीम की खेप पकड़कर कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ-आतंकवाद नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, जांच में खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला से जुड़े कथित आतंक वित्तपोषण नेटवर्क का भी पता चला है।

मामले की शुरुआत सात फरवरी को हुई, जब पुलिस को सूचना मिली कि मोती नगर स्थित एक कूरियर कंपनी से कनाडा भेजे जाने वाले पार्सल में आम और घरेलू सामान के नीचे नशीला पदार्थ छिपाया गया है। तलाशी में पार्सल के विशेष रूप से बनाए गए नकली निचले हिस्से से 2.998 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में छापेमारी की गई। पुलिस ने दो अन्य निर्यात खेप भी पकड़ीं। एक पार्सल से 921 ग्राम और दूसरे से 1,196 ग्राम अफीम बरामद हुई। एक आरोपित के कब्जे से 23 ग्राम अफीम भी मिली। इस तरह कुल बरामदगी 5.138 किलोग्राम रही। पुलिस के मुताबिक कनाडा के अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपये है।

अपराध शाखा ने बताया कि जांचकर्ताओं ने केवल बरामदगी तक सीमित न रहकर पूरी कूरियर श्रृंखला, आरोपितों के डिजिटल उपकरणों, वित्तीय लेनदेन और तकनीकी सुरागों की पड़ताल की।

# फर्जी कंपनियां बनाकर 100 से अधिक निवेशकों से करोड़ों की ठगी का आरोप

रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। फर्जी कंपनियां बनाकर 100 से अधिक निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पांच अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से निवेशकों को भरोसे में लेकर करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम हड़प ली गई। मामले में दिल्ली के एक ही परिवार के आठ सदस्यों समेत 15 लोगों को नामजद किया गया है।

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने निवेशकों का विश्वास जीतने के लिए कंपनियों के नाम से बॉन्ड तक जारी किए थे। आरोप है कि नीलम गुप्ता और शिवजी गुप्ता समेत उनके परिवार के सदस्यों द्वारा इन कंपनियों के संचालन में भूमिका निभाई जा रही थी। निवेशकों को कंपनी में रकम लगाने पर बेहतर रिटर्न का भरोसा दिलाया गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जमा पूंजी निवेश कर दी। पीड़ित के अनुसार, रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। मामले में पुलिस से शिकायत के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद मिल एरिया पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में 15 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान कंपनियों, निवेशकों से ली गई रकम, जारी किए गए बॉन्ड और आरोपियों की भूमिका से संबंधित साक्ष्य जुटाए जाएंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर घायल

खीरों, रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। थाना खीरों क्षेत्र के सेमरी चौराहा स्थित उन्नाव-लालगंज नेशनल हाईवे पर शनिवार देर रात सड़क पर अचानक आए मवेशी से बाइक टकराने पर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बहरामपुर, लालगंज निवासी अजय सिंह (26) पुत्र डिप्टी सिंह अपनी नानी के घर ईदेमऊ, जिला उन्नाव से बाइक से लालगंज जा रहे थे। रात करीब 11 बजे सेमरी चौराहा पहुंचने पर अचानक सड़क पर आए मवेशी से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर लगने से अजय सिंह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मिड-डे मील रसोइयों का किया सम्मान



● कैशलेस चिकित्सा कार्ड भी बांटे

रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। विकास खंड सभागार हरचंदपुर में प्रधानमंत्री पोषण योजनान्तर्गत कार्यरत मिड-डे मील रसोइयों के सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रसोइयों का सम्मान किया एवं कार्यक्रम को सम्बोधित किया। प्रदेश 3.54 लाख रसोइयों के अमूल्य योगदान को सम्मान देते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने उनके हित एवं कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। अब रसोइयों के मानदेय में 1,000 की बढ़ोत्तरी, 2 लाख तक का दुर्घटना बीमा, 5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा तथा साड़ी के लिए प्रतिवर्ष 1,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

मिड-डे मील रसोइयों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और संबल सुनिश्चित करने वाले इन जनकल्याणकारी निर्णयों के लिए रायबरेली की जनता एवं समस्त रसोइयों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार एवं अभिनंदन। विद्यालयों में बच्चों तक पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण और समय पर भोजन पहुंचाने में मिड-डे मील रसोइयों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने परिश्रम और सेवाभाव से वे प्रतिदिन लाखों बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## रसोइयों के मानदेय में बढ़ोतरी, पांच लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा



रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। रतापुर सामुदायिक केंद्र के सभागार में प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत कार्यरत मिड-डे मील रसोइयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सदर विधायक अदिति सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने रसोइयों को सम्मानित किया। सदर विधायक ने कहा कि रसोइयों के कल्याण के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। अब रसोइयों के मानदेय में एक हजार रुपये की बढ़ोतरी, दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा, पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा और साड़ी के लिए प्रतिवर्ष एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण और समय से भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की अहम भूमिका है। उनके परिश्रम से लाखों बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने सरकार के फैसलों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# सावन में शिवमय हुआ सलोन, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा नगर

सलोन, रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सावन के पावन महीने में पूरा सलोन शिवमय नजर आया। रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समाजसेवी चंद्रशेखर रस्तोगी के नेतृत्व में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

कांवड़ियों के हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कांवड़ यात्रा से पूर्व मानिकपुर मार्ग से सलोन बस स्टेशन तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सावन की फुहारों के बीच कांवड़िए हाथों में कांवड़ और भगवा ध्वज लेकर उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई और हर-हर महादेव के जयकारे लगाए गए।नगर के मनकामेश्वरी मंदिर पर कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, जय प्रकाश कौशल, जमुना साहू, अतुल अग्रहरी, दिनेश साहू, राकेश शर्मा, गुड्डू बेकरी, फाइन आर्ट रामेश्वर साहू, विमल स्वीट्स द्वारा श्रद्धालुओं और कांवड़ियों का स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की गई एवम फ्रूट जूस वितरित किया गया। इसके बाद शोभायात्रा सलोन-लालापुर मार्ग, दुर्गा पूजा पंडाल, सब्जी मंडी और बस स्टेशन होते हुए मानिकपुर गंगा घाट के लिए रवाना हुई। गंगाघाट पहुंचकर कांवड़ियों ने पवित्र जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान किया। पूरे यात्रा मार्ग में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया। सावन की बारिश के बीच निकली इस भव्य कांवड़ यात्रा ने नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में संयोजक विजय बहादुर यादव, सुनील साहू, विपिन कौशल, मुकेश शुक्ला, राकेश चंद्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रत्येक शिक्षक की समस्या हल कराना हमारा काम: राघवेंद्र

रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की मासिक बैठक कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के पद पर नागेंद्र सिंह को नामित किया गया। इसके साथ ही ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनावों पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक समर बहादुर सिंह ने की।



● जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की मासिक बैठक कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर में आयोजित हुई

● वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के पद पर नागेंद्र सिंह हुए नामित, पूर्व में रह चुके हैं डीसी

जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि जिला कार्यकारिणी के चुनाव के बाद यह बैठक सभी सदस्यों के परिचय की है। उन्होंने कहा कि बैठक में जिले में खाली चल रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर उपाध्यक्ष और पूर्व जिला समन्वयक रह चुके नागेंद्र बहादुर सिंह को नामित किया गया है। उनका यह अनुभव बहुत ही काम आएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिला कार्यकारिणी अपने ब्लॉकों में शिक्षकों को होने वाली समस्याओं से रूबरू कराएगी और जल्द ही उसके निराकरण का प्रयास भी किया जाएगा।

जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि जिला में चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न हो गई है। अब ब्लॉकों में भी कार्यकारिणी का चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए सभी ब्लॉकों में जल्द से जल्द चुनाव सम्पन्न करा लिए जाएं। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष नगर क्षेत्र शांति अकेला, महिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह, उपाध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, शिवकुमार सिंह, संजीव श्रीवास्तव, उत्तम सोनी व प्रमोद कुमार, मंत्री पन्नालाल, संयुक्त मंत्री रूपेश शुक्ला, रमेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, नीलम सिंह पटेल, लक्ष्मी सिंह, मेराज अहमद, शिव प्रताप मौर्य, सूर्य प्रकाश, राजेंद्र सिंह, लेखाकार अब्दुल हलीम, आय व्यय निरीक्षक रवि कुमार श्रीवास्तव, जनपदीय प्रवक्ता सुनील यादव और मीडिया प्रभारी गयामणि पाल सहित सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष व महामंत्री रहे।

## दीप जलाकर अश्वरोही प्रतिमा पर समिति के सदस्यों ने किया नमन

रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। राणा बेनी माधव बॉक्स सिंह की 222वीं जयंती के उपलक्ष में माधव बक्श सिंह की अश्वरोही प्रतिमा पर 222 दीप जला करके समिति के सदस्यों ने नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक अदिति सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डायट जेपी सिंह, हरिहर सिंह, रवींद्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, डॉक्टर जितेंद्र सिंह, सुधीर दुबे, राकेश भदोरिया, राजन कछवाह, रामराज सिंह, डॉ. आर एन सिंह, रणविजय सिंह गंगापारी, राघवेंद्र सिंह, रमेश सिंह, अजीत सिंह, हरीशानंद मिश्रा, डॉ. अभिषेक द्विवेदी, संतोष सिंह, बबलू केसरिया हनुमत शरण सिंह, डॉ. धनंजय सिंह, शिव कुमार सिंह, विवेक मिश्रा, संजीव सिंह, डॉ. अशोक कुमार सिंह, दुर्गेश मिश्रा, शिवम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिया गया एक्टिव लर्निंग का विशेष प्रशिक्षण

लालगंज, रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, लालगंज में सीबीएसई के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक्टिव लर्निंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना तथा कक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण, गतिविधि आधारित अधिगम, समूह कार्य, चर्चा एवं सहभागिता के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावशाली बनाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न गतिविधियों एवं अभ्यासों के माध्यम से नवीन शिक्षण तकनीकों को समझा। कार्यक्रम में सीबीएसई रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. ऋचा भार्गव प्रतापगढ़ एवं श्रीमती वीना पुरवार लखनऊ के द्वारा शिक्षकों को बताया गया कि एक्टिव लर्निंग के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान, आत्मविश्वास तथा विषय की गहन समझ विकसित की जा सकती है। प्रशिक्षण ने शिक्षकों को पारंपरिक शिक्षण पद्धति से आगे बढ़कर अधिक संवादात्मक एवं विद्यार्थी-केंद्रित वातावरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अलग-अलग विद्यालयों के आये हुए प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया तथा प्रशिक्षण में प्राप्त शिक्षण तकनीकों को कक्षा में लागू करने का संकल्प लिया।

# एम्स रायबरेली में गुणात्मक अनुसंधान, एनविवो 15 और एआई पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। एम्स रायबरेली के कम्युनिटी मेडिसिन और पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा 21-22 अगस्त, 2026 को 'क्वालिटेटिव रिसर्च एंड डेटा एनालिसिस यूजिंग एनविवो 15 एंड एआई' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में, उन्होंने स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान में गुणात्मक पद्धतियों (क्वालिटेटिव मेथोडोलॉजी) के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम गुणात्मक अनुसंधान के पूरे प्रवाह को कवर करता था, जिसमें मूलभूत सिद्धांतों, व्यावहारिक अभ्यासों और उन्नत विश्लेषणात्मक सॉफ्टवेयर का सहज मिश्रण शामिल था। वैज्ञानिक सत्रों की शुरुआत डॉ. मुकेश शुक्ला ने गुणात्मक अध्ययनों में निहित मुख्य सिद्धांतों, सिद्धांतों, नमूनाकरण (सैंपलिंग) रणनीतियों और नैतिक विचारों का परिचय देकर की।



डेटा प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ते हुए, डॉ. अभय सिंह ने प्रतिभागियों को साक्षात्कार गाइड से ट्रांसक्रिप्ट तक के सफर की जानकारी दी। इसके बाद डॉ. नीरज पवार ने गुणात्मक डेटा विश्लेषण, कोडिंग रणनीतियों और विषयगत व्याख्या (थीमैटिक इंटरप्रिटेशन) पर अपना सत्र प्रस्तुत किया।

अवधारणात्मक शिक्षण को मजबूत करने के लिए, प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव समूह गतिविधियों में भाग लिया, जहाँ उन्होंने शोध प्रश्न तैयार किए, साक्षात्कार गाइड बनाए और मॉक डेटा संग्रह सत्र आयोजित किए। प्रौद्योगिकी का एकीकरण इस कार्यशाला का एक प्रमुख आकर्षण था, जिसमें डॉ. सौरभ पॉल ने एनविवो 15 सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) मॉड्यूल का संचालन किया।

प्रतिभागियों ने कोडिंग संरचनाओं को समझना, एनोटेशन और सब-कोड बनाना, रिपोर्टिंग दिशानिर्देशों का पालन करना और विजुअल कॉन्सेप्ट, माइंड और प्रोसेस मैप तैयार करना सीखा। इसके अलावा, डॉ. भोला नाथ, विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने गुणात्मक अनुसंधान में एआई के अनुप्रयोगों और नैतिकता का परिचय दिया, जिसमें प्रतिभागियों को ट्रांसक्रिप्ट से थीम और सारांश उत्पन्न करने के लिए एआई टूल्स का उपयोग करने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, साथ ही मानव विश्लेषण के साथ एआई आउटपुट का तुलनात्मक मूल्यांकन भी किया गया।

कार्यशाला का समापन 22 अगस्त को प्रतिभागियों के साथ इंटरैक्टिव फीडबैक सत्र और प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ। इस पहल ने विभिन्न कॉलेजों के संकाय सदस्यों और रेजिडेंट डॉक्टरों को स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए आधुनिक पद्धतियों से सफलतापूर्वक लैस किया।

# पीडीए के साथ अन्याय कर रही सरकार: श्यामलाल पाल

रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र बछरावा के महाराज टाउन में समाजवादी पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन विधायक श्यामसुन्दर भारती के नेतृत्व में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार पीडीए समाज के लोगों के साथ भेदभाव अन्याय एवं उत्पीड़न कर रही है किसान मजदूर छात्र नौजवान दुखी एवं हताश है। किसानों को समितियों में डीएपी यूरिया खाद नहीं मिल रही है सरकारी ट्यूबवेल खराब पड़े हैं परंतु योगी सरकार को अन्नदाताओं की चिंता नहीं है। योगी राज में पेपर लीक का रिकॉर्ड बन चुका है छात्र नौजवान भविष्य को लेकर चिंतित एवं सड़कों पर आंदोलनरत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान दिया है उन्होंने उपस्थित हजारों लोगों का आह्वान किया कि आगामी चुनाव में पीडीए एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनायें।

प्रदेश महासचिव एवं विधायक अताउर्रहमान ने कहा कि बीजेपी हिंदू, मुस्लिम में भेद एवं नफरत फैलाने का खेल करती रही है लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे प्रदेश का आमजनमानस बीजेपी सरकार को बाहर करेगी।

सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि बछरावा विधानसभा क्षेत्र के साथ विधायक के साथ भाजपा सरकार सौतेला व्यवहार कर विकास कार्य अवरोधित रही है क्षेत्र का सर्वांगीण विकास समाजवादी पार्टी की अखिलेश यादव तत्कालीन मुख्यमंत्री की सरकार में हुआ था क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था कन्नावा, विशुनपुर, बेड़ारू, ओसाह, चंदापुर, शिवगढ़ में पॉवर हाउस, चंदापुर में 230 के.वी.सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर अठारह घंटे आपूर्त कर आमजनों को सहूलियत प्रदान किया साथ ही शिक्षा क्षेत्र में राजकीय पॉलिटेक्निक, इंटर कॉलेज बनाये एवं अनेकों बड़े मार्गों की स्थापना करायी परंतु भाजपा सरकार में कोई जनहित की परियोजना नहीं बनायी। क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में बछरावाँ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उत्साहित एवं सक्रिय है बीजेपी सरकार विकास कार्यों में अवरोध पैदा कर सकती है परंतु आगामी चुनाव में पीडीए के लोगों की एकजुटता से सपा रिकार्ड मतों से इसबार जीत हासिल करेगी।

समाजवादी पीडीए सम्मेलन को विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, विधायक राहुल लोधी, प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी, डा. शशिकांत शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, हसीन अहमद, मेहरबान सिंह, राजेश मौर्य, प्रदेश सचिव दिनेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष समर बहादुर यादव, भानू प्रकाश पटेल, देशराज यादव, जिला सचिव प्रमोद पटेल, वीरेंद्र बहादुर, राजेश यादव, राजकुमार लोधी ने संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी की नीतियों विचारधारा पर विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को छोटेलाल यादव, डा. अखिलेश पासी, जिला पंचायत सदस्य आलोक यादव जितेंद्र यादव, आशीष चौधरी, उदय सिंह यादव, अरुण प्रताप यादव, धीरेंद्र राजू, शोभनाथ वैश्य, फिरोज अहमद, शिवम यादव, अमित त्रिपाठी, आदर्श भारती, मो. मुशीर श्रवण आजाद, हरीश चौरसिया, कमलाकर विक्रमादित्य, राममिलन गौतम, प्रदीप बाजपेयी, अखिलेश यादव, रामसनेही यादव, मुनेश्वर रावत, आशीष पटेल, आफताब आलम, बाबू यादव, प्रशांत लोहिया, वीरेंद्र यादव, ब्रजेश यादव, विनय यादव सहित अनेकों लोगों ने संबोधित किया।

# बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

खीरों, रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को पुलिस चौकी सेमरी क्षेत्र के खरगापुर गांव में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं, युवतियों और किशोरियों को महिला सुरक्षा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों के साथ ही सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सेमरी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह बुदेला ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। क्षेत्र में किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि दिखाई देने या उसकी जानकारी मिलने पर तत्काल 112 नंबर पर सूचना दें अथवा संबंधित थाने को अवगत कराएं। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सजगता और जागरूकता से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। महिला सिपाही प्रीती, शिवानी यादव, दीप्ती और कोमल वर्मा ने 1090, 181, 1076, 102, 1930, 101 और 1098 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर 1090 पर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और मातृशक्ति वंदन योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राजबहादुर सिंह, जगमोहन, मुकुल यादव, सत्यम, ग्राम प्रधान रीता वर्मा, संजय लोधी, रामशंकर, सुशील आदि मौजूद रहे।



# गंगा सेवक बाजपेयी की स्मृति में ऐहार में हुआ विशाल दंगल का भव्य आयोजन

लालगंज, रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। ग्राम ऐहार स्थित बाजार अखाड़ा में कीर्ति शेष गंगा सेवक बाजपेयी की स्मृति में समाजसेवी चंदन त्रिवेदी एवं समस्त ग्रामवासियों के नेतृत्व में रविवार को विशाल दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।दंगल में क्षेत्र खेल प्रेमियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को लंबी कूद और कुश्ती दो वर्गों में आयोजित किया गया था।आयोजक समाजसेवी चंदन त्रिवेदी ने बताया कि लंबी कूद प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में कराई गई। 14 वर्ष से ऊपर के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को रेंजर साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया, जबकि 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक उपहार एवं नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।इसी प्रकार 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की कुश्ती प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले नन्हे पहलवानों को उपहार और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेताओं को देखकर पूरे अखाड़े में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी सधोले प्रसाद शुक्ला और कमला शंकर बाजपेयी ने की। वहीं संचालन मंडल में पूर्व प्रादेशिक खिलाड़ी उमाकांत शुक्ल, समाजसेवी सधन त्रिवेदी और पूर्व खिलाड़ी विनय कुमार त्रिवेदी शामिल रहे। कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेता अनूप पांडे, भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, रविनंदन सिंह चौहान ने कहा कि दंगल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे से दूर कर खेलों से जोड़ना है। सभी वक्ताओं ने खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए आयोजक बंधुओं को बधाई भी दी।



# गरीब बच्चों के लिए नि:शुल्क लाइब्रेरी और जरूरतमंदों के लिए विधिक परामर्श केंद्र समय की जरूरत: कर्नल कमलेश चन्द्रा

रायबरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र/सन्त शिरोमणि गुरु रविदास मन्दिर, रफी नगर रायबरेली में आश्रम के विकास, सुचारू संचालन तथा आगामी माघ पूर्णिमा 2027 को सतगुरु रविदास जी की 650वीं जयंती भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर आश्रम व्यवस्थापकों की कोर टीम, अम्बेडकरवादी, बहुजनवादी, संविधान पसंद, समतावादी धम्म बंधुओं एवं रविदास अनुयायियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आश्रम के संचालक एवं संरक्षक श्रद्धेय कर्नल कमलेश चन्द्रा जी ने की, जबकि संचालन आश्रम के संयोजक राजेश कुरील ने किया।

बैठक में आश्रम के मुख्य व्यवस्थापक इंजी. एस.के. आर्या ने विगत दो वर्षों में आश्रम में किए गए विकास कार्यों तथा आय-व्यय से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं आश्रम के सह-संयोजक विमल किशोर सबरा ने आगामी माघ पूर्णिमा पर सतगुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूरे जनपद में गांव-गांव कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने श्रावण पूर्णिमा से रविदास जी की झांकियां एवं यात्राएं निकाले जाने का भी सुझाव दिया।



बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं आश्रम के संचालक/संरक्षक कर्नल कमलेश चन्द्रा ने कहा कि बाबू बैजनाथ कुरील रायबरेली के प्रथम सांसद थे और उन्होंने अपने जीवन को गरीब, वंचित एवं शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने गरीबों, वंचितों एवं भूमिहीनों के हित में कार्य करने के साथ ही समाज के छात्रों की शिक्षा और बेरोजगारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए। कर्नल कमलेश चन्द्रा ने कहा कि बाबू बैजनाथ कुरील के अथक प्रयासों से सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक एवं वैवाहिक कार्यक्रमों के संचालन के लिए जिला प्रशासन से वर्ष 1958 में भूमि आवंटित करकर रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र की स्थापना कराई गई थी। उनके कार्यों और सपनों को आगे बढ़ाना आज समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, समाज के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क लाइब्रेरी तथा गरीब, असहाय एवं पीड़ित पुरुषों-महिलाओं के लिए नि:शुल्क विधिक परामर्श केन्द्र संचालित किया जाना आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आश्रम को सामाजिक, शैक्षिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र बनाने की दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने आगामी माघ पूर्णिमा 2027 में सतगुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने तथा उनके विचारों और निर्गुण भक्ति की शिक्षाओं को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में वीरेन्द्र कुरील, नरेन्द्र कुरील, चन्द्र शेखर बौद्ध, रामेश्वर सिंह मौर्य, हरिप्रसाद शास्त्री, सुनीता अम्बेडकर, एडवोकेट रामेश्वर भारती, एडवोकेट श्रेयांश चंद्रा, सत्येश गौतम, एन.के. स्वामी, राम कुमार, विजय भीम, मास्टर श्रीराम वर्मा सहित दर्जनों रविदास अनुयायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने आश्रम द्वारा समाजहित में संचालित किए जाने वाले शैक्षिक, सामाजिक एवं विधिक सहायता संबंधी कार्यों को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं को फ्री यात्रा कराएगा परिवहन निगम

## नशामुक्त एवं निर्धारित गति सीमा में वाहनों का संचालन सुनिश्चित करें : दयाशंकर सिंह

लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने रक्षाबंधन पर्व-2026 पर महिलाओं को फ्री यात्रा मुहैया कराने के लिए सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही रक्षा बंधन पर्व के लिए संचालित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के उत्तम रख-रखाव तथा चालकों के नशामुक्त संचालन के संबंध में परिवहन विभाग/निगम के अधिकारियों को निर्देशित भी किया है।

रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों, की अत्यधिक आवाजाही को दृष्टिगत



रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन के सुरक्षित एवं सुचारु संचालन के लिए तैयारी करें एवं सरकार द्वारा जारी निर्देशों /गाइडलाइन

### चालक ओवर स्पीडिंग न करने पाएं: परिवहन मंत्री

परिवहन मंत्री ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा, रूट डायवर्जन तथा यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी इस बात की अवश्य जांच करें कि चालक वाहन निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाए, ओवरस्पीडिंग न करे। माल वाहनों अथवा ट्रैक्टर-ट्रॉली में यात्रियों के अनधिकृत परिवहन, अत्यधिक ध्वनि वाले डीजे सिस्टम, वाहन की मूल संरचना में अवैध परिवर्तन तथा ओवरलोडिंग/ओवरस्पीडिंग के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाए।

का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

समस्त बसों की फिटनेस एवं तकनीकी स्थिति का पूर्व में भली-भांति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बस खराब अथवा असुरक्षित स्थिति में संचालित न हो। निगम की बसों के चालक, परिचालक एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी पर तैनाती से पूर्व जांच सुनिश्चित की जाए तथा यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी चालक या परिचालक किसी भी प्रकार के नशे की हालत में ड्यूटी पर उपस्थित न हो। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी फील्ड में तैनात रहें एवं रक्षाबंधन के अवसर पर संचालित होने वाली निजी (प्राइवेट) बसों के संचालक/ऑपरेटर अपने समस्त चालकों एवं परिचालकों का आवश्यक पुलिस/चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से करा लें तथा सत्यापन संबंधी अभिलेख सुरक्षित रखें।

रक्षाबंधन के अवसर पर संचालित होने वाली टैक्सी एवं ई-रिक्शा के संचालक/ऑपरेटर भी अपने चालकों का आवश्यक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें तथा केवल सत्यापित एवं सक्षम चालकों द्वारा ही वाहनों का संचालन कराया जाए।

# पीजीआई में शपथ ग्रहण 23 सितंबर को

लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। पीजीआई के एससी व एसटी एंप्लाइज वेलफेयर का शपथ ग्रहण 23 सितंबर को किया जा रहा है। ये जानकारी संगठन के हरीश जयंत पूर्व अध्यक्ष ने दी। उन्होंने बताया बैठक में आगामी शपथ ग्रहण समारोह एवं कर्मचारी मिलन समारोह के आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को कर्मचारियों की सहभागिता वाला बनाने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 23 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम केवल शपथ ग्रहण समारोह तक सीमित न होकर



पीजीआई में कार्यरत समस्त एससी और एसटी कर्मचारियों के मिलन समारोह के रूप में भी आयोजित किया जाएगा।

इसका उद्देश्य संगठन से जुड़े नए एवं पुराने साथियों के बीच संवाद, आत्मीयता, सहयोग एवं संगठनात्मक जुड़ाव की भावना को और मजबूत करना है। इस दौरान बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य रहे। बैठक में हरीश जयंत – पूर्व अध्यक्ष, मंजू सिंह– पूर्व महामंत्री, सविता वर्मा– महामंत्री, राज कुमार–नवनिर्वाचित अध्यक्ष, शशांक शेंडे–चुनाव अधिकारी, राजेश कुमार, अरविन्द कुमार, पवन कुमार, राजेश कुमार जैसवार, सीमा संगठन मंत्री व सुनील कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'द राइडिंग चैप्टर्स' के दूसरे संस्करण का आगाज

लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। बौद्ध विरासत के केंद्र सारनाथ, ऐतिहासिक चुनारगढ़ और मानसून में अपनी रंगत में नजर आने वाले देवदरी व राजदरी जलप्रपात अब एडवेंचर टूरिज्म के नए आकर्षण के रूप में उभरेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन ने इन स्थलों को जोड़ते हुए युवाओं और बाइकिंग के शौकीनों के लिए खास वीकेंड यात्रा तैयार की है।

शनिवार को 'द राइडिंग चैप्टर्स' के दूसरे संस्करण के तहत 80 बाइक सवार लखनऊ से दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। 'विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश' अभियान के जरिए पर्यटन विभाग का प्रयास प्रदेश के उन समृद्ध लेकिन अपेक्षाकृत कम चर्चित (अल्पज्ञात) स्थलों को नई पहचान दिलाना है, जो अब तक मुख्यधारा के पर्यटन सर्किट का हिस्सा नहीं बन सके हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन



विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार ने सुबह 8 बजे लखनऊ स्थित 1090 चौराहे से दो दिवसीय बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी प्रफुल्ल कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। सुल्तानपुर और जौनपुर होते हुए बाइकर्स का दल बौद्ध स्थली सारनाथ पहुंचेगा। इसके बाद चुनार की ओर बढ़ेगा। इस तरह यह यात्रा पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को करीब से जानने-समझने का अवसर भी देगी। गंगा नदी के किनारे बसा ऐतिहासिक चुनारगढ़ इस यात्रा का अहम पड़ाव है।

शेरशाह सूरी से लेकर मुगल और ब्रिटिश शासनकाल तक के दौर का साक्षी रहा यह किला अपनी विशाल पत्थर की दीवारों, सामरिक महत्व और गंगा तट पर बसे भव्य स्वरूप के लिए जाना जाता है। स्वयं में इतिहास की कई परतों को समेटे चुनारगढ़ विरासत का अहम प्रतीक है, जहां पर्यटन की संभावनाओं को और विस्तार देने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अपने संबोधन में यूपीएसटीडीसी के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार ने कहा कि 'प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी और सुरक्षित यात्रा का माहौल पर्यटन के नए और अल्पज्ञात स्थलों तक पहुंच को आसान बना रहा है।

# किडनी की बीमारी के बारे में किया जागरूक

लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। आज दुनिया में बहुत तेजी के साथ किडनी के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है भौतिकतावाद के युग में गलत खानपान, स्वास्थ्य के प्रति सचेत न होना, अधिक तनाव लेने के कारण किडनी की समस्या से लोग ग्रसित होते जा रहे हैं। किडनी से पीड़ित व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए हरी सब्जियों का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए नींबू का पानी नारियल का पानी कैन बेरी जूस और ताजे फलों का सेवन करना चाहिए।

यह बात आज डॉ राम मनोहर आयुर्वैदिक संस्थान नेफ्रोलॉजी की प्रोफेसर डॉक्टर नमता राव ने कहीं। उन्होंने कहा कि हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह, गलत खानपान, दर्द निवारक दवाइयां का अधिक सेवन के कारण किडनी खराब होती है।

किडनी की रोगियों को शुरूआत के दिनों में एहसास नहीं होता है कि वह इतनी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। धीरे-धीरे जब किडनी विषैला तत्वों को शरीर से निकलने में सहायक सिद्ध नहीं होती है तो डायलिसिस के माध्यम से किडनी के रोगियों के विषैला तत्व को निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। श्रीमती राव ने कहा की किडनी रोगियों को टखनों पैरों में सूजन हो जाती है बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होती है। पेशाब के रंग में परिवर्तन होता है और बहुत कम मात्रा में पेशाब होने लगती है भूख नहीं लगती है और हमेशा उल्टी का एहसास होता है।

## बाबा श्याम के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। श्री श्याम परिवार द्वारा श्री श्याम मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग में भव्य झूल उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे और मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि झूल उत्सव के अवसर पर श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार, मनमोहक झांकी एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भजन गायक पवन मिश्रा एवं अनुष्का मिश्रा ने खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भजन संध्या में हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे, खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है, श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, मेरे श्याम से मिलने की आस लगी है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, डेढ़ साल पहले भाई ने गंवाई थी जान

लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र में रोड एक्सीडेंट में 10वीं के छात्र की मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ इकाना स्टेडियम से मैच देखकर लौट रहा था। तभी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक की मौत हो गई, जबकि दो का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।

जिस छात्र की मौत हुई, उसके बड़े भाई की डेढ़ साल पहले एक्सीडेंट में ही मौत हुई थी। मूलरूप से लखीमपुर खीरी के रहने वाले जयकरन लखनऊ के सरोज विहार मुलायमनगर में परिवार के साथ रहकर कारपेंटर का काम करते हैं। जयकरन ने बताया कि उनका बेटा हर्ष (16) प्राइवेट स्कूल में 10वीं की छात्र था। 22 अगस्त को मोहल्ले में रहने वाले दोस्त आदर्श और गोविंद के साथ इकाना स्टेडियम मैच देखने गया था। वहां से लौटते समय रात करीब 10:30 बजे उससे फोन पर बात हुई।

देर रात बाहर जाने और बाइक ले जाने को लेकर डांटा और जल्द घर आने की बात कही। इसके बाद करीब 45 मिनट बाद पुलिस से हादसे की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि जी-20 रोड पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे हर्ष की मौत हो गई जबकि अन्य दोस्तों का इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, शुरुआती जांच में बाइक अनियंत्रित होकर घटना मालूम पड़ रही है।

# रसोइयों का सम्मान कर बांटे गए परिधान, हेल्थ कार्ड

## कलक्ट्रेट में सम्पन्न हुआ मुख्य कार्यक्रम, राज्यमंत्री रहे मौजूद

सीतापुर/लहरपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री द्वारा रसोइया कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ देने हेतु किए गए योजना के श्रीगणेश कार्यक्रम का प्रसारण व रसोइया सम्मान समारोह कलक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री सुरेश राही, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी, शिक्षक एमएलसी प्रतिनिधि पंकज पांडे, डीएम डा. राजागणपति आर, सीडीओ डा. दीक्षा जोशी, बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

लाइव प्रसारण देखने के बाद जनपद के पांच रसोइयों को परिधान किट, बढ़े मानदेय की प्रतीकात्मक चेक व कैशलेस चिकित्सा कार्ड दे कर



सम्मानित किया गया। सूक्ष्म जलपान कराने के बाद सभी के प्रति आभार प्रदर्शन बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल ने किया।

लहरपुर में बेहटा प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा झल्लर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय कुमार वर्मा, जिला मंत्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख लहरपुर उमाशंकर वर्मा व बीईओ की मौजूदगी में रसोइयों को सम्मानित किया गया। उन्हें परिधान, प्रतीकात्मक चेक व हेल्थ कार्ड वितरित किया गया।

इस मौके पर पंकज वर्मा, पवन मित्तल, संदीप कुमार, ऋषिकेश बाजपेई, तरुण कुमार, एसपी सिंह, सुशील पाण्डेय, तुफैल अहमद, कामरान खान, अजातशत्रु, सुशांत सिंह आदि मौजूद थे।

### खाली पड़े घर से लाखों की चोरी

महमूदाबाद/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी अमित पुत्र विशंभर गत दिवस फैजाबाद गए थे। उनकी पत्नी रुचि वर्मा पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। अमित के खाली पड़े घर को बदमाशों ने निशाना बना कर दो अलमारियों से 50 हजार की नकदी व जेवर समेत करीब डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी कर ली। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने जांच करने की बात कही है।

### शिविर लगा कर विधायक ने सुनीं समस्याएं

अटरिया/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। ग्राम परेवाजाल में विधायक मनीष रावत ने शिविर लगा कर जन सुनवाई की। इसमें बीडीओ, नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल, पंचायत सचिव व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में मौजूद ग्रामीणों से विधायक ने सीधे संवाद किया व उनकी बिजली, राजस्व, सड़क, विकास कार्य, स्वास्थ्य व अन्य जनसमस्याएं सुनीं। बिजली की समस्या पर विधायक ने एसडीओ को फटकारा व बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।

# बदहाली का शिकार है दो दर्जन गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग

तम्बौर/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। तम्बौर कस्बा स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोल पंप के पास से गुजरती सड़क दो दर्जन गांवों को जोड़ती है। परन्तु यह सड़क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। इस मार्ग पर लगभग दर्जन भर प्लाईवुड फैक्ट्री व आरा मशीनें संचालित हैं। हजारों राहगीर, सैकड़ों वाहन, छात्र-छात्राएं व मजदूर इस पर निकलते हैं।

क्षेत्रीय किसान व पूर्व जिप सदस्य प्रभात वर्मा ने कहा कि अभी अक्टूबर माह से किसानों का गन्ना भी इसी रास्ते से हो कर गुजरेगा। मार्ग की जर्जर हालत दुर्घटनाओं को जन्म ही नहीं बल्कि उन्हें बढ़ावा भी



दे रही है। क्षेत्रीय सांसद राकेश राठौर, विधायक अनिल कुमार वर्मा व एमएलसी जासमीर अंसारी जैसे दिग्गज भी इस मार्ग की अनदेखी से अनजान बने हैं। इनकी विकास निधि इस मार्ग पर कभी न बरस सकी। लकड़ी व्यापार का हब व उद्यम का केन्द्र तम्बौर इसके अलावा भी तमाम मुख्य मार्गों की बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है। मामले पर नगर पंचायत के ईओ सुभाष चन्द्र सिंह ने इस रोड के पीडब्ल्यू के अधिकार क्षेत्र में होने की बात कही व बताया कि इस दिशा में लोनिवि से पत्राचार किया गया है।

# अफवाहों पर न दें ध्यान, जनपद में है चीनी का पर्याप्त स्टॉक

## डीएम के निर्देश पर सभी तहसीलों में चीनी की उपलब्ध मात्रा का हुआ सत्यापन

सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। डीएम डा. राजागणपति आर ने जनपदवासियों को आश्वस्त किया है कि वह सोशल मीडिया प्लेटफार्म समेत अन्य माध्यमों से चीनी को ले कर फैलायी जा रही अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में चीनी का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है।

आमजन अपनी जरूरत के सापेक्ष आसानी से खुले बाजार से चीनी खरीद सकता है। इस दिशा में डीएम चीनी के थोक विक्रेताओं के स्टाक की नियमित निगरानी कर उसका सत्यापन भी कर रहा है। डीएम के निर्देश पर संबंधित एसडीएम, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक व मंडी सचिव प्रत्येक तहसील में चीनी के थोक विक्रेताओं के गोदामों का सत्यापन कर चुके हैं।

सत्यापन के बाद सदर तहसील में गौरव डिस्ट्रीब्यूटर्स के यहां 450 कुंतल, यश इंटरप्राइजेज के यहां 410 कुंतल, महमूदाबाद में धनीराम ट्रेडिंग कंपनी सदरपुर के यहां 29 कुंतल, आमिर ट्रेडिंग कंपनी के यहां 125 कुंतल, न्यू इंडिया ट्रेडिंग कंपनी के यहां 72 कुंतल, बिसवां में रमेश स्टोर्स के यहां 453 कुंतल, सक्षम ट्रेडिंग कंपनी के यहां 350 कुंतल, मिश्रिख में महेश्वरी ट्रेडिंग कंपनी के यहां 341.50 कुंतल, नैमिष अन्न भंडार के यहां 200 कुंतल, मां ग्यारसी ट्रेडिंग कंपनी के यहां 84.50 कुंतल तथा नैना ट्रेडर्स के यहां 230 कुंतल चीनी का स्टाक उपलब्ध पाया गया।

डीएम ने बताया कि सत्यापन किए गए प्रतिष्ठानों में कुल 2,744 कुंतल चीनी का स्टॉक उपलब्ध है। जनपद में चीनी की कहीं कोई कमी नहीं है। उन्होंने चीनी की अनावश्यक खरीदारी अथवा भंडारण न करने के निर्देश दिये हैं।

### डीएम ने की जांच

सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सीतापुर सदर के बड़े विलेखों की जांच के क्रम में जिलाधिकारी, उप निबंधक सीतापुर सदर ने तरीनपुर व विजयलक्ष्मी नगर के विलेखों की जांच की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# एकल शिक्षक के सहारे है जीआईसी सकरन

## जनप्रतिनिधियों व भाकियू टिकैत संगठन ने की शिक्षकों की तैनाती की मांग

सकरन/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। विकास खण्ड सकरन का राजकीय इंटर कालेज जो कि सकरन खुर्द में संचालित है, गत कई वर्षों से एकल शिक्षक के सहारे संचालित है। यहां विषय अध्यापकों, प्रवक्ताओं की नियुक्ति नहीं हुई है। इसके चलते गांजरी क्षेत्र में गरीब तबके के हजारों छात्र-छात्राएं निजी अध्यापकों से फीस दे कर ट्यूशन शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख मोल्हेराम, पूर्व जिप सदस्य मुर्तजा अंसारी व सुशील राज आदि ने बताया कि जीआईसी सांडा में हजारों बच्चे पढ़ते हैं फिर भी सरकार ने आज तक यहां शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की।

कालेज में शिक्षकों की तैनाती हेतु क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन को बार-बार अवगत कराया गया फिर भी यहां अध्यापकों की तैनाती नहीं की गई। प्रमुख प्रतिनिधि कृष्णकुमार वर्मा ने यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण विषय है। उधर इसी विषय को ले कर भाकियू (टिकैत) के जिला मीडिया प्रभारी शुभम रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने इस सरकारी स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग की है।

## डाक कांवड़ियों ने 30 किमी दौड़ कर किया अभिषेक

सकरन/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। डाक कांवड़ियों ने 30 किमी पैदल दौड़ कर बिसवां के पत्थर शिवाला मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सकरन के प्यारापुर के मजरा लालपुरवा स्थित त्यागी जी महाराज की कुटी के पास किवानी नदी से जल भर कर लाये डाक कांवड़ियों ने सकरन स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना की व पैदल दौड़ते हुए 30 किमी दूर बिसवां स्थित पत्थर शिवाला पहुंचे। इस मौके पर रामचंद्र नाग, विकास नाग, अमित वर्मा, प्रभात वर्मा, मधुरेश मिश्रा, पूरन त्रिवेदी, प्रियकुश वर्मा, राजाराम व पालू आदि कांवड़िया मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली

महमूदाबाद/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। कस्बे के ग्राम रमद्वारी में रविवार शाम करीब चार बजे गांव के किनारे लगे ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से विद्युत ट्रांसफार्मर के जंफर कट गए। प्रधान रिंकू मौर्या, नरेंद्र कुमार समेत पांच घरों के पंखे भी फुंक गए। सूचना पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने जंफर जोड़ कर गांव की आपूर्ति बहाल की।

### चोरों ने पार की लाखों की सम्पत्ति

महमूदाबाद/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर पड़रिया निवासी सुबोध वर्मा के घर बीती रात घर पीछे की पक्की दीवार में नकब लगा कर दाखिल हुए और अलमारी, लॉकर का ताला तोड़ कर सोने-चांदी के लाखों के जेवर व दो हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। घर अपने साथ घर में रखा 30 किलो मेंथा ऑयल भी उठा ले गए। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने जल्द चोरी का खुलासा करने की बात कही है।

### शिकायत पर किया पदमुक्त

महमूदाबाद/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। नपा परिषद के चेयरमैन आमिर अराफात से रंगदारी मांगने के आरोपी सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव को जिला संगठन की शिकायत पर प्रदेश अध्यक्ष ने पदमुक्त कर दिया है। युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि ने पत्र जारी कर बताया कि जिला संगठन की शिकायत पर महमूदाबाद के मोतीपुर के शिवेंद्र प्रताप यादव को सपा की युवजन सभा के प्रदेश सचिव के पद से मुक्त कर दिया गया है।

### मनचाही जमीन पर पंचायत भवन बनाने की जुगत में प्रधान

बेहटा/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। थाना क्षेत्र तम्बौर की ग्राम सिसैया दरियाना में जबरन घूरे के गड्ढे की भूमि पर कब्जा करने को ले कर पीड़ित त्रिभुवन पुत्र नन्हा ने डीएम को शिकायती पत्र दिया जिस पर एसडीएम बिसवां को जांच के आदेश दिये गए। एसडीएम ने जांच की तो पता चला कि इस भूमि पर कुछ ग्रामीणों ने अवैध तरीके से मकान भी बना लिए। इस गांव में घूरे के गड्ढे हेतु आरक्षित भूमि गाटा संख्या 542 पर प्रधान पंचायत भवन बनाने की फिराक में हैं। ग्रामीण इस पर दशकों से अपने घूरे डाल रहे हैं। इसके कुछ हिस्से पर मौजूदा प्रधान के ससुर पूर्व प्रधान प्रभुदयाल ने 1995 में एक हाल व छोटा पंचायत भवन बनाया था जिसे निजी उपयोग में लिया जाता रहा। भवन पूर्व प्रधान के घर से सटा है जो अब जर्जर हो चुका है। इस जर्जर भवन को ब्लाक स्तर ने धराशायी करा दिया। नये पंचायत भवन के निर्माण को लेखपाल सत्येन्द्र यादव ने गांव के उत्तर आबादी से सटी भूमि नवीन परती पर प्रस्ताव कर दिया। प्रधान राजकुमारी व उनके पति रामनरेश ने चुपके से सदस्यों व ग्रामीणों के हस्ताक्षर करा कर घूरे की भूमि की श्रेणी परिवर्तित करा ली व उस पर नया भवन बनाने की जुगत में लग गए। तहसीलदार बिसवां अनिल कुमार ने बताया कि वादी प्रतिवादी दोनों के शिकायती पत्रों की जांच की जा रही है। आख्या जिलाधिकारी को भेजी जाएगी जिस पर उन्हीं के स्तर से निर्णय होगा।

### निकाली डाक कांवड़ यात्रा

अटरिया/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सावन माह पर ग्राम बलवंतपुर के शिवभक्तों ने श्रद्धापूर्वक भव्य डाक कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा बालेश्वर महादेव मंदिर से चंद्रिका देवी माता मंदिर तक निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व 45 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चंद्रिका देवी माता मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन किया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

हरगांव/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। रविवार पूर्वान्ह हरगांव मुख्य चौराहे पर ट्रक और बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाइक सवार अंकित 25वर्ष निवासी करीमनगर सैदापुर थाना बघौली-हरदोई अपने साथी व एक ही जगह के निवासी देवानंद 30वर्ष के साथ लखीमपुर दवा लेने बाइक से जा रहे थे।

हरगांव मुख्य चौराहे पर तेज रफ्तार आ रहे ट्रक व सीतापुर की तरफ से आ रहे हरदोई निवासी अंकित की बाइक की टक्कर हो गई जिससे मौके पर ही अंकित की मौत हो गई। बाइक पर सवार देवानंद घायल हो गए जिन्हें तत्काल हरगांव सीएचसी भर्ती कराया गया वहां से उन्हें ट्रामा सेंटर ओयल-खीरी रेफर कर दिया गया। इस हादसे के बाद ट्रक




चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले कर मृतक के शव को पीएम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि इस बाबत तहरीर व पीएम रिपोर्ट मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## 501 लीटर गंगाजल ले कर लौटी डाक कांवड़

हरगांव/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। तृतीय श्री गौरीशंकर बाबा एक्सप्रेस डाक कांवड गत शाम सूर्यकुंड तीर्थ से शिवभक्तों द्वारा भगवान गौरीशंकर व नीलकंठ बाबा की पूजा अर्चना के साथ हर हर महादेव के जयकारों के साथ शुरू हुई। यह डाक कांवड़ बाइक से नगर भ्रमण के बाद महोली, मैगलगंज, जहानीखेड़ा, जंगबहादुरगंज, रौजा, शाहजहांपुर बरेली मोड़ होते हुए जलालाबाद से रात्रि में फर्रुखाबाद पांचाल गंगाघाट पहुंचेगी। सुबह स्नान व गंगा मैय्या का पूजन कर 501 लीटर पवित्र गंगा जल लाया जायेगा। डाक कांवड़ वहां से यह जल ले कर 170 किमी दूरी तय कर पुनः सूर्यकुंड तीर्थ लौटेगी और श्री गौरीशंकर भगवान का जलाभिषेक करेगी।

# मां के नाम पेंड़ लगाने की राज्यमंत्री ने की अपील

## नारायणी प्राइवेट आईटीआई परिसर में किया गया पौधरोपण

सिधौली/सीतापुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर स्थित नारायणी प्राइवेट आईटीआई परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते पहुंचे प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां की स्मृति और सम्मान में एक पौधा लगा कर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण बचाने के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। पूर्व एमएलसी राकेश सिंह ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक पौधे लगाने की अपील की। कालेज निदेशक संजीव शुक्ला ने सभी का स्वागत किया।

प्रबंधक रेखा शुक्ला ने आभार प्रकट किया। इस दौरान प्रधान रोहित सिंह, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह, सुरेश सिंह परमार, पूर्व प्रधानाचार्य डा. सुरेश तिवारी, ललित मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख रामबक्श रावत, पीयूष शुक्ला गोपाली, जितेंद्र सिकरवार, राजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य उत्सव द्विवेदी, अनुदेशक राजेन्द्र द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष कसमंडा सोनू शुक्ला व मंडल अध्यक्ष गोंदलामऊ सर्वेश रावत आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 24 अगस्त 2026
विक्रम संवत्- 2083, श्रावण शुक्ल पक्ष, द्वादशी

## न्यायालयों की घटती गरिमा!

भारतीय लोकतंत्र की तीन स्तंभों में न्यायपालिका सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्तंभ है। संविधान ने इसे स्वतंत्र, निष्पक्ष और गरिमामय बनाने का प्रावधान किया है ताकि नागरिकों को न्याय मिल सके और शासन की मनमानी पर अंकुश रहे। किंतु विगत कुछ वर्षों में न्यायालयों की गरिमा लगातार घटी हुई प्रतीत होती है। यह स्थिति न केवल न्याय व्यवस्था के लिए चिंताजनक है, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरा बन रही है। न्यायालयों की गरिमा में कमी के कई कारण हैं। सबसे प्रमुख है न्याय में देरी। लाखों मुकदमे वर्षों से लंबित पड़े हैं। आम आदमी को न्याय मिलने में इतना समय लगता है कि कई बार न्याय मिलना भी न्याय न मिलने के समान हो जाता है। 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड' की कहावत आज भारतीय अदालतों पर सटीक बैठती है। इससे जनता का विश्वास टूटता है और अदालतों की साख गिरती है। दूसरा बड़ा कारण है राजनीतिक हस्तक्षेप और विवादों में न्यायाधीशों का नाम आना। कभी-कभी उच्च पदों पर नियुक्तियों को लेकर विवाद, सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक पद स्वीकार करने की प्रवृत्ति, तथा कुछ मामलों में खुलेआम आलोचना और टिप्पणियां अदालतों की निष्पक्ष छवि को धूमिल करती हैं। मीडिया ट्रायल और सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाढ़ आना भी गरिमा को चोट पहुंचाता है। जब कोई विवादास्पद फैसला आता है तो बिना पूरी कार्यवाही समझे जनमत बना लिया जाता है। इससे न्यायाधीशों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। भ्रष्टाचार के आरोप, चाहे वे कितने भी कम हों, पूरे संस्थान की छवि खराब करते हैं। कुछ निचली अदालतों में रिश्वतखोरी की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। उच्चतर न्यायालयों में भी पारदर्शिता की मांग जोर पकड़ रही है। जब जनता को लगता है कि पैसा या पहुंच वाले लोग आसानी से राहत पा लेते हैं, तो सामान्य नागरिक न्याय व्यवस्था से दूर होता चला जाता है। न्यायालयों की गरिमा बनाए रखना स्वयं न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका तीनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। न्यायाधीशों को अपनी आचरण संहिता का कठोरता से पालन करना चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक पदों से दूरी बनाए रखना, सार्वजनिक टिप्पणियों में संयम बरतना और मामलों के निपटारे में तेजी लाना आवश्यक है। रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती, आधुनिक तकनीक का उपयोग, वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को बढ़ावा देना और मुकदमों की संख्या कम करने के लिए कानूनी सुधार जरूरी हैं। सरकार को भी न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए। बजट आवंटन, बुनियादी सुविधाओं में सुधार और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता से विश्वास बढ़ेगा। मीडिया और नागरिक समाज को भी जिम्मेदारी से व्यवहार करना होगा। आलोचना का अधिकार है, लेकिन सम्मानहीन भाषा और आधारहीन आरोपों से बचना चाहिए। न्यायालय केवल इमारत या कुर्सी नहीं हैं। वे संविधान के संरक्षक और आम आदमी की आखिरी उम्मीद हैं। यदि उनकी गरिमा गिरती रही तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ जाएगी। समय आ गया है कि सभी हितधारक मिलकर इस संस्था को उसकी पुरानी प्रतिष्ठा और गरिमा वापस दिलाएं। केवल तभी 'न्याय सबके लिए' का सपना साकार हो सकेगा और नागरिकों का विश्वास फिर से मजबूत होगा।

## हो गया अब खेल !



कृष्णेन्द्र राय

धरना और प्रदर्शन पर ।
हो गया अब खेल ।।
हुई चाल असफल ।
लगता होंगे फेल ।।
सेकनी थी जिसको ।
गया वो रोटी सेंक ।।
आए करने मदद ।
कार्य हो गया नेक ।।
फेर दिए वो पानी ।
है मेहनत बेकार ।।
शांत न होगी लगता ।
आगे भी तकरार ।।
रुक रूक कर बह रही ।
हवा ये सुहानी ।।
विषय जांच का है अभी ।
हुई कहां मनमानी ।।

### सूडोकु नवताल- 7896

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7895 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## जिनके घर शीशे के हों, वो दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकते



तनवीर जाफरी

**देश में इन दिनों छात्रों और युवा पीढ़ी अर्थात Gen Z के छिड़े घमासान के बीच Gen Z को ही केंद्र में रखकर कुछ ऐसे बयान सुनने में आ रहे हैं जिनकी न तो भाषा शालीन है न ही बयान देने वालों का व्यक्तित्व ही ऐसा है जिसे देश में शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता, जवाबदेही, भ्रष्टाचार, लोकतंत्र तथा संवैधानिक मूल्यों को लेकर संघर्षरत युवा पीढ़ी व छात्रों से जोड़ा जा सके।**

इस संबंध में सबसे दिलचस्प वाकयुद्ध बाबा रामदेव व फिल्म अभिनेत्री व भारतीय जनता पार्टी सांसद कंगना रनौत के बीच छिड़ा। इस वाक्युद्ध ने एक दूसरे की पोल पट्टी खोलकर रख दी। गौरतलब है कि बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले के विरोध में प्रदर्शन कर रही युवा पीढ़ी पर तीखी टिप्पणियां की थीं।

कंगना ने प्रदर्शनकारी युवाओं को 'गटर जनरेशन' कहकर संबोधित किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था कि Gen Z के आंदोलनों के वीडियो देखकर मुझे झटका लगा। मैंने अपनी जिंदिगी में इतना अजीब और इतना बुरा कुछ नहीं देखा है। इन्हें (युवा पीढ़ी को) किसने जन्म दिया है? कौन इनका पालन-पोषण कर रहा है? यह गटर की पीढ़ी है। कंगना ने प्रदर्शन के दौरान युवाओं द्वारा इस्तेमाल की जा रही भाषा को बेहद असभ्य और अमर्यादित बताया था। उन्होंने इसे 'उल्टी आने जैसा' व्यवहार करार दिया था। प्रदर्शनकारी छात्राओं और युवतियों पर निशाना साधते हुए कंगना ने कहा था कि इन लड़कियों का आचरण बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि 'यह लड़कियां भविष्य में अच्छी गृहिणी भी नहीं बन सकतीं।' कंगना ने केवल छात्रों को ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सवाल उठाया कि माता-पिता अपने बच्चों को ऐसे संस्कार कैसे दे सकते हैं, जो उन्हें सार्वजनिक रूप से इस तरह के अभद्र व्यवहार की अनुमति देते हैं?

कंगना रनौत के इस बयान की खासकर इसकी शब्दावली की चारों ओर घोर आलोचना की गयी। परन्तु सबसे तीखी प्रतिक्रिया योग गुरु एवं व्यवसायी बाबा रामदेव द्वारा एक टी वी चैनल पर इसी संबंध में पूछे गये एक सवाल पर दी गयी। जब बाबा रामदेव से कंगना के 'गटर जेनरेशन' वाले बयान पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कंगना की मानसिक स्थिति, उनकी योग्यता और उनके अतीत पर ही गंभीर सवाल उठा दिये। रामदेव ने कहा कि 'उनकी क्वालिफिकेशन (शिक्षा) क्या है? उनका बचपन कैसा रहा है? उनकी जवानी कैसी रही है? उनके पहले के कारनामे कैसे रहे हैं? मैं ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करना चाहता। किसी भी देश के जवानों को और जेन-जी को 'गटर' बोलना यह बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। यह गलत बात है और उनकी पार्टी (बीजेपी) को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।' हमेशा भाजपा सरकार की पैरवी करने वाले बाबा रामदेव के इस बयान को लेकर वैसे भी लोग आश्चर्यचकित हैं कि आखिर उन्होंने किस तरह सत्ता के विरोध में आवाज उठाने की हिम्मत जुटाई ? कुछ लोग तो उनके इस बयान की वजह से उन्हें राजनीति का 'मौसम विज्ञानी ' भी कहने लगे हैं। बहरहाल सवाल यह है कि रामदेव ने कंगना रानौत को लेकर इतने सारे सवाल एक साथ कैसे और किस आधार पर खड़े किये ? और क्या वजह थी कि रामदेव के इन सवालों से तिलमिलाकर कंगना को भी रामदेव पर तीखे जवाबी बाण छोड़ने पड़े?

दरअसल कंगना रनौत ने स्वयं अपने अनेक इंटरव्यू में अपने शुरूआती जीवन, चरित्र, नशे और संघर्षों को लेकर बेहद चौंकाने वाले और बेबाक बयान दिए थे। उनके ये बयान समय-समय पर सोशल मीडिया और मीडिया गलियारों में बड़े विवाद की वजह बने हैं। कंगना रनौत ने साल 2020 में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में उन्होंने खुलकर स्वीकार किया था कि वह एक समय पर ड्रग्स की लत का शिकार हो चुकी थीं। उन्होंने कहा था कि 'जब मैं घर से भागी थी, उसके डेढ़-दो साल के अंदर ही मैं एक फिल्म स्टार भी थी और एक 'ड्रग एडिक्ट' भी थी।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि शुरूआती दिनों में उनके एक 'मेंटॉर' जो बाद में प्रताड़ित करने वाले बन गए, उनकी ड्रिंक्स में नशीली चीजें मिलाकर देते थे ताकि वह पुलिस के पास न जा सकें। बाद में एक इंटरव्यू में उन्होंने स्पष्ट किया कि वे योग और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं की मदद से नशे की इस लत से बाहर आ पाईं। उसी 2020 के वीडियो में अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कंगना ने खुद को 'खतरनाक' बताया था। उन्होंने कहा था कि जब वह कम उम्र में घर से भागकर मुंबई आई थीं, तो बहुत गलत लोगों के चंगुल में फंस गई थीं। उन्होंने कहा था कि 'मेरी जिंदिगी में इतने स्कैंडल चल रहे थे और मैं ऐसे लोगों के हाथों में पड़ गई थी, जहां से सिर्फ मौत ही मुझे बचा सकती थी। यह सब मेरी जिंदिगी में तब हो रहा था जब मैं सिर्फ एक टीनेजर (किशोरी) थी। सोच लो, मैं कितनी खतरनाक हूँ!' कंगना ने यह भी बताया था कि उनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन जब उन्होंने मना किया तो उनके पिता ने उन्हें थप्पड़ मारा था, जिसके बाद उन्होंने घर छोड़ दिया। वह महज 15-16 साल की उम्र में बिना पैसों के घर से भागकर दिल्ली और फिर मुंबई आ गई थीं। वास्तव में कंगना की इस तरह की स्वीकारोक्ति को ही आधार बनाकर रामदेव ने उन्हें लेकर अनेक प्रश्न खड़े कर दिये। और प्रश्नों की उसी शब्दावली के अनुरूप ही कंगना ने भी रामदेव पर सीधा व्यक्तिगत प्रहार करते हुये कहा कि 'बाबा जी, मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में आप दिन में सपने मत देखिए। कोई सिर्फ अफवाहों और गॉसिप के आधार पर ही ऐसा अंदाजा लगा सकता है।' कंगना ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों वाले मामले की ओर इशारा करते हुये कहा कि 'कम से कम मुझे कभी झूठे या फर्जी मेडिकल दावों के लिए सुप्रीम कोर्ट से फटकार नहीं लगी है। मेरे दावे हमेशा ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं, न कि किसी अफवाह पर।' कंगना ने बाबा रामदेव को करारा जवाब देते हुए कहा, इसलिए आप मुझे चरित्र का पाठ मत पढ़ाइए। मेरा चरित्र आपसे कहीं ज्यादा बेहतर है, यहां कोई धोखाधड़ी/फ्रॉड नहीं पकड़ी गई है। कंगना द्वारा रामदेव इसतरह के शब्द बाण भी अकारण नहीं छोड़े गये। इसके पीछे रामदेव और उनकी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ विभिन्न अदालतों विशेषकर सुप्रीम कोर्ट और सरकारी प्राधिकरणों द्वारा की गई कई गंभीर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाइयां शामिल हैं। कभी सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को उन सभी दवाओं और उत्पादों के विज्ञापन और ब्रांडिंग करने से पूरी तरह रोक दिया, जो 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954' के तहत प्रतिबंधित बीमारियों को पूरी तरह ठीक करने का दावा करते थे कभी कोर्ट में लिखित आश्वासन देने के बावजूद भ्रामक विज्ञापन जारी रखने पर कोर्ट ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। कभी कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया और उनकी कानूनी टीम को कड़ी फटकार लगाई। तो कभी उन्होंने अदालत में बिना शर्त माफी मांगी अदालत ने महज दिखावा कहकर खारिज कर दिया था। यहाँ तक कि कड़े अदालती रुख के बाद पतंजलि को देश के प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में बड़े आकार में सार्वजनिक माफीनामा प्रकाशित करना पड़ा। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि रामदेव व उनका व्यवसाय भी दूध का धुला नहीं।

कुल मिलाकर कंगना रानौत हों या रामदेव दोनों ही अपने उज्जवल भविष्य के लिये चिंतित व संघर्षरत देश की युवा पीढ़ी के लिये आदर्श नहीं हो सकते न ही इनकी नसीहत या आलोचना युवाओं के पतन या उत्थान का कारण बन सकती है। हाँ युवा पीढ़ी के बहाने इनके बीच चले वाक्युद्ध से यह जरूर साफ हो गया है कि जिनके अपने घर शीशे के हों उन्हें दूसरों के घरों पत्थर हरगिज नहीं फेंकना चाहिये।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## साइलेंट हेल्थ क्राइसिस बन चुकी है नींद की कमी



बाल मुकुन्द ओझा

भारत में नींद की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। एक ऑनलाइन वैश्विक सर्वे की माने तो देश पर्याप्त नींद नहीं लेने के कारण स्वास्थ्य सम्बन्धी विकारों से जूझ रहा है। देश के लगभग 60 प्रतिशत लोग छह घंटे की नींद नहीं लेने के कारण विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे है। इनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल है।

सर्वे में भारत के 348 जिलों के 43 हजार लोगों को शामिल किया गया जिनमें 61 प्रतिशत पुरुष और 39 प्रतिशत महिलाएं थी। नींद की कमी धीरे-धीरे एक साइलेंट हेल्थ क्राइसिस बन चुकी है। पहले नींद को आराम या आदत माना जाता था, लेकिन अब शोध यह दिखाते हैं कि कम नींद का सीधा असर दिमाग, दिल, इम्यून सिस्टम और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की उभरती हुई समस्या बताया है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार लगभग हर तीन में से एक वयस्क रोजाना पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहा। भारत में किए गए एक बड़े सर्वे में पाया गया कि युवा वर्ग में यह समस्या सबसे अधिक बढ़ी है, जहां रात देर तक फोन का इस्तेमाल, ओवरवर्क, तनाव और अनियमित दिनचर्या नींद का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुके हैं। आजकल की खराब लाइफ स्टाइल, वर्क फ्रॉम होम, स्क्रीन से चिपटे रहने और काम के बढ़ते दबाव के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल चुकी है।

बदलते वर्किंग स्टाइल के कारण लोगों के पास पर्याप्त नींद लेने का समय भी नहीं बचता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिसर्च बताती है कि जो लोग 5 घंटे से कम सोते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा 30-40 फीसदी बढ़ जाता है। नींद की कमी शरीर में सूजन बढ़ा देती है, जिससे ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल गड़बड़ा सकते हैं। कई डॉक्टर बताते हैं कि नींद की कमी मोटापे को भी बढ़ाती है, क्योंकि देर से सोने पर भूख बढ़ाने वाला हार्मोन 'घ्रेलिन' बढ़ जाता है और शरीर को गलती से कैलोरी की जरूरत महसूस होने लगती है। यही कारण है कि कम सोने वाले लोग रात में जंक फूड ज्यादा खाते हैं। नींद की कमी का सामना कर रहे लोगों में 72 प्रतिशत वाशरूम का बार बार उपयोग करने सहित खराब लाइफ स्टाइल, स्क्रीन देखने, शराब सेवन और रात्रि में देर तक काम करने आदि बड़े कारण बताये गए है। सर्वे में बताया गया है पर्याप्त नींद नहीं लेने के कारण आँखों और ह्रदय से जुड़ी बीमारियां आम बात है। डायबिटीज और मोटापा की चपेट में भी लोग आ रहे है। सड़क दुर्घटनाओं को भी नींद का एक कारण बताया गया है। नींद का असर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जहाँ तक युवा भारत की बात है, आजकल युवाओं में तनाव की समस्या को लेकर देशवासी बेहद चिंतित है। तनाव की वजह से कम उम्र में ही युवा डिप्रेशन के शिकार होने लगे हैं। खासतौर से काम करने वाले युवा यानि को नौकरी कर रहे हैं उनके अंदर ठहराव, लगन और काम के लिए पैशन बहुत कम है। जरा-जरा सी बातों पर स्ट्रेस लेने लगते हैं। हाल की में हुई एक स्टडी में भी ऐसे ही आंकड़े सामने आए हैं। जिसमें 25 साल के युवा कर्मचारियों में से 90 प्रतिशत का मन और दिमाग बेचैन पाया गया है। जिसकी वजह से कई बार अपने आप को हानि पहुंचाने तक के ख्याल इनके मन में आने लगते हैं। तनाव और डिप्रेशन से बचना है तो सबसे पहले हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। नींद की कमी के चलते कर्मचारियों की कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। रिसर्च से पता चला है कि नींद की कमी वाले कर्मचारी गलतियां करने की ज्यादा संभावना रखते हैं, उनकी एकाग्रता घट जाती है और उनकी समस्या सुलझाने की क्षमता भी कम हो जाती है।

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। रात में 6-8 घंटे की नींद से कई विकारों को दूर किया जा सकता है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में काम का दबाव और समय का प्रबंधन हम पर इस कदर हावी हो चुके हैं कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ा रहा है। सोशल मीडिया के बारे में यह कहा जाता है विशेषज्ञों ने अच्छी नींद के लिए कैफीन का कम सेवन करने, सोने का निश्चित समय तय करने, सोने से पहले मोबाइल, लैपटॉप और टीवी जैसी स्क्रीन का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है एक्सपर्ट्स का कहना है कि अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलावों को अपनाकर लोग अपनी नींद की क्वालिटी सुधार सकते हैं और इससे उनकी तबीयत और उत्पादकता बेहतर हो सकती है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## समष्टि चेतना से विश्व शांति



राजू बाबू सिंह

वैदिक दर्शन में समष्टि चेतना और सृष्टि की सर्वव्यापी एकता तथा विश्व-कल्याण का विचार सबसे प्रमुख आधार स्तंभ है। इस उदात्त भावना को गहराई से समझने तथा वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध एवं ईरान, इजरायल तथा अमेरिका के परिप्रेक्ष्य में देखने के लिए ऋग्वेद के दो अत्यंत महत्वपूर्ण सूक्तों—पुरुष सूक्त और संज्ञान सूक्त—का अनुशीलन अनिवार्य है।

ऋग्वेद के दसवें मंडल का नब्बेवां सूक्त 'पुरुष सूक्त' कहलाता है। यह सूक्त ईश्वर के विराट स्वरूप और संपूर्ण ब्रह्मांड की परस्पर सम्बद्धता का वर्णन करता है। इसमें बताया गया है कि यह संपूर्ण जगत—चाहे मानव हो, प्रकृति हो या भिन्न-भिन्न राष्ट्र—उस एक ही परम पुरुष अर्थात ब्रह्म का प्रकटीकरण है। पुरुष सूक्त में एक विराट पुरुष की कल्पना और उसके समस्त अंगों का परस्पर सह-अस्तित्व के साथ रहना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि बिना सह-अस्तित्व के जिस प्रकार से एक पुरुष के शरीर को निरापद नहीं रखा जा सकता है, इस प्रकार से समस्त ब्रह्मांड को एक पुरुष मान करके उसके अस्तित्व के लिए उसके समस्त अंगों, समस्त भूभाग, समस्त सीमा से संबंध राष्ट्र, समस्त जगत में उत्पन्न प्राकृतिक तत्व, वनस्पतियां, पहाड़, नदियां, झरने, खनिज आदि उस परम पुरुष के समस्त अंग हैं। इनमें आपस में संतुलन बना रहना आवश्यक है। संतुलन बिगड़ने पर ही विध्वंसकारी स्थिति उत्पन्न होती है। जिस प्रकार पुरुष के एक अंग में हुआ संक्रमण समस्त शरीर को प्रभावित करता है, उसी प्रकार विश्व के अलग-अलग भूभाग में उसके संसाधनों में यदि कोई संक्रमण होता है तो उसका असर संपूर्ण विश्व की शांति व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था और विकास की व्यवस्था पर पड़ता है। इस प्रकार पुरुष का यह मंत्र व्यष्टि में समष्टि और समष्टि में व्यष्टि के सह-अस्तित्व का प्रतिपादन है।

सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रापात्। स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशांगुलम्॥ ऋग्वेद १०.९०.१

भावार्थ : वह परम पुरुष अनंत शीश, अनंत आंखें और अनंत पैरों वाला है। वह इस संपूर्ण पृथ्वी और ब्रह्मांड को सब ओर से व्याप्त करके भी दसों दिशाओं से परे विद्यमान है।

पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्। उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति॥ ऋग्वेद १०.९०.२

भावार्थ : जो कुछ बीत चुका है और जो कुछ भविष्य में होने वाला है, वह सब केवल वही विराट पुरुष है। वही अमरत्व का स्वामी है। वर्तमान में विश्व में चल रहे कई देशों के बीच युद्ध के परिप्रेक्ष्य में पुरुष सूक्त का दर्शन एकात्मता का बोध कराता है। पुरुष सूक्त का मूल सिद्धांत है कि संपूर्ण संसार एक ही शरीर के समान है। यदि शरीर के एक अंग में चोट लगती है, तो उसकी पीड़ा पूरे शरीर को भुगतनी पड़ती है। रूस और यूक्रेन, अमेरिका, ईरान और इजरायल—युद्धरत सभी देश और वहां के नागरिक इसी एक विराट पुरुष के अभिन्न अंग हैं। जब रूस और यूक्रेन आदि देशों के बीच युद्ध होता है, तो यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रहता, बल्कि यह उस विराट पुरुष के अपने ही अंगों का आपस में टकराने जैसा है। इस युद्ध से उत्पन्न खाद्यान्न संकट, ऊर्जा संकट, वैश्विक आर्थिक मंदी और मानवीय पीड़ा यह सिद्ध करती है कि एक राष्ट्र की अशांति संपूर्ण विश्व को प्रभावित करती है। यह उसी प्रकार है जैसे एक अंग के संक्रमित होने का असर न केवल दूसरे अंगों में पड़ता है बल्कि संपूर्ण शरीर में संक्रमण शुरू हो जाता है, फलतः शरीर व्याधि से पीड़ित और विनाशकारी दशा को प्राप्त होता है। इस प्रकार से यदि एक देश दूसरे देश से टकराता है तो इसका असर संपूर्ण विश्व पर पड़ने लगता है।

यदि वैश्विक नेता और मानव जाति पुरुष सूक्त के इस दर्शन को समझें कि हम सब एक ही चेतना से जुड़े हैं, तो अज्ञान, अहंकार और भू-राजनीतिक स्वार्थों के कारण होने वाली हिंसा समाप्त हो सकती है। किसी दूसरे राष्ट्र को हानि पहुंचाना वास्तव में स्वयं को ही हानि पहुंचाना है। सर्व-कल्याण की भावना और ऋग्वेद के संज्ञान सूक्त में भी ऋषियों की मीमांसा इस तथ्य का समर्थन करती है और इसी विचारधारा के तहत विषयों की मीमांसा इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि हम सभी सुखी रहें, निरापद रहें, सभी का कल्याण हो, संसार में कोई भी दुखी नहीं रहे। लोकप्रिय श्लोक 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः' वैदिक परंपरा की मूल आत्मा को दशार्ता है। ऋग्वेद में इसी 'विश्व-बंधुत्व' और 'सर्व-कल्याण' की भावना को संज्ञान सूक्त, ऋग्वेद १०.१९१ के रूप में अमर वाणी दी गई है, जो समाज और वैश्विक समुदाय में एकता, समानता और संवाद का महान संदेश देता है।

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते॥ ऋग्वेद १०.१९१.२

भावार्थ : तुम सब एक साथ मिलकर चलो, एक स्वर में बोलो, संवाद करो और तुम्हारे मन एक समान, एकजुट होकर विचार करें। जिस प्रकार प्राचीन काल में ज्ञानी देवजन एकमत होकर अपना-अपना कर्तव्य निभाते थे, उसी प्रकार तुम भी मिल-जुलकर रहो।

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः। समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति॥ ऋग्वेद १०.१९१.४

भावार्थ : तुम्हारे संकल्प एक समान हों, तुम्हारे हृदय समान भाव वाले हों और तुम्हारा मन एक हो ताकि तुम्हारे बीच सुदृढ़ एकता और सहकारिता बनी रहे।

विश्व में चल रहे देशों के बीच युद्ध जैसी विनाशकारी, विप्लवकारी स्थितियों का समाधान शस्त्रों से नहीं, बल्कि ऋग्वेद के 'संवदध्वम' अर्थात आपस में संवाद करो के सिद्धांत से ही संभव है। संज्ञान सूक्त स्पष्ट करता है कि शांति केवल युद्धविराम से नहीं आती, बल्कि मन और संकल्पों के मिलन से आती है, जहां दोनों पक्ष एक-दूसरे के अस्तित्व और अधिकारों का सम्मान करें। वैदिक ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व जिस वैश्विक दृष्टि का निर्माण किया था, वह आज के आधुनिक युग में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है। पुरुष सूक्त हमें आध्यात्मिक एवं पारिस्थितिक दृष्टि देता है। यह सिखाता है कि रूस, यूक्रेन या विश्व का कोई भी कोना हो—सब एक ही परम चेतना का विस्तार हैं। जब हम दूसरों में भी अपना ही स्वरूप देखते हैं, तो हिंसा और युद्ध का आधार ही समाप्त हो जाता है। संज्ञान सूक्त हमें व्यावहारिक एवं कूटनीतिक मार्ग दिखाता है। यह बल देता है कि विवादों का निपटारा युद्ध से नहीं, बल्कि मेज पर बैठकर संवाद और सह-अस्तित्व की भावना से होना चाहिए। जब मानव जाति पुरुष सूक्त के 'एकत्व' और संज्ञान सूक्त के 'सद्भाव व संवाद' को अपनाएगी, तभी 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' अर्थात सभी सुखी हों का स्वप्न व्यावहारिक रूप में साकार हो सकेगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें।

**वृष-** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे।

**मिथुन-** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**कर्क-** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**सिंह-** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कन्या** - कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**तुला-** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृश्चिक-** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु-** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर-** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है।

**कुम्भ-** हरि करे सो खरी। अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**मीन-** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# राष्ट्रीयता व बहुआयामी रोजगारपरक शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र है एमजीयूजी : प्रो. रवि शंकर

## ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ और अवेद्यनाथ की स्मृति में व्याख्यानमाला भी शुरू

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के पांचवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक समारोह का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में व्याख्यानमाला, विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा गतिविधियों की शुरूआत हुई। स्थापना सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के आदर्शों और मूल्यों के अनुरूप स्थापित यह विश्वविद्यालय पांच वर्षों में ही राष्ट्रीयता और बहुआयामी रोजगारपरक शिक्षा का उत्कृष्ट एवं प्रमुख केंद्र बन गया है।




महंतद्वय की स्मृति में शनिवार से प्रारंभ व्याख्यानमाला के पहले दिन विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, कृषि, चिकित्सा : नवप्रवर्तक भारत के लिए विषय पर अपनी बात रखते हुए प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि भारत के वर्तमान और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए व्याख्यान के उक्त सभी विषय अत्यंत प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि एमजीयूजी के कुलाधिपति एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, कृषि और चिकित्सा के महत्व को उच्च शिक्षा में नवाचार के साथ प्रतिष्ठित करने के लिए इस विश्वविद्यालय को एक मॉडल रूप में विकसित किया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नव प्रवर्तकों का वर्चस्व होगा इसलिए विद्यार्थियों को अनुसंधान और नवाचार पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा भारत की अर्थव्यवस्था का केंद्र कृषि है और इसमें नवाचार की सर्वाधिक संभावना है। इसी तरह जीवन सुगम बनाने के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी और जन स्वास्थ्य के उन्नयन के लिए चिकित्सा क्षेत्र में जारी नवाचार को और बढ़ावा देना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने शैक्षणिक जीवन के साथ राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों को भी समझें।

साप्ताहिक कार्यक्रम के शुभारंभ और व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए एमजीयूजी के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. भूपेश कुमार गोयल ने विद्यार्थियों को शिक्षा, राष्ट्रसेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक दायित्व के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों को अंगीकार कर इस विश्वविद्यालय ने अल्प समय में मजबूत पहचान बनाई है। इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गोरखपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ जी महाराज और अवेद्यनाथ जी महाराज के विचारों से सिंचित परिसर में अध्ययन का अवसर मिला है।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में कृषि की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. अश्विनी

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के पांचवें स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज स्मृति व्याख्यानमाला के दूसरे दिन रविवार को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कृषि का योगदान विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक ने कहा कि भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में कृषि क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. पाठक ने कृषि क्षेत्र के विभिन्न आयामों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक, नवाचार, कृषि



विविधीकरण, मूल्य संवर्धन एवं कृषि-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देकर किसानों की आय तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल से ही भारत की अर्थव्यवस्था कृषि केंद्रित रही है। वर्तमान वैश्विक परिवेश में इसे नवाचार और मूल्य संवर्धन से जोड़ना अति आवश्यक है। इसी क्रम में भारत में प्राकृतिक खेती का वर्तमान परिदृश्य विषय पर पूर्व संयुक्त कृषि निदेशक अरविंद कुमार ने प्राकृतिक खेती की अवधारणा, इसकी संभावनाओं तथा वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हानिरहित खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सुनहरा मौका पैदा किया है। श्री सिंह ने विद्यार्थियों को टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने दोनों विषयों पर विशेषज्ञों के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा संवाद के माध्यम से कृषि क्षेत्र की समकालीन चुनौतियों एवं संभावनाओं को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. भूपेश कुमार गोयल ने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों, अनुसंधान एवं नवाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वागत भाषण कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे ने, धन्यवाद ज्ञापन डॉ आयुष कुमार पाठक तथा संचालन हर्षिता मिश्रा किया।

# उनवल मंडल के पांच स्थानों पर संत रविदास जयंती पर भव्य कलश यात्रा

**उनवल, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उनवल मंडल के तत्वाधान में मंडल के पांच स्थानों पर भव्य कलश यात्रा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने किया, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष इन्द्र कुमार निगम ने की। छताई, उसवा बाबू/बिगही, खुटहार, टेकवार चौराहा एवं कूड़ाभरत में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान संत रविदास जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना



रहा। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने समाज को भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना से ऊपर उठकर एकजुट होने की प्रेरणा दी। वर्तमान समय में संत रविदास जी के विचार और भी प्रासंगिक हैं। उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर ही मजबूत और समरस समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष इन्द्र कुमार निगम ने कहा कि संत रविदास जी ने मानवता को सर्वोपरि रखते हुए समाज को समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला महामंत्री उमाशंकर निषाद ने कहा कि संत रविदास जी की शिक्षाएं समाज को एकता और समानता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। नगर पंचायत उनवल के चेयरमैन महेश कुमार दूबे ने कहा कि संत रविदास जी के आदर्श युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वरिष्ठ नेता रामपाल सिंह ने कहा कि संत रविदास जी ने भेदभाव समाप्त कर समाज को एकता एवं भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# गोला में बसपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**गोला बाजार,गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** चिल्लूपार (328)विधानसभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की युवा नेत्री एवं भावी प्रत्याशी अस्मिता चन्द ने 24 अगस्त दिन में 11 बजे उपनगर गोला के वीएसएवी इंटर कालेज के मैदान में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के लिए अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।वे लोगो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील कर रही हैं। पिछले 22 वर्षों से राजनीति में सक्रिय अस्मिता चन्द ने लगातार क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर उनके सुख-दुःख में शामिल होती रही हैं और लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास करती रही हैं। उनका कहना है।

राजनीति उनके लिए केवल चुनाव लड़ने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करने का अवसर है। 24 अगस्त के कार्यक्रम को लेकर पश्चिमी चौराहा स्थित अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत के दौरान श्रीमती चंद ने कहा कि बसपा एक अनुशासित पार्टी है और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि



इस बार बसपा तेजी से उभर रही है और आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।उन्होंने कहा कि पिछले 22 वर्षों से राजनीति में सक्रिय रहते हुए,उन्होंने क्षेत्र की जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखा है।लोगों के सुख-दुःख में शामिल होना और उनकी समस्याओं को समझना उनकी प्राथमिकता रही है।अस्मिता चंद ने कहा कि चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिला तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार,सड़क,यातायात,बिजली,पेयजल सहित क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए पूरी ताकत से काम किया जाएगा और चिल्लूपार विधानसभा की सूरत बदलने का हरसंभव प्रयास करूंगी।

# संक्षिप्त समाचार

## गाड़ियों के विभिन्न स्टेशनों पर दिये गये संचलन समय में संशोधन

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रेलवे प्रशासन द्वारा कुछ गाड़ियों का सम्बा एवं मनवाल स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिये जाने के कारण गाड़ियों के विभिन्न स्टेशनों पर दिये गये संचलन समय में संशोधन किया गया है। जम्मूतवी से 25 अगस्त, 2026 से चलने वाली 15098 जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार भोगपुर सिरवाल स्टेशन से 02.00 बजे, जलंधर कैंट से 02.25 बजे, लुधियाना से 03.30 बजे तथा सानेहवाल से 04.02 बजे छूटेगी। जम्मूतवी से 26 अगस्त, 2026 से चलने वाली 15652 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार भोगपुर सिरवाल स्टेशन से 02.00 बजे, जलंधर कैंट से 02.25 बजे, लुधियाना से 03.30 बजे तथा सानेहवाल से 04.02 बजे छूटेगी। जम्मूतवी से 28 अगस्त, 2026 से चलने वाली 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार भोगपुर सिरवाल स्टेशन से 02.00 बजे, जलंधर कैंट से 02.25 बजे, लुधियाना से 03.30 बजे तथा सानेहवाल से 04.02 बजे छूटेगी। जम्मूतवी से 29 अगस्त, 2026 से चलने वाली 12588 जम्मूतवी-गोरखपुर एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार भोगपुर सिरवाल स्टेशन से 02.00 बजे, जलंधर कैंट से 02.25 बजे, लुधियाना से 03.30 बजे तथा सानेहवाल से 04.02 बजे छूटेगी। शेष स्टेशनों पर इन गाड़ियों का समय पूर्ववत रहेगा।

## घर में पोछा लगाते समय महिला को जहरीले सांप ने काटा,इलाज के दौरान मौत

**गोरखपुर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** गुलरिहा क्षेत्र के रसूलपुर झुंगिया में शनिवार की शाम एक महिला को घर में पोछा लगाते समय जहरीले सांप ने काट लिया,जिसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुलरिहा पुलिस शव का पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी गृह भेज दी है। जानकारी के मुताबिक,क्षेत्र के रसूलपुर झुंगिया निवासी राजू निषाद की 32 वर्षीय पत्नी मेनिका शनिवार की शाम करीब साढ़े छह बजे घर में पोछा लगा रही थी। जैसे ही हाथ बक्शे के नीचे पोछा मारने के लिए डाली,अंदर बैठे जहरीले सांप ने दाहिने हाथ की दो उंगलियों में काट लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और आनन फानन मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आशंका जाहिर की जा रही है कि घरवाले सफेद चूहा पाल रखे है,जिसको पकड़ने के लिए सर्प घर में आया था। आसपास के लोगों ने सर्प को मार दिया है। मृतका की शादी वर्ष 2012 में हुई थी,जिसके दो बच्चे है। पति बाहर रहकर पेंट पालिश का काम करता है। घटना की जानकारी होने पर रविवार की सुबह वह घर पहुंचा। शव को पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी गृह भेज दिया गया है।

## 'हर घर तिरंगा' के तहत निकली तिरंगा यात्रा

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की क्रीड़ा उप परिषद की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 22 अगस्त, 2026 को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में विश्वविद्यालय के द्वितीय, तृतीय एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक एवं स्टाफ सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा का शुभारंभ शहीद बंधू सिंह स्टेडियम से हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर विद्यार्थी अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण ढंग से मुख्य प्रशासनिक भवन अटल भवन तक पहुंचे और निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः स्टेडियम लौटे। यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और नागरिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र क्रिया-कलाप परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. राजन मिश्र तथा पी.टी.आई. श्री अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में यात्रा का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। तिरंगा यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान के साथ-साथ अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्रीय एकता और देशहित के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न शैक्षणिक वर्षों के विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय परिवार की सामूहिक भागीदारी ने कार्यक्रम को प्रभावी बनाया।

## रविवार को जिला अस्पताल की बंद ओपीडी में होमगार्ड तैनात

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिला अस्पताल में रविवार को आउटडोर (OPD) सेवा पूरी तरह बंद रहने के बावजूद परिसर में होमगार्ड ड्यूटी पर तैनात नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां बंद अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की कोई खास जरूरत नहीं है, वहीं दूसरी तरफ शहर के व्यस्ततम घोष कंपनी चौराहे पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए जवानों की सख्त कमी महसूस की जा रही है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस व यातायात प्रशासन को इन संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की जरूरत हैः संसाधनों का सही इस्तेमालः रविवार के दिन जिला अस्पताल में खाली पड़े होमगार्डों की ड्यूटी घोष कंपनी चौराहे पर लगाई जानी चाहिए, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। अतिक्रमण पर लगामः चौराहे पर ठेले वालों द्वारा मनमाने ढंग से दुकानें लगाने के कारण जाम की स्थिति बन रही है। अगर यहां गाड्र्स की तैनाती हो, तो सड़क पर अवैध कब्जे और बिक्री को तुरंत रोका जा सकता है।अतिरिक्त बल की आवश्यकताः त्योहारों के सीजन में रविवार को भी घोष कंपनी चौराहे पर कोतवाली पुलिस से गार्ड और यातायात विभाग से दीवान की तैनाती बेहद जरूरी है, जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके।

# दुकानदारों की मनमानी : सीएम योगी की हिदायत बेअसर, महंगे दामों पर बिक रही चीनी

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश में खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण रखने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निर्देशों के बावजूद बाजार में मुनाफाखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री लगातार बड़े व्यापारियों और जमाखोरों को खाद्य पदार्थों का अवैध भंडारण न करने की नसीहत दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसका सीधा असर खुदरा बाजारों में देखने को नहीं मिल रहा है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक ढिलाई और मुनाफाखोरों की मनमानी के कारण आम जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है। फुटकर बाजारों में दुकानदार मनमाने दामों पर सामान बेच रहे हैं। स्थिति यह है कि बाजारों में चीनी 70 से 75 रुपये प्रति किलो तक के ऊंचे दामों पर बेची जा रही है।स्थानीय खरीदारों का कहना है कि सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है। बड़े व्यापारियों द्वारा गोदामों में माल डंप करने और आपूर्ति कम दिखाने के कारण फुटकर कीमतों में उछाल आया है। जनता ने मांग की है कि केवल बयान जारी करने के बजाय प्रशासन को धरातल पर उतरकर मुनाफाखोरों और कालाबाजारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आम उपभोक्ता को राहत मिल सके।

# केआईपीएम में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीआईएसएसईटी का सफल आयोजन

**सहजनवा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** केआईपीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गीडा, गोरखपुर में इंटेलिजेंट सिस्टम्स, सस्टेनेबल इंजीनियरिंग एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीआईएसएसईटी-2026) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 21 एवं 22 अगस्त 2026 को सफलतापूर्वक किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन 21 अगस्त 2026 को ऑनलाइन माध्यम से माननीय कुलपति प्रो. जे. पी. पाण्डेय, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। माननीय कुलपति जी ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए शोध, तकनीकी नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला



तथा शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों के क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र में संस्था के अध्यक्ष इंजीनियर आर. डी. सिंह, प्रबंधक सुनीता सिंह, प्रबंध निदेशक विनोद कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी निदेशक शिवांश विक्रम सिंह, निदेशक इंजीनियरिंग डॉ. मोहम्मद जाहिद रियाज खान, निदेशक फार्मेसी डॉ. जय नारायण मिश्रा, निदेशक कार्मिक डॉ. एस. पी. सिंह, निदेशक मैनेजमेंट डॉ. दीपक श्रीवास्तव तथा प्रशासनिक अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित सभी डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने सहभागिता की। 200 से अधिक शोध-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 91 शोध-पत्र तकनीकी प्रस्तुति के लिए चयनित किए गए। भारत के लगभग 40 शैक्षणिक, शोध एवं औद्योगिक संस्थानों के साथ-साथ अमेरिका, ओमान एवं ट्यूनीशिया से भी शोधकर्ताओं ने सहभागिता की। सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स, स्वचालन, नवीकरणीय ऊर्जा, विद्युत गतिशीलता, विद्युत इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्ट प्रणालियों एवं सतत अभियांत्रिकी जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र एवं शोध प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं।

विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपने विचार एवं तकनीकी अनुभव साझा किए। प्रस्तुत शोध-पत्रों के प्रकाशन के लिए आईएसबीएन युक्त सम्मेलन कार्यवाही तथा चयनित शोध-पत्रों के लिए 20 से अधिक समकक्ष-समीक्षित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन के अवसर उपलब्ध कराए गए।

# लालकुआ-क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण, बेंगलुरू सिटी-लालकुआ साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में संचलन का निर्णय

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु 05074/05073 लालकुआ-क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरू सिटी)-लालकुआ साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन नियमित गाड़ी संख्या 15302/15301 लालकुआ-क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरू सिटी)-लालकुआ साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में किया जायेगा। यह गाड़ी 19 सितम्बर, 2026 से प्रत्येक शनिवार को लालकुआ से तथा 22 सितम्बर, 2026 से प्रत्येक मंगलवार को क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरू सिटी) से निम्नवत चलाई जायेगी।

15302 लालकुआ-क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरू सिटी) साप्ताहिक एक्सप्रेस 19 सितम्बर, 2026 से प्रत्येक शनिवार को लालकुआ से 17.45 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 18.08 बजे, बहेड़ी से 18.30 बजे, भोजीपुरा से 18.57 बजे, इज्जतनगर से 19.15 बजे, बरेली सिटी से 19.37 बजे, बरेली जं. से 19.52 बजे, बदायूं से 20.48 बजे, कासगंज से 21.50 बजे, हाथरस सिटी से 22.58 बजे, मथुरा कैंट से 23.45 बजे, मथुरा जं. से 23.55 बजे, दूसरे दिन आगरा कैंट से 00.50 बजे, ग्वालियर से 02.29 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी से 03.55 बजे, बीना से 06.00 बजे, रानी कमलापति से 08.00 बजे, इटारसी से 09.35 बजे, बैतूल से 11.15 बजे, नागपुर से 14.35 बजे, सेवाग्राम से 15.30 बजे, चन्द्रपुर से 17.00 बजे, बल्हारशाह से 18.40 बजे, सिरपुर कागज नगर से 19.20 बजे, मंचिर्याल से 20.00 बजे, पेद्दपल्ली से 20.20 बजे, वारंगल से 21.50 बजे, महबूबाबाद से 22.50 बजे, खम्मम से 23.20 बजे, तीसरे दिन विजयवाड़ा से 01.45 बजे, तेनाली से 02.15 बजे, ओंगोल से 04.05 बजे, नेल्लूर से 05.40 बजे, गूडूर से 06.30 बजे, रेणिगुंटा से 08.25 बजे, काटपाडी से 10.30 बजे, जोल्लारपेट्टै से 11.55 बजे, कुप्पम से 12.34 बजे, बंगारपेट से 13.07 बजे, कृष्णराजपुरम से 13.50 बजे तथा बेंगलूरू कैंट से 14.15 बजे छूटकर क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरू सिटी) 15.25 बजे पहुँचेगी।

वापसी में 15301 क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरू सिटी)-लालकुआ साप्ताहिक एक्सप्रेस 22 सितम्बर, 2026 से प्रत्येक मंगलवार को क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरू सिटी) से 07.15 बजे प्रस्थान कर बेंगलूरू कैंट से 07.27 बजे, कृष्णराजपुरम से 07.41 बजे, बंगारपेट से 08.20 बजे, कुप्पम से 08.45 बजे, जोल्लारपेट्टै से 10.20 बजे, काटपाडी से 11.35 बजे, रेणिगुंटा से 13.50 बजे, गूडूर से 15.35 बजे, नेल्लूर से 16.05 बजे, ओंगोल से 17.35 बजे, तेनाली से 19.00 बजे, विजयवाड़ा से 20.10 बजे, खम्मम से 21.30 बजे, महबूबाबाद से 22.05 बजे, वारंगल से 23.10 बजे, दूसरे दिन पेद्दपल्ली से 00.30 बजे, मंचिर्याल से 01.10 बजे, सिरपुर कागज नगर से 02.10 बजे, बल्हारशाह से 03.25 बजे, चन्द्रपुर से 03.42 बजे, सेवाग्राम से 05.12 बजे, नागपुर से 06.50 बजे, बैतूल से 09.32 बजे, इटारसी से 12.15 बजे, रानी कमलापति से 13.50 बजे, बीना से 17.40 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी से 20.50 बजे, ग्वालियर से 22.02 बजे, तीसरे दिन आगरा कैंट से 00.25 बजे, मथुरा जं. से 02.00 बजे, मथुरा कैंट से 02.25 बजे, तथा किच्छा से 08.10 बजे छूटकर लालकुआ 09.05 बजे पहुँचेगी।

# मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास


**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। 21 अगस्त, 2026 को सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल छपरा को गाड़ी संख्या-15715 में गांजा होने की प्राप्त सूचना पर गाड़ी के छपरा आगमन पर आन ड्यूटी ट्रेन टिकट परीक्षक द्वारा एक लावारिस बैग सुपुर्द किया गया जिसमें 10 पैकेट गांजा बरामद हुआ। 21 अगस्त, 2026 को अपराध आसूचना शाखा लखनऊ एवं गोंडा द्वारा निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या 15652 में 99 किग्रा. पीतल के बरतन के साथ कोच अटेण्डेंट को पकड़ा गया। 21 अगस्त, 2026 को नारकोटिक्स टास्क टीम लखनऊ द्वारा गाड़ी संख्या 15274 में निगरानी के दौरान 05 कार्टून विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी दवा कोच अटेण्डेंट के केबिन से बरामद किया गया। 21 अगस्त, 2026 को अपराध आसूचना शाखा लखनऊ एवं राजकीय रेलवे पुलिस चारबाग द्वारा संयुक्त निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या 06 से यात्री सामानों की चोरी करने वाले एक शातिर चोर को यात्रियों से चोरी किये हुए एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। 21 अगस्त, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल मनकापुर एवं अपराध आसूचना शाखा गोरखपुर द्वारा बनगवा बाजार स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक दुकान संचालक को 05 अदद ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया।

# पार्षद के घर चढ़कर सफाई कर्मचारी की पिटाईः महिला से छेड़खानी का आरोप,वीडियो वायरल

## बचाव में पहुंचे पार्षद पर भी हमला, बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर की कड़ी कार्रवाई की मांग

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र में मनबढ़ों की दबंगई का मामला सामने आया है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी से मारपीट और परिवार की महिला से छेड़खानी के आरोपों के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि मनबढ़ों ने पार्षद के घर पर चढ़कर सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।बताया गया कि शनिवार दोपहर करीब दो बजे रसूलपुर भट्ठा क्षेत्र में विवाद की शुरूआत हुई। आरोप है कि कुछ मनबढ़ों ने महिला के साथ छेड़खानी की।

परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने महिला, उसके पति और बेटे के साथ मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद रात करीब 11 बजे विवाद फिर बढ़ गया। मनबढ़ पार्षद के घर तक पहुंच गए और वहां सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट की। घटना के दौरान बचाव के लिए पहुंचे वार्ड संख्या 58 के पार्षद



जुबेर अहमद पर भी हमला किए जाने का आरोप लगाया गया है। मारपीट के वायरल वीडियो में कुछ लोग आपस में भिड़ते और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में रविवार को सफाई कर्मचारी गोरखनाथ थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा गिरफ्तारी की मांग की। मामले को लेकर सफाई कर्मचारियों में आक्रोश दिखाई दिया। गोरखनाथ थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक अनुराग सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता :प्रदीप शुक्ल

**सहजनवां , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।वे हमारी धरोहर हैं जिन पर हमें नाज है। देश और समाज की युवा पीढ़ी इन सेनानियों का अनुकरण करे।उन्हें अपना रोल मॉडल बनाए। यह बातें क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ल ने सहजनवां के डोहरिया कला में स्वंतत्रता संग्राम सेनानी आश्रित जनकल्याण परिषद द्वारा आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। 23 अगस्त 1942 के अमर सेनानियों तथा क्रांतिकारियों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेजों की बर्बरता के बाद भी इस क्षेत्र के क्रांतिवीरों पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।विधायक ने शहीद स्थल पर भव्य राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए भूमिपूजन किया।उन्होंने आश्वत किया कि सेनानी परिवारों की हरसंभव मदद की जाएगी।कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि चेयरमैन प्रभाकर दुबे,एसडीएम नमन मेहता,बसंत कुमार श्रीवास्तव,सुमन सिंह,कैप्टन ओमप्रकाश मिश्र ने भी संबोधित किया।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बनाना होगा जीवन का अनिवार्य हिस्सा : डॉ. राजकिशोर

**गोरखपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर में राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 12वीं पुण्यतिथि की स्मृति में आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के छठवें दिन रविवार को स्वस्थ जीवन : मानवता के संप्रभुता की कुंजी विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं मेडिसिन विभाग के आचार्य डॉ. राजकिशोर सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में अनियमित खान-पान, पर्याप्त नींद का अभाव, शारीरिक निष्क्रियता और तनाव अनेक बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। डॉ. राजकिशोर सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन केवल बीमारी से मुक्त रहने का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सुव्यवस्थित कला और संतुलित जीवनशैली का परिणाम है। व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य उसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन में निहित है। उन्होंने कहा कि बीमारी का उपचार करने से अधिक महत्वपूर्ण है बीमारी को उत्पन्न होने से रोकना। इसके लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, स्वच्छता, सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन को दैनिक जीवन में अपनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेष रूप से सचेत करते हुए कहा कि युवा अवस्था में विकसित की गई स्वस्थ आदतें ही भविष्य के स्वस्थ जीवन की आधारशिला बनती हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य केवल उसका निजी विषय नहीं है, बल्कि उसका प्रभाव परिवार, समाज और राष्ट्र पर भी पड़ता है।

स्वस्थ नागरिक ही अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकता है। स्वस्थ व्यक्ति आत्मनिर्भर होता है और स्वस्थ समाज ही सशक्त एवं विकसित राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य को केवल चिकित्सालय और दवाओं से जोड़कर न देखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनशैली और व्यवहार का हिस्सा बनाएं।

# संतकबीरनगर के 3189 रसोइयों को भी मिली सौगात

## ❍मानदेय बढ़कर तीन हजार, कैशलेस इलाज और दो लाख की सामाजिक सुरक्षा का लाभ
## ❍डीएम व सीडीओ की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया

**संतकबीरनगर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत 3.53 लाख से अधिक मिड-डे मील रसोइयों के लिए चार योजनाओं और सुविधाओं की घोषणा की। इसी क्रम में संतकबीरनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को रसोइयों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी और खलीलाबाद विधायक प्रतिनिधि मुरलीधर जायसवाल की मौजूदगी में रसोइयों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना।मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत रसोइयों का मानदेय दो हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा सुविधा की शुरूआत की गई। ड्रेस और साड़ी के लिए मिलने वाली वार्षिक राशि भी 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दी गई है। सामाजिक सुरक्षा के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया के साथ समझौता किया गया है, जिसके तहत रसोइयों को दो लाख रुपये की सुरक्षा मिलेगी।संतकबीरनगर में इन योजनाओं से जिले की 3189 रसोइयों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने रसोइयों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड तथा शॉल और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सबसे बुजुर्ग और सबसे कम उम्र की रसोइयों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी आलोक कुमार ने सरकार की योजनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी रसोइयों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की जिम्मेदारी निभाने में रसोइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने रसोइयों से निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार करने, रसोईघर को साफ-सुथरा रखने और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य से किसी तरह का समझौता न हो।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद महेंद्र प्रसाद, खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष सिंह, जिला समन्वयक रजनीश वैद्य, डीसी एमआईएस बजरंगी लाल सहित बड़ी संख्या में रसोइया बहनें, शिक्षक, अनुदेशक और अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्यारिन बेटी ने आशिक संग मिलकर पिता को उतारा मौत के घाट, दोनों गिरफ्तार

**बस्ती (दुबौलिया) , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** दुर्गा बनी हत्यारिन प्रेमी संग मिलकर पिता की धारदार हथियार से हत्या कर बाप बेटी के रिश्ते को कलंकित किया। दुबौलिया थाना क्षेत्र के बभरौली गांव के नहर के पास एक पचास वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार छावनी थाना क्षेत्र के रमवापुर तिवारी गांव निवासी कृष्णा प्रसाद का शव 21 अगस्त की रात करीब दस बजे बभरौली से उत्तर दिशा में करीब पांच सौ मीटर दूरी पर नहर के पास मिला।

शव पर किसी धारदार हथियार से गले और कान के पीछे हमला किया गया था।? घटना की सूचना पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने घटना का बारीकी से छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना स्थानीय पर मृतक के भाई काशी प्रसाद के लिखित प्रा0



पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 158/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था जिसमें धारा 238, 3(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। वहीं घटना के कारण के पीछे मृतक की लड़की व उस के प्रेमी द्वारा घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। मृतक के भाई कांशीराम ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि मेरे भाई कृष्णा प्रसाद की बेटी दुर्गा का पड़ोसी गांव बभरौली के लक्ष्मण से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके लिए भाई ने बेटी को समझाते हुए अन्यत्र शादी करने की बात कर रहा था, शुक्रवार की दोपहर घर से दुर्गा बकरी चराने के लिए गई थी।? नहर के पास पिता ने अपनी पुत्री को उस के प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया और बकरी चराने के लिए साथ ले गई बांस की लग्गी से दोनों को कृष्णा प्रसाद मारने लगा जिससे दोनो दुर्गा और प्रेमी लक्ष्मन ने बांस को छीन कर उसमें बंधे हंसिए से कृष्णा प्रसाद पर कई वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

बेहोश होने पर दोनो मौके से अपने अपने घर चले गए, देर रात जब कृष्णा प्रसाद घर नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन शुरू किये तब जाकर लोगो को घटना की जानकारी हुई। क्षेत्राधिकारी कलवारी बृजेश सिंह ने बताया कि प्रेमी प्रेमिका को आपत्तिजनक स्थिति में पिता ने देख लिया, जिससे नाराज दोनों ने बांस के डंडे में बंधी हंसिए से वार कर मौत के घाट उतार दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की बैठक में गूंजा शिक्षक समस्याओं का मुद्दा

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रविवार को प्रेस क्लब सभागार में उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2006 में अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत, एवं सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल किये जाने, टेट की अनिवार्यता समाप्त कराये जाने के साथ ही स्थानीय शिक्षक समस्याओं के निराकरण कराये जाने पर विचार किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में बैठक को सम्बोधित करते हुये संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री वागीश दत्त पाण्डेय ने कहा कि अनुदानित विद्यालयों के शिक्षक घोर उपेक्षा के शिकार है और उन्हें अपना अधिकार तक नहीं मिल पा रहा है। संघ की मांगों को सरकार लगातार अनसुनी कर रही है ऐसे में एकजुटता और संघर्ष से ही समस्स्याओं का हल निकलेगा। उन्होने एकजुट होकर मांगों के समर्थन में संघर्ष करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि संघ द्वारा निरन्तर शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिये संघर्ष जारी है। निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम सामने आयेगें। कहा कि टेट प्रकरण पर सरकार की उदासीनता दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षकों को अपने अधिकारों के लिये सजग रहना होगा।बैठक में वीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखपत सिंह, उदयभान सिंह, विजय सिंह, धर्मराज चौधरी, चिन्तामणि, मान सिंह, देवंन्द्र कुमार शुक्ल, फूलचन्द चौधरी, मनोज यादव आदि ने सम्बोधित करते हुये बिन्दुवार शिक्षक समस्याओं को रखा और जोर दिया कि अधिकार के लिये संघर्ष तेज करते हुये सरकार पर नीतिगत दबाव बनाया जाय।

### भ्रष्टाचार की खुली पोल, आरआरसी सेंटर और शौचालय बने शोपीस

**देवरिया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जनपद के भटनी विकासखंड के डुमरी ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। गांव में लाखों रुपये की लागत से बना आरआरसी (रूरल रीडिंग सेंटर) पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है।ग्रामीणों का कहना है कि सेंटर का गेट टूटा पड़ा है और निर्माण के बाद से कभी इसका उपयोग नहीं हुआ। दीवारों पर सीलन और झाड़-झंखाड़ ने इमारत को जर्जर बना दिया है।सिर्फ यही नहीं, गांव में बना सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय केंद्र भी ताले में बंद मिला। न बिजली की व्यवस्था, न पानी की सुविधा। लोगों का कहना है कि शौचालय केवल कागजों में चालू दिखाया गया।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर प्रधान ने अपने घर के सामने सीमेंट की कुर्सियाँ तक बनवा लीं, जबकि जनता के लिए बनी सुविधाएँ उपेक्षित और बेकार पड़ी हैं।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई तो ग्राम पंचायत में बड़े स्तर पर घोटाले का पदार्फाश होगा।यह मामला न सिर्फ सरकारी धन की बबार्दी को उजागर करता है, बल्कि ग्रामीण विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत पर भी सवाल खड़े करता है।

### अवैध देशी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** थाना सोनहा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों विरेन्द्र कुमार उर्फ बब्बू तिवारी पुत्र रामदेव तिवारी निवासी मुड़िला थाना सोनहा जनपद बस्ती को 13 पाउच अवैध बन्टी बबली देशी शराब व घिराऊ पुत्र तिलक राम निवासी सिसवा बरुआर थाना सोनहा जनपद बस्ती को 14 पाउच अवैध बन्टी बबली देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना सोनहा पर उपरोक्त दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध क्रमशःपंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कारवाई की जा रही है ।

### रसोइया सम्मान व कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह में कर्मठ रसोइयों का सम्मान

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राजकीय इंटर कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश शुक्ल, उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश शुक्ल जी का जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को गरिमामय बना दिया। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे मुख्यमंत्री के रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रसोइया केवल भोजन तैयार करने वाली कर्मी नहीं, बल्कि विद्यालय परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं, जो बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और विद्यालय से जुड़ाव में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# नगर पालिका में एसडीएम के निरीक्षण पर संग्राम, अध्यक्ष ने पूछा- किसके आदेश से खंगाले अभिलेख

**कुशीनगर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर में बीते 20 अगस्त को एसडीएम द्वारा किये गये निरीक्षण को लेकर अब नगर पालिका अध्यक्ष का गुस्सा सार्वजनिक हो गया है। निरीक्षण के तरीके और अभिलेखों की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल ने सवाल खडा कर दिया है। अध्यक्ष की ओर से जारी पत्र में आरोप लगाया गया है कि निरीक्षण के दौरान नगर पालिका कार्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार करीब डेढ़ घंटे तक बंद रहा और विभिन्न कक्षों में जाकर अधिकारियों-कर्मचारियों से पंजिकाएं एवं अभिलेख मांगे गए। अध्यक्ष ने एसडीएम से पूछा है कि आखिर यह सब किस अधिकार और किस लिखित आदेश के तहत किया गया मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि अध्यक्ष किरन जायसवाल की ने अपने पत्र में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धाराओं का हवाला देते हुए निरीक्षण की वैधानिकता पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि यदि निरीक्षण और अभिलेखों की मांग के लिए मंडलायुक्त या किसी सक्षम प्राधिकारी ने कोई आदेश अथवा प्राधिकरण-पत्र जारी किया है तो उसकी प्रति नगर पालिका कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

**सुबह 10:10 बजे पहुंचे थे एसडीएम, डेढ़ घंटे बंद रहा मुख्य द्वार!** नगर पालिका अध्यक्ष के पत्र के मुताबिक, 20 अगस्त की सुबह करीब 10:10 बजे उपजिलाधिकारी राजस्व विभाग, तहसील कसया द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर का औचक निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष का कहना है कि निरीक्षण के दौरान कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार को लगभग 01:30 घंटे तक बंद रखा गया।पत्र में कहा गया है कि इससे आम नागरिकों, सभासदों, कर्मचारियों और अन्य कार्यालयीय कार्य से आने वाले लोगों को परेशानी हुई। यानी जिस कार्यालय में जनता अपने काम लेकर पहुंचती है, उसी कार्यालय का प्रवेश द्वार निरीक्षण के दौरान बंद रहने का आरोप अब विवाद का केंद्र बन गया है। अध्यक्ष किरन जायसवाल की ओर से भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न कक्षों में जाकर संबंधित कर्मचारियों से आधिकारिक पंजिकाएं और अभिलेख मांगे गए। यहीं से पूरा मामला ह्यऔचक निरीक्षण से आगे बढ़कर अधिकार क्षेत्र के सवाल पर पहुंच गया है।नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने पत्र में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 32 का हवाला देते हुए कहा है कि नगरपालिका के कार्यों और संचालन आदि का निरीक्षण निर्धारित प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है। पत्र में अधिनियम की धारा 17(2) का भी उल्लेख किया गया है। अध्यक्ष का कहना है कि अगर एसडीएम को निरीक्षण का अधिकार था तो उसका आधार भी होना चाहिए।

**मौखिक अधिकार नहीं, आदेश की प्रति दीजिए**

नगर पालिका अध्यक्ष ने एसडीएम को भेजे गये पत्र में मंडलायुक्त गोरखपुर द्वारा निरीक्षण, पंजिकाओं अथवा अभिलेखों की मांग के लिए यदि कोई लिखित आदेश या प्राधिकरण-पत्र जारी किया गया है तो उसकी प्रति नगर पालिका कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा है।

# इंटरसेप्टर वाहन से तेज रफ्तार पर पुलिस की नजर

**देवरिया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए देवरिया पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन व यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की । अभियान के दौरान रोडवेज बस स्टेशन, पूर्वा तिराहा, साकेत नगर मार्ग और न्यू कॉलोनी क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों का चालान किया। पुलिस का कहना है कि सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन यातायात बाधित करने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाते हैं। इसके अलावा यातायात निदेशालय से मिले अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन की मदद से गोरखपुर मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया। स्पीड लेजर गन के जरिए निर्धारित सीमा से अधिक रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों की गति मापी गई और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले चालकों के ई-चालान किए गए।चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, शराब पीकर व मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन न चलाने की सलाह दी। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बाढ़ के पानी में नहाते समय छात्र की डूबने से मौत

**गाजीपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कठवामोड स्थानीय थाना नोनहरा क्षेत्र के शहबाजकुली गांव के सामने रविवार सुबह गंगा नदी के बाढ़ के पानी में नहाते समय 18 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के शहबाजकुली गांव निवासी विशाल यादव (18) रविवार 23 अगस्त की सुबह करीब आठ बजे वह गांव के ही अन्य लड़कों के साथ शहबाजकुली गांव के सामने गंगा नदी के बाढ़ के पानी में नहा रहा था। इसी दौरान नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।विशाल को डूबता देखकर उसके साथ मौजूद लड़कों ने शोर मचाया । आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नदी में उतरकर छात्र की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने विशाल को नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की जानकारी तत्काल पुलिस चौकी अटवा मोड़ को दी गई। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने तक ग्रामीण शव को नदी से बाहर निकाल चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से घटना की जानकारी ली और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।परिजनों के अनुसार, विशाल के पिता कमलेश यादव की वर्ष 2012 में मृत्यु हो गई थी। परिवार में विशाल के अलावा एक भाई और एक बहन है। उसकी बहन वर्तमान में कक्षा 11 में पढ़ाई कर रही है। पिता की पहले ही मृत्यु हो जाने के बाद परिवार के लिए विशाल की असमय मौत किसी बड़े सदमे से कम नहीं है।

# बाढ़ प्रभावित 300 परिवारों को विधायक ने बांटी राहत सामग्री

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** विधानसभा हरैया के विकासखंड विक्रमजोत अंतर्गत ग्राम माझा किता अव्वल में बाढ़ एवं कटान से उत्पन्न परिस्थितियों का विधायक अजय सिंह ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं कठिनाइयों को गंभीरता से सुना।

बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए मौके पर 300 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। विधायक ने कहा कि शेष प्रभावित परिवारों को भी राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि संकट की इस घड़ी में किसी भी परिवार को आवश्यक सहायता



के लिए परेशान न होना पड़े। विधायक ने बाढ़ एवं कटान से हुए नुकसान का स्थलीय सर्वे कराकर पात्र प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने को कहा।उन्होंने कहा कि बाढ़ की इस कठिन घड़ी में हर प्रभावित परिवार अकेला नहीं है। सरकार पूरी मजबूती के साथ बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है। राहत सामग्री से लेकर नुकसान के मुआवजे तक प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराकर शासन की निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पात्र लोगों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस दौरान मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, नायब तहसीलदार विक्रमजोत आनंद यादव, ग्राम प्रधान परशुराम निषाद, राम फूल निषाद, सुनील, सिधारे, वीरेन्द्र, राकेश, राम बलि, करिया, अखिलेश सिंह, मार्शल तिवारी, नीरज शुक्ला, अनूप सिंह, प्रिन्स शुक्ला, संदीप चौधरी, लवकुश चौधरी, निर्मल सिंह, आशु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरी शंकर चौधरी के निधन पर शोक,श्रद्धांजलि सभा में उमड़े लोग

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** भारतीय किसान यूनियन के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मण्डल सचिव स्वर्गीय गौरी शंकर चौधरी की पुण्य स्मृति में उनके गांव साऊंघाट विकास खण्ड के खझौला गांव में शोक सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों, किसान नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर दिवंगत किसान नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।ज्ञात हो कि स्वर्गीय गौरी शंकर चौधरी का निधन 12 अगस्त 2026 को निधन हो गया था। भाकियू जिलाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी के संयोजन में



आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने गौरी शंकर चौधरी चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, सामाजिक सरोकारों तथा किसानों के हितों के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि किसान संगठन और समाज के प्रति उनका योगदान लंबे समय तक स्मरण किया जाता रहेगा।श्रद्धांजलि सभा में पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप चौधरी, प्रदेश सचिव दिवान चन्द पटेल, राम सिंह पटेल एवं सुभाष चंद्र किसान, मार्तेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. आर.पी. चौधरी, शोभा राम ठाकुर, महेन्द्र चौधरी, परमात्मा प्रसाद चौधरी तथा राजेंद्र चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। मण्डल अध्यक्ष जयराम चौधरी, मंडल महासचिव ब्रह्मदीन चौधरी, नायाब चौधरी, पंचराम तथा रामसागर चौधरी , बस्ती जिलाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी, जिला अध्यक्ष, सिद्धार्थनगर उपेंद्र कुमार यादव, जिला अध्यक्ष, संत कबीर नगर प्रेम नाथ उर्फ गुड्डू प्रधान , ब्रह्मदेव चौधरी, त्रिवेणी चौधरी, सत्य प्रकाश दुबे, रामकृष्ण चौधरी, राम प्रताप चौधरी, मुन्नू चौधरी एवं शंकर यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'गाजर घास' मानव स्वास्थ्य, फसलों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा

**संत कबीर नगर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कृषि विज्ञान केंद्र, संत कबीर नगर द्वारा गाजर घास जागरूकता कार्यक्रम 16 से 22 अगस्त 2026 तक 21वें राष्ट्रीय गाजर घास जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। अभियान के समापन अवसर पर 22 अगस्त को कृषि विज्ञान केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को गाजर घास के दुष्प्रभाव, नियंत्रण एवं उन्मूलन के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को गाजर घास के प्रसार को रोकने की शपथ भी दिलाई गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.पी.एन., गौतम ने कहा कि गाजर घास अत्यंत आक्रामक एवं तेजी से फैलने वाला खरपतवार है। विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में तेजी से बढ़ने, फूलने और बीज बनाने की क्षमता के कारण इसका प्रसार लगातार बढ़ रहा है। इससे फसलों की उत्पादकता के साथ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिक डॉ. देवेश कुमार ने कहा कि गाजर घास मानव स्वास्थ्य, पशुओं, कृषि फसलों तथा पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। इसके परागकणों के संपर्क में आने से एलर्जी, त्वचा संबंधी समस्याएं तथा श्वसन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में गाजर घास की पहचान कर इसके उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि गाजर घास का पौधा सामान्यतः 3झ्र4 फीट तक लंबा होता है तथा एक पौधा हजारों सूक्ष्म बीज पैदा कर सकता है। वैज्ञानिक डॉ. तरुण कुमार ने बताया कि गाजर घास को फूल आने से पहले उखाड़कर नष्ट करना इसके प्रसार को रोकने का प्रभावी उपाय है। उन्होंने इसके अवशेषों के सुरक्षित प्रबंधन, कम्पोस्ट निर्माण तथा प्राकृतिक खेती में जैविक संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया। वैज्ञानिक डा दुर्गेश कुमार मौर्य ने बताया की बीज हवा और पानी के माध्यम से तेजी से फैलते हैं।

धान, मक्का, ज्वार, सोयाबीन, मटर, तिल, गन्ना, बाजरा, मूंगफली, सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों में इसका प्रकोप देखा जाता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गाजर घास के उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। केंद्र की ओर से अपील की गई कि गाजर घास को फूल एवं बीज बनने से पहले उखाड़कर सुरक्षित रूप से नष्ट किया जाए, ताकि इसके प्रसार को प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बाराचवर का किया स्थलीय निरीक्षण

**गाजीपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला ने आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बाराचवर का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की स्थिति को देखते हुए वृहद मरम्मत हेतु निदेशालय को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। छात्राओं ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को छात्राओं की समस्याओं का समुचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित वार्डन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्राओं को समय से मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय में कुल नामांकित छात्राओं के सापेक्ष 53 छात्राएं उपस्थित मिलीं। विद्यालय में खराब पंखों को तत्काल रिपेयर कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान छात्राओं के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं की खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए एसडीएम मुहम्मदाबाद को क्षेत्र पंचायत अथवा ग्राम पंचायत के माध्यम से विद्यालय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट बनवाने के निर्देश दिए। छात्राओं द्वारा खो-खो कोर्ट बनवाने का अनुरोध किए जाने पर सहमति प्रदान की। जिलाधिकारी ने छात्राओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्राओं की आंखों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

साथ ही विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही डीबीटी का भुगतान शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन, बेहतर आवासीय सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं तथा खेलकूद की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# रसोइयों के मानदेय में 1,000 की वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा व दुर्घटना बीमा का मिलेगा लाभ

## जनपद के 6,808 रसोइयां होंगे लाभान्वित, कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सम्मान समारोह व कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण

**कुशीनगर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के अन्तर्गत विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभागार, रविन्द्र नगर, कुशीनगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बंदिता श्रीवास्तव ने की। मुख्यमंत्री जी द्वारा रसोइयों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए

उनके मानदेय को 2,000 से बढ़ाकर 3,000 प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही रसोइयों एवं उनके परिवारों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से ?5 लाख तक के कैशलेस चिकित्सा उपचार की सुविधा तथा ?2 लाख का दुर्घटना बीमा उपलब्ध



कराया गया है। प्रत्येक शैक्षिक सत्र में रसोइयों को दिए जाने वाले किचेन परिधान के लिए भी धनराशि 500 से बढ़ाकर 1,000 कर दी गई है। जनपद कुशीनगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से 40 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। इन जनकल्याणकारी निर्णयों से जनपद में कार्यरत 6,808 रसोइयां लाभान्वित होंगी। मानदेय में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा तथा किचेन परिधान की धनराशि बढ़ाए जाने से रसोइयों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, विधायक सदर पडरौना मनीष जायसवाल तथा बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने रसोइयों को शासन द्वारा प्रदान किए जा रहे लाभों को उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी नागेन्द्र मणि, खण्ड शिक्षा अधिकारी पडरौना एवं विशुनपुरा, जिला समन्वयक एम0डी0एम0 जितेन्द्र कुमार गौतम, जिला समन्वयक अखिलेश चौधरी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गौरव पाण्डेय, मधुरेन्दु शुक्ल, ऋषभ कुमार, शिव कुमार, अभिनाश शर्मा, नीरज बंका, रविन्द्र पाण्डेय, कन्हैया प्रसाद, हरेन्द्र यादव, अनिल मिश्रा, हेमन्त कुमार, सूरज साहा, रफिक खान, मुन्द्रिका भारती सहित अन्य कार्मिकों का सराहनीय सहयोग रहा।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रसोइयों ने शासन द्वारा मानदेय में वृद्धि एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक उत्साह एवं मनोयोग से करने की प्रेरणा मिलेगी।

# रक्षाबंधन से पहले रसोइयों को मुख्यमंत्री का बड़ा उपहार




**● मानदेय बढ़कर 3,000, 5 लाख तक कैशलेस इलाज, दुर्घटना पर 2 लाख सहायता और वस्त्र के लिए 1,000**

**● रक्षाबंधन से पहले जनपद के 3,306 रसोइयों को मुख्यमंत्री की चार बड़ी सौगातें**

उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री ने रविवार को लखनऊ के जुपिटर सभागार, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर से पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत मिड-डे मील रसोइयों के सम्मान समारोह में प्रदेश के 3.54 लाख रसोइयों को रक्षाबंधन से पहले महत्वपूर्ण सौगातें प्रदान कीं। इस अवसर पर रसोइयों के लिए कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया।

बता दें कि कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि आरपी निरंजन, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी, राष्ट्रीय लोक दल जिलाध्यक्ष ध्रुव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चैधरी, जिला विकास अधिकारी प्रशांत पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में रसोइया बहनों ने देखा और सुना। मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के हित में एक साथ चार महत्वपूर्ण सौगातों की घोषणा की गई। रसोइयों का मानदेय 2,000 से बढ़ाकर 3,000 प्रतिमाह किया गया है। दुर्घटना की स्थिति में 2 लाख की सहायता राशि स्टेट बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक रसोइया को प्रतिवर्ष 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। वहीं, वस्त्र एवं परिधान के लिए दी जाने वाली राशि को 500 से बढ़ाकर 1,000 प्रतिवर्ष किया गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि पीएम पोषण योजना के माध्यम से रसोइया बहनें बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके स्वस्थ एवं बेहतर भविष्य की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और दुर्घटना सहायता जैसी सौगातें प्रदान किया जाना उनके सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि रसोइया बहनों की मेहनत और सेवाओं का सम्मान करते हुए शासन द्वारा प्रदान की गई इन सुविधाओं का लाभ उन्हें पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। जनपद जालौन में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत 3,306 रसोइयाएं कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित इन सुविधाओं का लाभ जिले की सभी पात्र रसोइयों को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान रसोइया बहनों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। उपस्थित रसोइयों ने मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय में वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा सहित अन्य सौगातें दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड भी वितरित किए गए।

# कान्हा गौशाला पहुंचे डीएम, गोवंशों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सरसौखी कान्हा गौशाला में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पहुंचकर गौशाला में संरक्षित गोवंशों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


● गोवंशों को गुड़-चना खिलाकर जताया स्नेह, बेहतर देखभाल और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर का भ्रमण कर गोवंशों के रख-रखाव, चारा, पेयजल, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित गोवंशों को अपने हाथों से गुड़ एवं चना खिलाया। गोवंशों के प्रति स्नेह एवं संवेदनशीलता का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि गोवंशों का संरक्षण एवं उनकी बेहतर देखभाल शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। गौशाला में प्रत्येक गोवंश को पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए और गोवंशों के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जाए। बीमार एवं कमजोर गोवंशों को चिन्हित कर उनके उपचार एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला केवल गोवंशों को आश्रय देने का स्थान नहीं, बल्कि उनकी सेवा, सुरक्षा और बेहतर देखभाल का केंद्र है। इसलिए संबंधित अधिकारी नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहें और यह सुनिश्चित करें कि संरक्षित गोवंशों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गौशाला से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रशासन की सख्ती: अवैध खनन व ओवरलोडिंग में लिप्त 10 ट्रक व डंपरों को पकड़ा



जालौन/उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। ओवरलोड ट्रक से हादसे में हुई मौत के बाद प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। अवैध खनन व ओवरलोडिंग में लिप्त 10 ट्रक व डंपरों को पकड़ा गया। जिन पर लाख से अधिक जुमार्ना लगाया गया।

शनिवार की देर शाम ओवरलोड डंपर के औरैया रोड पर प्रतापपुरा के पास अचानक से मुड़कर दूसरी लेन में आ जाने के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई थी। इस हादसे के बाद प्रशासन ने ओवलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दी है। एसडीएम राकेश कुमार सोनी के नेतृत्व में परिवहन अधिकारी राजेश कुमार, खनन निरीक्षक की टीम ने बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे पर अवैध खनन व ओवरलोडिंग को रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। खनिज विभाग, परिवहन विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास से होकर ओवरलोडिंग और अवैध खनन का परिवहन कर रहे 10 ट्रक, डंपर पकड़े हैं। जिन पर 10 रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया गया है।

इस प्रशासनिक कार्रवाई से ओवरलोडिंग करने वाले ट्रक पर डंपरों के पहिए थम गए। टीम के जाने के बाद ही उनका संचालन शुरू हुआ। पकड़े गए ट्रकों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर मंडी में खड़ा कराया गया है। एसडीएम राकेश सोनी ने बताया कि ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें 10 ट्रकों को पकड़ा गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सावन के आखिरी सोमवार पर आज निकाली जायेगी कांवड़ यात्रा

जालौन/उरई , 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सावन के चैथे सोमवार को चैथी ठढ़ेश्वरी कांवर यात्रा 24 अगस्त को निकाली जायेगी। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। तीन वर्ष पूर्व से शुरू हुई ठढ़ेश्वरी कांवर यात्रा के आयोजक महेश ककईया ने बताया कि पिछली वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के चैथे सोमवार को ठढ़ेश्वरी कांवर यात्रा 24 अगस्त दिन सोमवार को सुबह आठ बजे उरई मार्ग पर स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पैट्रोल पंप से शुरू होगी। कांवर यात्रा मंदिर से देवनगर चैराहे से कोतवाली के सामने से काली माता मंदिर, कांजी हाउस से नगर पालिका के सामने से होते हुए महाकालेश्वर मंदिर चुर्खी बाल पहुंचेगी और जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा।

# बच्चों के साथ बैठकर डीएम ने किया भोजन, परखी खाने की गुणवत्ता



उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय आज दोपहर जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे तो माहौल कुछ अलग ही नजर आया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं से मिलने पहुंचे उनके परिजन भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने बच्चों और उनके परिजनों से सहजता से संवाद करते हुए विद्यालय की पढ़ाई, रहन-सहन और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से उनकी दिनचर्या और विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में सीधे बातचीत कर उनकी बात सुनी।

बता दें कि निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की रसोई पहुंचकर भोजन तैयार होने की व्यवस्था, साफ-सफाई और गुणवत्ता का जायजा लिया। इसके बाद वे भोजनालय कक्ष में पहुंचे, जहां मुख्य विकास अधिकारी और प्रधानाचार्य के साथ बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। बच्चों से केवल पूछकर संतुष्ट होने के बजाय जिलाधिकारी ने भोजन की गुणवत्ता को स्वयं परखने का निर्णय लिया और मुख्य विकास अधिकारी व प्रधानाचार्य के साथ बच्चों के बीच टेबल पर बैठकर भोजन किया। जिलाधिकारी को अपने साथ बैठकर भोजन करते देख छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। बच्चों के साथ सहज माहौल में बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने उनके अनुभव जाने और भोजन के स्वाद व गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए और उनकी सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं, इसलिए उनकी शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित एवं सुखद वातावरण का भी विशेष ध्यान रखा जाना जरूरी है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को बच्चों की आवश्यकताओं और सुझावों को प्राथमिकता के साथ सुनने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी का बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद करना, परिजनों से फीडबैक लेना और फिर उन्हीं के साथ बैठकर भोजन करना निरीक्षण को महज औपचारिकता से अलग बनाता नजर आया।

# अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाला

कोंच/उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जयप्रकाश नगर निवासी एक विवाहिता ने अपने पति और सास पर मारपीट गाली-गलौज एवं दहेज की मांग तथा घर से निकालने का आरोप लगाया है पीड़िता उमरा पत्नी राजा ने दिन रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायती पत्र के अनुसार उमरा ने राजा के साथ प्रेम विवाह किया था आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति राजा और सास सलमा आए दिन उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हैं पीड़िता का कहना है कि दोनों के द्वारा उसे घर से निकाल दिया गया है और अब उसे वापस घर में नहीं रखा जा रहा है। विवाहिता ने यह भी आरोप लगाया कि पति व ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग की जाती है तथा उसे तलाक देने की बात कहकर परेशान किया जाता है पीड़िता ने पुलिस से पति राजा और उसके परिवार के खिलाफ कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई करने तथा उसे न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

## ब्राह्मण महिला समाज की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन

जालौन/उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। नगर के एक गेस्ट हाउस में ब्राह्मण महिला समाज की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। ब्राह्मण महिला समाज की ओर से चुर्खी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित सावन महोत्सव में समाज की महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक प्रश्नोत्तरी से हुई, जिसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद म्यूजिकल चेयर रेस ने कार्यक्रम में खूब रंग जमाया। गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों पर महिलाओं और बाल कलाकारों ने तालियां बटोरीं।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कुठौंद/उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जनपद के कुठौंद थाना क्षेत्र में दो दिन पहले बोलेरो की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। 45 वर्षीय शीलू तिवारी ने कानपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ा। हादसे के बाद पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी।

बता दें कि सिरसा कलार थाना क्षेत्र के लोहई गांव निवासी शीलू तिवारी शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे बाइक से माधौगढ़ रोड स्थित पुष्पांजलि गेस्ट हाउस के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान बोलेरो वाहन (यूपी 92 क्यू 9050) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि शीलू बोलेरो में फंस गए। वाहन उन्हें घसीटते हुए माधौगढ़ स्टैंड तक ले गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन लेकर मौके से भागने लगा। माधौगढ़ तिराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों की नजर वाहन पर पड़ी। पुलिस ने पीछा कर बोलेरो को रोक लिया और उसे कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने हादसे की जांच शुरू की। गंभीर रूप से घायल शीलू को प्राथमिक उपचार के बाद उरई रेफर किया गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए कानपुर ले गए। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शीलू तिवारी अपने पीछे पत्नी और चार बच्चों को छोड़ गए हैं। इनमें एक बेटा और तीन बेटियां हैं। सभी बच्चों की उम्र 14 वर्ष से कम बताई जा रही है। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया है। हादसे के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

# कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन कल

कोंच/उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। कांग्रेस पार्टी की ओर से आगामी 25 अगस्त को नगर स्थित कलावती गार्डन में संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर दिन रविवार को कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने तैयारियां तेज करते हुए आयोजन की रूपरेखा तैयार की कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

बता दें कि कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी और ब्लॉक प्रभारी संजय कुशवाहा ने बताया कि संगठन सृजन कार्यक्रम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजस्थान के दौसा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद मुरारी लाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जालौन जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर करेंगे।

# इंदिरा नगर में जलभराव की शिकायत पर खुद पहुंचे जिलाधिकारी, राहत कार्यों का लिया जायजा

**● पंपिंग सेट लगाकर जलनिकासी का कार्य तेज, अधीनस्थों को दिए निर्देश**

उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। उरई के इंदिरा नगर क्षेत्र में जलभराव की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और जलनिकासी के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से जलभराव के कारणों तथा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए प्रभावित क्षेत्र में शीघ्र जलनिकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले तीन दिनों में हुई भारी बारिश के कारण खेतों में बड़ी मात्रा में पानी एकत्र हो गया था। इंदिरा नगर के आसपास नई बस्ती विकसित होने के साथ कई स्थानों पर खेतों में आवास भी बने हुए हैं। खेतों का पानी उरई रजवाहे में पहुंचने से नहर का जलस्तर बढ़ गया और ओवरफ्लो की स्थिति बनी। इसके चलते रजवाहे में लगभग पांच-छह स्थानों पर कटान होने से निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल नगर पालिका द्वारा पंपिंग सेट लगाए गए हैं और उरई रजवाहे के पानी को डायवर्ट कर जलनिकासी का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंपिंग सेट के माध्यम से जलनिकासी का कार्य लगातार जारी रखते हुए प्रभावित क्षेत्र से जल्द से जल्द पानी निकाला जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए पूरे क्षेत्र का सर्वे कराया जा रहा है। साथ ही उरई रजवाहे को पक्का किए जाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, जिससे भविष्य में कटान की समस्या पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, सिचाई विभाग के अधिशासी अभियंता धर्म घोष, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क पर शराबियों की मारपीट, वीडियो वायरल

उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। उरई कोतवाली क्षेत्र में रविवार को दो युवकों के बीच सड़क पर जमकर मारपीट हुई। दोनों नशे की हालत में थे और करीब 15 मिनट तक एक-दूसरे से भिड़ते रहे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें कि जानकारी के अनुसार यह घटना उरई के शहीद भगत सिंह चैराहे के पास हुई। किसी बात को लेकर दोनों युवकों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। वे एक-दूसरे को सड़क पर पटकते और हाथापाई करते रहे। सड़क पर चल रहे इस विवाद को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने दोनों को समझाने और अलग करने का प्रयास किया, लेकिन वे लगातार लड़ते रहे। काफी मशक्कत के बाद राहगीरों ने उन्हें अलग किया। इस दौरान किसी व्यक्ति ने पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें दोनों युवकों को सड़क पर मारपीट करते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर दोनों युवकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों के मानदेय में वृद्धि व कैशलेश चिकित्सा सुविधा की घोषणा

जालौन/उरई , 23 अगस्त (तरुणमित्र)। तहसील परिसर में रसोइयों के बढ़े वेतनमान का लाभ दिलाने और विभिन्न योजनाओं की जानकारी के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

पीएम पोषण योजना के तहत बेसिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में वृद्धि और कैशलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ देने की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई थी। रविवार को तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, एसडीएम राकेश सोनी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल और बीईओ ज्ञान प्रकाश अवस्थी रसोइयों को प्रतीकात्मक रूप से तीन हजार रुपये की चेक और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि बेसिक विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने में रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीमित मानदेय में भी वे प्रतिदिन पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। मानदेय बढ़ाए जाने और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलने से उन्हें राहत मिलेगी। एसडीएम राकेश सोनी ने रसोइयों और शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में रसोइयों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयां लगातार मेहनत करती हैं। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक आलोक खरे और एआरपी शिवकुमार राठौर ने किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा, भूरी देवी, समीउल्ला आदि रहे।

## शनि धाम मंदिर में 10 फलदार पौधों का किया गया रोपण

जालौन/उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा द्वारा शनि धाम मंदिर गूढ़ा न्यामतपुर में 10 फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधों को सुरक्षित रखने के लिए लोहे के ट्रीगार्ड भी लगाए गए। शनिधाम मंदिर पर पौधरोपण कार्यक्रम में सुशील कुमार बाजपेयी ने कहा कि पौधे हैं तो पृथ्वी पर हमारे आने वाला कल है। आज पर्यावरण का संतुलन पौधों के अंधाधुन दोहन से ही बढ़ा है।

# 'आरक्षण हटाओ आंदोलन' के तहत अनशन जातिगत आरक्षण की समीक्षा की उठाई मांग




उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। उरई में गांधी चबूतरा पर रविवार को 'आरक्षण हटाओ आंदोलन' के तहत अनशन किया गया। राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. अभिषेक दीक्षित के नेतृत्व में हुए आंदोलन में केंद्र और राज्य सरकार से जातिगत आरक्षण की व्यापक समीक्षा कर इसे चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की मांग की गई।

बताते चलें कि आंदोलनकारियों ने कहा कि उनकी मांग किसी जाति, समुदाय या वर्ग के विरोध में नहीं है। उनका उद्देश्य समान नागरिक अधिकार, योग्यता आधारित अवसर, सामाजिक समरसता और कानून के समान व निष्पक्ष अनुपालन को सुनिश्चित करना है। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और रोजगार में अवसर तय करते समय आर्थिक स्थिति, पारिवारिक परिस्थितियों, प्रतिभा और वास्तविक सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को भी आधार बनाया जाना चाहिए।

**यूजीसी के नए नियमों की समीक्षा की मांग**

आंदोलनकारियों ने यूजीसी के वर्ष 2026 के नए नियमों और विनियमों की पुनर्समीक्षा की मांग उठाई। उन्होंने आरोपित पक्षपातपूर्ण प्रावधानों की समीक्षा कर पारदर्शी व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया। उनका कहना था कि शिक्षा और रोजगार से जुड़े अवसरों में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें पात्रता और वास्तविक जरूरत को उचित महत्व मिले।

**एससी-एसटी एक्ट में सुधार की मांग**

एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम को लेकर आंदोलनकारियों ने कहा कि वास्तविक पीड़ितों को त्वरित न्याय और सुरक्षा मिलनी चाहिए। साथ ही निर्दोष नागरिकों को झूठे या दुर्भावनापूर्ण मामलों से बचाने के लिए निष्पक्ष जांच, उचित कानूनी प्रक्रिया और आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**सरकार से वार्ता और उच्चस्तरीय समिति बनाने की मांग**

आंदोलनकारियों ने सरकार से प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाने और मांगों पर विचार करने के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनशन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। आंदोलनकारियों ने कहा कि मांगों पर सकारात्मक पहल होने तक संवैधानिक और लोकतांत्रिक माध्यमों से आंदोलन जारी रखा जाएगा।

## ग्रामीण ने की अनियमितता, घटिया निर्माण व अपूर्ण कार्यों की शिकायत

जालौन/उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में विभिन्न विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता, घटिया निर्माण एवं अपूर्ण कार्यों को लेकर की गई शिकायत के निस्तारण पर सवाल उठाए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) द्वारा शिकायतकर्ता को अवगत कराया गया है कि संबंधित सचिव द्वारा आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने से जांच आख्या लंबित है। पत्र में शिकायत संदर्भ संख्या 40016526015373 दिनांक एक अगस्त 2026 का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि कुठौंदा बुजुर्ग निवासी शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह सेंगर द्वारा गांव में विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता, घटिया निर्माण एवं अपूर्ण कार्यों की शिकायत की गई थी। पत्र के माध्यम से शिकायतकर्ता को अवगत कराया गया है कि संबंधित सचिव से अभिलेख मांगे गए हैं लेकिन अभी तक सचिव द्वारा अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

# ग्राम रंगोली में पुल निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



उरई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। ग्राम रंगोली में मलंगा नाला पर निमार्णाधीन पुल का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं आवागमन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता में रखते हुए कार्य को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए।

बता दें कि निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सुनील कुमार ने जिलाधिकारी को बताया कि मलंगा नाला पर पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हाल में हुई भारी बारिश के कारण नाले में पानी का प्रवाह बढ़ने से आवागमन के लिए बनाया गया अस्थायी पुल क्षतिग्रस्त होकर बह गया था। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुल निर्माण कार्य को प्रभावित किए बिना आवागमन की सुविधा बहाल करने के लिए पाइप डालकर पक्का अस्थायी डायवर्जन तैयार किया जाए। उनके निर्देशों के अनुपालन में मौके पर डायवर्जन का कार्य तत्काल शुरू करा दिया गया है। अधिशासी अभियंता द्वारा पूरी टीम, मशीनरी एवं आवश्यक मानव संसाधन लगाकर कार्य को तेजी से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मौके पर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं। ग्रामीणों ने स्थायी रूप से पुल का निर्माण पूर्ण होने की आवश्यकता बताई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आने देने तथा कार्य की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि अस्थायी पक्के डायवर्जन का निर्माण दो से तीन दिन में पूरा कर आवागमन सुचारु करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और निर्धारित समय में डायवर्जन तैयार कर ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इससे ग्रामीणों की तत्काल समस्या का समाधान होने के साथ ही पुल का मूल निर्माण कार्य भी निर्बाध रूप से जारी रह सकेगा।

# रसोइया सम्मान समारोहः पीएम पोषण योजना के तहत मानदेय बढ़ोत्तरी एवं चिकित्सा कैशलेस कार्डों का हुआ वितरण

**बांदा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** परिषदीय विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के अर्न्तगत कार्यरत रसोईयों का सम्मान कार्यक्रम एवं चिकित्सीय कैशलेस कार्ड वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ के जुपिटर हॉल इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा किया गया गया। लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद बाँदा के रानी दुर्गावती सभागार विकास भवन में दिखाया गया। कार्यक्रम में जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से चिन्हित रसोईयों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




प्रतिभागित रसोईयों को मुख्य अतिथि श्रीमती मालती गुप्ता बासू नगर पालिका अध्यक्षा, बाँदा द्वारा चिकित्सीय कैशलेस कार्ड के प्रतीकात्मक कार्ड एवं बढ़े हुये मानदेय के प्रतीकात्मक चेक के वितरण के साथ सम्मानित भी किया गया। सीधे प्रसारण में मुख्यमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि पहले रसोईयों को दो हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय प्राप्त होता था। सरकार ने रसोईयों के हितों को ध्यान में रखते हुये दो हजार प्रतिमाह के मानदेय में वृद्धि करते हुये प्रतिमाह तीन हजार रुपए प्रदान किया गया है। बढ़े हुये मानदेय को सीधे डीबीटी के माध्यम से रसोईयों के बैंक खातों में हस्तान्तरित होगा। मानदेय में वृद्धि के साथ ही रसोईयों को सामाजिक सुरक्षा देते हुये दो लाख रुपए का दुर्घटना बीमा, पाँच लाख रुपए प्रतिवर्ष के हिसाब से कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था के साथ ही रसोईयों के साड़ी हेतु मिलने वाली धनराशि को दुगुना करते हुये एक हजार रुपए प्रतिवर्ष किया गया है। चूंकि रसोईयों के द्वारा परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को पौष्टिक भोजन पकाकर उनके स्वास्थ्य के साथ ही देश के भविष्य को सराहा जा रहा है। दो लाख रुपए के दुर्घटना बीमा से विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर आश्रितों को तत्काल लाभ प्राप्त होगा। बीमारी के चलते अब किसी भी रसोईया को इलाज हेतु भटकना नहीं पडेगा अब वे अपने साथ अपने परिवार को भी चिकित्सा का लाभ दे पायेंगी। बच्चों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होने वाली रुपए 1200/- की धनराशि को बच्चों की दो जोड़ी यूनीफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग इत्यादि में ही व्यय किये जाने हेतु अभिभावकों को शिक्षकों द्वारा जागरूक किया जाये। प्रत्येक जनपद में उच्चीकृत केजीबीवी (कक्षा 6 से 12), पी0एम0 विद्यालयों, अटल आवासीय विद्यालयों एवं सीएम अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना की जा रही है।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा जी द्वारा भी अपने उद्बोधन में कहा गया कि सरकार द्वारा रसोईयों के हित में निर्णय लेकर मानदेय में बढ़ोत्तरी के साथ ही पाँच लाख का चिकित्सा कैशलेस कार्ड, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी एवं परिधान हेतु धनराशि को दोगुना किया गया है।

## कमीशन खोरी की भेट चढ़ा नगर पालिका राठ जलभराव ने खोली विकास कार्यों के दावों की पोल

**हमीरपुर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राठ नगर में बारिश ने नगर पालिका प्रशासन की जल निकासी व्यवस्था की एक बार फिर पोल खोल दी है। बड़े-बड़े विकास के दावों के बीच कस्बे के कई मोहल्ले जलभराव की समस्या से जूझते नजर आ रहे हैं। बारिश होते ही गलियां पानी से लबालब हो जाती हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। हालांकि जलभराव वाले स्थानों पर मशीनों के जरिए पानी निकालने के प्रयास भी किए जा रहे हैं और नगर पालिका के कर्मचारी भी मौके पर जुटे हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब हर साल बरसात में यही समस्या दोहराती है, तो इसका स्थायी समाधान अब तक क्यों नहीं हो सका? नगरवासियों का कहना है कि बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या नई नहीं है। हर साल शिकायतें होती हैं, जिम्मेदारों की ओर से समाधान का भरोसा मिलता है, लेकिन बारिश थमते ही मामला फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है। अब सवाल यह है कि आखिर नगर पालिका परिषद राठ जलभराव की इस पुरानी समस्या का स्थायी समाधान कब करेगी? क्या हर साल मशीन लगाकर पानी निकालना ही व्यवस्था का स्थायी विकल्प रहेगा, या नगर को बेहतर जल निकासी व्यवस्था भी मिलेगी?

## कक्षा में सीलिंग फैन गिरने से तीन छात्र घायल,बड़ा हादसा टला

**हमीरपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सरीला कस्बा स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आज बुधवार की दोपहर कक्षा 12-ए में पढ़ाई के दौरान अचानक छत पर लगा पंखा नीचे गिर गया। पंखे की चपेट में आने से तीन छात्र घायल हो गए। हादसे के बाद विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। प्रधानाचार्य ने तत्काल घायल छात्रों को सीएचसी सरीला पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई।

जानकारी के अनुसार कक्षा 12-ए में सामान्य दिनों की तरह पढ़ाई चल रही थी। इसी दौरान छत पर लगे पंखे का हुक/नट-बोल्ट टूट गया और घूमता हुआ पंखा नीचे बैठे छात्रों पर जा गिरा। पंखे की पंखुड़ियों और लोहे की बॉडी की चपेट में आने से तीन छात्र ममना गाँव निवासी नागेंद्र (19) व अंश (19) तथा मनकहरी गाँव निवासी अनमोल (19)चोटिल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अभय गुप्ता तत्काल कक्षा में पहुंचे। उन्होंने घायल छात्रों को अपनी देखरेख में सीएचसी सरीला पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।प्रधानाचार्य अभय गुप्ता ने बताया कि पंखे का हुक/नट कटने के कारण हादसा हुआ। गनीमत रही कि किसी छात्र को गंभीर चोट नहीं आई। उपचार के बाद सभी छात्रों की स्थिति सामान्य पाए जाने पर उन्हें सुरक्षित घर भेज दिया गया। हादसे में पंखा सीधे किसी छात्र के सिर पर नहीं लगा, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना के बाद विद्यालय में छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कुछ कक्षाओं में नए पंखे लगाए जा चुके हैं, जबकि शेष कक्षाओं के पंखे भी बदले जाएंगे।

## सम्मान समारोह आयोजित, बढ़े मानदेय और स्वास्थ्य सुविधाओं से रसोइयों में खुशी

**ललितपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में आयोजित रसोइया सम्मान समारोह के सजीव प्रसारण के क्रम में रविवार को जनपद ललितपुर के कल्याण सिंह सभागार में रसोइया सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए रसोइयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल पंथ, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद कम्पोजिट विद्यालय बुढ़वार की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर दी गई शानदार प्रस्तुति की अतिथियों ने सराहना की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शकुन्तला कुशवाहा एवं उनकी टीम की भी प्रशंसा की गई। इसके पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित रसोइया सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण उपस्थित लोगों को दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकासखंडों से आईं 21 रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए रसोइयों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि मुख्यमंत्री



द्वारा रसोइयों का मानदेय ?2,000 से बढ़ाकर ?3,000 किया गया है। साथ ही रसोइया वस्त्र परिधान के लिए ?1,000 की धनराशि तथा ?5 लाख तक का कैशलेस चिकित्सा कार्ड उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा रसोइयों के हित में उठाए गए इन कदमों से उनके सम्मान और सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि होगी। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों का मानदेय बढ़ाने के साथ उनका सम्मान भी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने रसोइयों के लिए ?2 लाख तक के दुर्घटना बीमा की घोषणा का भी स्वागत किया।मुख्य विकास अधिकारी शेषनाग चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का धरातल पर प्रभावी एवं पूर्ण मनोयोग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका अभिलाषा चौधरी एवं निओमी लाल ने संयुक्त रूप से किया।

## रसोइयों का सम्मान कर वितरित किए कैशलेस चिकित्सा कार्ड



**खखरेरू / जहानाबाद/ फतेहपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** पीएम पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में कार्यरत विजयीपुर और धाता विकासखंड की रसोइयों का सम्मान समारोह नगर पंचायत खखरेरू के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत खखरेरू के चेयरमैन ज्ञान चंद्र केसरवानी रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव प्रसारण के माध्यम से रसोइयों को चार बड़ी सौगातों की जानकारी दी गई। इसमें रसोइयों का मानदेय 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किए जाने, दुर्घटना की स्थिति में परिवार को दो लाख रुपये की सहायता, पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए कैशलेस चिकित्सा कार्ड तथा साड़ी के लिए मिलने वाली राशि 500 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये किए जाने की घोषणा शामिल रही।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्साधीक्षक डॉ. राजू राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। इसमें रसोइयों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही पात्र रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में विजयीपुर खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव, धाता खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव समेत दोनों विकासखंडों के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने रसोइयों द्वारा विद्यालयों में बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। वहीं जहानाबाद संवाददाता के अनुसार प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों के सम्मान में रविवार को अमौली रोड स्थित गेस्ट हाउस में समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव प्रसारण के बाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने रसोइयों को सम्मानित कर कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए।

विधायक ने कहा कि सरकार ने रसोइयों का मानदेय दो हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है। पोशाक की राशि भी बढ़ाकर एक हजार रुपये की गई है। कार्यक्रम में बीडीओ राहुल कुमार, बीईओ प्रवीण कुमार शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अतर सिंह पटेल समेत शिक्षक, रसोइया व अन्य लोग मौजूद रहे।

## पंखे में उतरा करंट युवक की मौत

**हथगाम / फतेहपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** तेरहवीं संस्कार में शामिल होने आए 3 युवक की पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी अनूप सिंह यादव (35) पुत्र शिव भूषण अपने रिश्तेदार बुआ के घर तेरहवीं संस्कार में शामिल होने सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव मजरे ईजुरा बुजुर्ग आया था। कार्यक्रम के दौरान अनूप पास में रखे फरार्टा पंखे को हाथ से घुमाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। हादसा होते ही मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगांव लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## मनकामेश्वर धाम में रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारा आज

**फतेहपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कस्बा हथगाम स्थित सिद्ध मनकामेश्वर धाम मंदिर में आज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व मंदिर में रुद्राभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

हर वर्ष आयोजित होने वाले इस भंडारे में हथगाम कस्बे के अलावा आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रसाद वितरण की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नगर पंचायत हथगाम के नामित सभासद विनीत कुमार तिवारी ने आयोजन की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

मनकामेश्वर धाम क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सावन के धार्मिक माह में यहां होने वाले आयोजनों में श्रद्धालुओं की विशेष भागीदारी रहती है। विशाल भंडारे को लेकर मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में भी चहल-पहल बढ़ गई है।

### रक्षाबंधन-बारावफात पर पुलिस की पैनी नजर

**जहानाबाद/फतेहपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रक्षाबंधन और बारावफात पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई। सीओ प्रयांक जैन ने दोनों समुदायों से पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने, अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में थाना प्रभारी योगेश कुमार समेत दोनों समुदायों के संभ्रांत लोग, ग्राम प्रधान व व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे

### एरिया बंटवारे को लेकर किन्नरों के दो गुट आमने-सामने

**हथगाम/फतेहपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बे में रविवार को बधाई नेग लेने के क्षेत्र के बंटवारे को लेकर किन्नरों के दो गुट आमने-सामने आ गए। मंडवा मोड़ पर कहासुनी के बाद मारपीट और हंगामा शुरू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

## एएसएमसी ललितपुर में 58 वर्षीय वरिष्ठ फार्मासिस्ट का हुआ सफल आपातकालीन उपचार

**ललितपुर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** ललितपुर के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (ASMC), ललितपुर में वरिष्ठ फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत 58 वर्षीय संजय साहू को गंभीर बेहोशी की अवस्था में ASMC ललितपुर लाया गया। प्रारंभिक जांच एवं चिकित्सकीय मूल्यांकन में मरीज को कार्डियक अरेस्ट के साथ गंभीर स्ट्रोक की स्थिति की पुष्टि हुई। मरीज की अत्यंत गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकीय टीम द्वारा तत्काल कार्डियोपल्मोनरी रीससिटेशन (CPR) एवं आवश्यक आपातकालीन उपचार प्रारंभ किया गया। स्ट्रोक में रक्त के थक्के को घोलने के उद्देश्य से मरीज की स्थिति एवं निर्धारित चिकित्सकीय मानकों के अनुसार थ्रोम्बोलाइटिक उपचार विशेषज्ञ निगरानी में दिया गया। चिकित्सकीय टीम के अथक प्रयासों से मरीज में सफलतापूर्वक कार्डियक रीससिटेशन किया गया। स्थिति को देखते हुए आगे के विशेषज्ञ उपचार एवं निगरानी के लिए मरीज को कार्डियोलॉजिस्ट के पास रेफर किया गया। सफल आपातकालीन उपचार में डॉ. यासुब रिजवान एवं नर्सिंग ऑफिसर पवन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम की तत्परता, आपसी समन्वय एवं समय पर किए गए जीवनरक्षक प्रयासों से मरीज को तत्काल आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सकी। प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के प्रयासों का परिणाम है कि ASMC ललितपुर में अब तक 37 मरीजों को इस जीवनरक्षक थ्रोम्बोलाइटिक उपचार की सुविधा सफलतापूर्वक प्रदान की जा चुकी है। समय रहते स्ट्रोक के मरीज की सही पहचान कर, उपयुक्त मरीज में निर्धारित समय-सीमा के भीतर यह उपचार उपलब्ध कराया जाए तो मरीज के बेहतर परिणाम एवं जीवन बचने की संभावना में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है।

## जिलाधिकारी ने गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का किया निरीक्षण

### साफ-सफाई एवं व्यवस्थाएं बेहतर करने के दिए निर्देश

**चित्रकूट, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने आज गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया का स्थलीय निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार पाल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्मित नाला महाविद्यालय परिसर के पास समाप्त हो जाता है, जिसके कारण वर्षा के दौरान पानी परिसर में भर जाता है। इससे महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल के क्षतिग्रस्त होने एवं गिरने की समस्या बनी रहती है। साथ ही ग्राम पंचायत की ओर से आने वाली छोटी नाली के कारण भी जल निकासी की समस्या उत्पन्न होती है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला पंचायत के माध्यम से स्थल का निरीक्षण कराकर जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्य का आकलन कर एस्टीमेट तैयार कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटी नाली को बड़ी नाली से जोड़कर समुचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल को क्षति से बचाया जा



सके। जिलाधिकारी ने महाविद्यालय परिसर के पार्कों एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर कराने के निर्देश प्राचार्य को दिए। फर्श पर जमी गंदगी एवं काई के संबंध में उन्होंने ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर परिसर की समुचित साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित कराने को कहा।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने बीएससी प्रथम वर्ष की कक्षा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन करें और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, सफलता अवश्य प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने छात्राओं से महाविद्यालय में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। छात्राओं द्वारा लाइब्रेरी से संबंधित समस्याएं बताई गईं, जिस पर जिलाधिकारी ने उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 64 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**महोबा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत रविवार को जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से कम्युनिटी हॉल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 64 कन्याओं का विवाह विधि-विधान एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित वर-वधुओं को सुखमय दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान विवाह




स्थल पर खुशी और उत्सव का माहौल रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और विवाह तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र परिवारों को एक लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये की धनराशि, 21 हजार रुपये की सामग्री तथा 15 हजार रुपये भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। इससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह में आर्थिक राहत मिलती है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से भी बेटियों के जन्म और शिक्षा के विभिन्न चरणों में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार महिलाओं और गरीब परिवारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस तथा निशुल्क राशन वितरण जैसी योजनाएं भी संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा बेटियों को सम्मान और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराना है। समारोह में उपनिदेशक कृषि, डीसी एनआरएलएम अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विवाह समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई,18 ट्रक पकड़े 22 लाख रुपये के जुर्माने की नोटिस

**चित्रकूट, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निदेर्शानुसार अवैध खनन और खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार को प्रशासन, पुलिस, खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अलग-अलग मार्गों पर हुई जांच में ओवरलोड और बिना वैध प्रपत्रों के संचालित किए जा रहे 18 ट्रक पकड़े गए। इन वाहनों पर करीब 22 लाख रुपये राजस्व वसूली की नोटिस जारी की गई है।

कार्रवाई से ट्रक संचालकों में खलबली मची रही। संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान कई ट्रकों में निर्धारित मानक से अधिक खनिज लदा मिला। वहीं, कुछ वाहन चालक खनिज परिवहन से संबंधित वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित थानों में खड़ा कराया। जांच के दौरान पकड़े गए 18 वाहनों में से 13 ट्रकों को पहाड़ी थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। इसके अलावा एक-एक ट्रक राजापुर और भरतकूप थाना परिसर में खड़ा कराया गया। तीन वाहनों के खिलाफ ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की गई।

अधिकारियों के अनुसार सभी मामलों में खनिज और परिवहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## सोना ले जा रही कार पकड़ी, दो गिरफ्तार

**कन्नौज, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तालग्राम निकवा गांव कट के निकट नेपाल से सोने की खेप ले जा रही कार में 10 किलो 370 ग्राम विदेशी सोना बरामद किया गया । यह कार गोरखपुर से चलकर संत कबीर नगर, बस्ती ,अयोध्या ,बाराबंकी ,लखनऊ, उन्नाव, कानपुर ,जैसे 6 बड़े जिलों को पार करते हुए कन्नौज जिले की सीमा में दाखिल होकर पुलिस के हाथों फस गई जिसमें 10 सोने की 1 किलोग्राम वजन के लगभग बड़े ईंटें बरामद हुई पुलिस के हाथ लगी आकर ।अपनी बदकिस्मती से पुलिस की सरकारी जीप से टच हो जाने के बाद सोने की तस्करी का राज सामने आ गया ।जिसमें सोने के साथ-साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें एक कार चालक तथा एक नेपाली व्यक्ति शामिल है।

# पुलिस पर फायरिंग कर भागे बदमाशों को दबोचा, एक घायल

**कौशाम्बी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में पिछले कई महीनों से चोरी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की चुनौती बने शातिर बदमाशों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रोही चौराहे पर देर रात चेकिंग के दौरान कोखराज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। तीन अन्य आरोपितों को पुलिस ने मौके पर ही घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक लाख रुपये से अधिक नकदी, पीली और सफेद धातु के गहने, अवैध तमंचा, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर गाड़ी बरामद की है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक, कोखराज थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चोरी और नकबजनी की कई घटनाएं हुई थीं। इन मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। घटनाओं के खुलासे को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने कई टीमों का गठन कर बदमाशों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए थे। इसके बाद कोखराज पुलिस और एसओजी टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटाई और सर्विलांस की मदद से बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास शुरू किया। 22/23 अगस्त की रात पुलिस और एसओजी टीम रोही चौराहे पर गश्त और वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से संदिग्ध वाहन के आने की सूचना मिली।

पुलिस टीम ने वाहन को रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार लोग गाड़ी मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी की तो बदमाश वाहन से उतरकर भागने लगे। पुलिस का कहना है कि इसी दौरान एक बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उसने दोबारा गोली चला दी। इसमें प्रभारी निरीक्षक कोखराज बाल-बाल बच गए। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें अलीशान नामक बदमाश के पैर में गोली लग गई। वह घायल होकर गिर पड़ा। वहीं पुलिस ने उसके तीन साथियों को भी पकड़ लिया। घायल बदमाश के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने चारों आरोपितों के पास से चोरी के गहने और एक लाख रुपये से अधिक नकदी भी बरामद की है।

**चार महीने से करते थे रेकी, रात में घरों को बनाते थे निशाना**

पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे पिछले करीब चार महीने से अलग-अलग इलाकों में पहले रेकी करते थे। इसके बाद रात में घरों के ताले तोड़कर और दीवार में सेंध लगाकर नकदी, गहने, कपड़े और अन्य कीमती सामान चोरी करते थे। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे चोरी के माल को बेचने और नई जगहों पर वारदात के लिए रेकी करने प्रयागराज जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# देवली में 1.41 करोड़ की लागत से बन रहा उत्सव भवन, संयुक्त निदेशक पंचायती राज ने किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** प्रतापगढ़ विकासखंड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत देवली में जिले का पहला उत्सव भवन पंचायती राज विभाग की ओर से बनाया जा रहा है। इसके निर्माण पर कुल 1.41 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। निर्माण के पश्चात इससे देवली सहित आसपास की 15 से 20 ग्राम पंचायत के परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है।



वित्तीय वर्ष 2024 25 में ग्राम पंचायत राज विभाग की ओर से बेला को एक उत्सव भवन की सौगात दी गई थी। इसका निर्माण किस ग्राम पंचायत में कराया जाएगा यह प्रशासन स्तर पर तय किया जाना था तत्कालीन डीएम शिव सहाय अवस्थी ने उत्सव भवन का निर्माण करने के लिए, लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत देवली का चयन किया था जिसके पश्चात उत्सव भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराई गई।

वर्तमान में उत्सव भवन की दीवारें लगभग पूरी हो चुकी है और छत बनाने की तैयारी चल रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2027 में यह शादी समारोह के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। अभी हाल में निमार्णाधीन उत्सव भवन का निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त निदेशक पंचायती राज विभाग एसएन सिंह ने निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री पर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ श्रीकांत दर्वे, डीपीएम रोशन सिंह, सेक्रेटरी आलोक पांडे, पंचायत सहायक सत्यम यादव आदि मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक पंचायती राज ने देखा कि ग्राम पंचायत देवली में आठ कमरे का पंचायत सचिवालय निर्मित है और पंचायत भवन में साफ सफाई अच्छी पाई जाने के साथ सभा कक्ष में एलईडी, टीवी लगी पाए जाने पर खुशी व्यक्त की।

# प्रमोद तिवारी की बढ़ी सुरक्षा सरकार ने दी बुलेट प्रूफ जैकेट

**लालगंज, प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सुरक्षा एजेन्सियों और खुफिया रिपोर्ट को लेकर सरकार ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की सुरक्षा को और पुख्ता बनाया है। सांसद प्रमोद तिवारी को बुलेट प्रूफ जैकेट धारण करने वाले दिग्गज नेताओं की श्रेणी में शामिल किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सलाह पर प्रदेश सरकार ने हालही में सुरक्षा समीक्षा की है। इसके तहत विशिष्ट नेताओं के खतरे के आकलन के आधार पर प्रमोद तिवारी की सुरक्षा भी बढ़ाई गयी है। सरकार ने सांसद प्रमोद तिवारी को पहले से ही सुरक्षा आकलन के आधार पर जेड श्रेणी की अति विशिष्ट सुरक्षा का घेरा प्रदान कर रखा है।



राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता होने के नाते प्रमोद तिवारी राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय पटल पर भारतीय पक्ष का सशक्त प्रतिनिधित्व भी किया करते हैं। हाल ही के जम्मू कश्मीर में उच्च स्तरीय संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने जम्मू कश्मीर को भारत के अभिन्न अंग के साथ पाक अधिकृत कश्मीर को भी देश के अधिकृत हिस्से के रूप में भी अपनी आवाज बुलंद की थी। वहीं विपक्ष के उपनेता के रूप में वैदेशिक संसदीय प्रतिनिधि मंडल के साथ कई वार्ताओं का प्रतिनिधित्व करते हुए भी भारत से जुड़े, अर्न्तराष्ट्रीय मसलों पर प्रमोद तिवारी ने देश का मजबूती से सशक्त पक्ष रखा है।

# रसोइयों को सम्मान के साथ सुरक्षा की सौगात, मानदेय बढ़ा तो खिल उठे चेहरे

**कौशाम्बी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों के सम्मान एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित सम्राट उदयन सभागार में गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में रसोइयों को सम्मानित करने के साथ ही सरकार की ओर से मानदेय वृद्धि, स्वास्थ्य सुरक्षा और दुर्घटना बीमा जैसी महत्वपूर्ण सौगातों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक पूजा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रतिभा कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीमा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में सभागार में उपस्थित रसोइयों ने लखनऊ से प्रसारित मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा।



मुख्यमंत्री ने रसोइयों के मानदेय में एक हजार रुपये की वृद्धि करते हुए इसे तीन हजार रुपये करने की घोषणा की। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा के तहत पांच लाख रुपये तक के कैशलेस चिकित्सा कार्ड, भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से दो लाख रुपये के दुर्घटना बीमा कवर तथा रसोइयों की ड्रेस के लिए मिलने वाली धनराशि को पांच सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये करने की घोषणा की गई।

इन चार बड़ी सौगातों की जानकारी मिलते ही सभागार में मौजूद रसोइयों के चेहरे खुशी से खिल उठे। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि रसोइयां विद्यालयों में केवल भोजन तैयार करने का काम नहीं करतीं, बल्कि अपने ममता, सेवा-भाव और समर्पण से बच्चों के बीच परिवार जैसा माहौल बनाती हैं। उन्होंने रसोइयों की भूमिका को विद्यालयी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। विधायक पूजा पाल ने रसोइयों के हित में की गई घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के हित और सम्मान को ध्यान में रखकर योजनाएं चला रही है और पात्र लोगों तक उनका लाभ पहुंचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास की भावना के साथ काम कर रही है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास और कल्याण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी निभाने वाली रसोइयां वास्तव में पोषण की प्रहरी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद में केरल की तर्ज पर बनेंगी सड़कें

**प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिला पंचायत, प्रतापगढ़ के अपर मुख्य अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रतापगढ़ जनपद में केरल की तर्ज पर बेहतर गुणवत्ता वाली सड़के बनाई जायेंगी जो मजबूत और टिकाऊ होंगी। उन्होंने बताया कि वह टिकाऊ सड़कों के निर्माण से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने केरल गए हुए हैं। प्रतापगढ़ में ठेकेदारों और इंजीनियरों को भी सड़कों के निर्माण आदि हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वह ग्रामीण अंचलों में बेहतर गुणवत्ता वाली मजबूत सड़कें,नाली व नालों को प्रयोग के तौर पर बनवाएंगे।

### प्रताड़ना को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** पीड़िता को ससुराली जनों द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जाने तथा गाली गलौज को लेकर लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवली के बैजलपुर निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता की पत्नी रक्षा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह कोतवाली क्षेत्र के बसंतगंज में अपने पति के साथ रहती है। बीती सात अगस्त को उसका देवर संदीप उर्फ रिंकू तथा ससुर सत्यनारायण गुप्ता उसके घर आये। आरोपियों द्वारा पीड़िता को गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी दी गयी। शिकायत करने पर देवरानी रोशनी ने भी उसे फर्जी मुकदमें में फंसाने को लेकर धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सत्यनारायण, संदीप उर्फ रिंकू पुत्र सत्यनारायण तथा देवेन्द्र की पत्नी रोशनी के खिलाफ गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

### एसपी चारू निगम की हुई भावुक विदाई

**सुलतानपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक चारू निगम के स्थानांतरण पर रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह भावुक कर देने वाला रहा। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने उनके कार्यकाल को यादगार बताते हुए उनके नेतृत्व और कार्यशैली की जमकर सराहना की।



अपने कार्यकाल में एसपी चारू निगम ने अनुशासन, संवेदनशील पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता दी। पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैया उनकी कार्यशैली की खास पहचान रहा। उनके कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई महत्वपूर्ण अभियानों को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया। विदाई समारोह में अधिकारियों ने कहा कि एसपी चारू निगम की कर्मठता, सादगी और नेतृत्व क्षमता पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायी रही। उनके स्थानांतरण से पुलिस महकमे में भावुक माहौल रहाअधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुल्तानपुर पुलिस उनके कार्यकाल और योगदान को हमेशा याद रखेगी।

### शिव धाम टिकरिया से निकला कांवड़ियों का जत्था

**सुलतानपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** शिव धाम टिकरिया से निकला हजारो की संख्या मे कावडियो का जत्था धम्मौर थाना क्षेत्र के टिकरिया शिव धाम मंदिर से हजारों की संख्या में श्री महंत दर्शन चैतन्य महाराज जी के सानिध्य में शिव धाम से दोपहर 1:00 बजे से गाजे-बाजे के साथ निकली कावंड यात्रा टिकरिया, भाँई, लौहर दक्षिण, वाराताली, दिखौली, दुबेपुर, डिहवा, अमहट होते हुए सीता कुंड घाट पर पहुंच कर रात विश्राम के पश्चात कांवरियों द्वारा मां गोमती में स्नान कर मां गोमती के जल से शिव धाम मंदिर पर करेंगे जलाभिषेक शिव धाम मंदिर से निकले कावड़ियों का जगह-जगह जलपान कराकर भव्य स्वागत किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिरुद्ध यादव, करमचंद यादव, मनीष सिंह, जयप्रकाश वर्मा, राजेश यादव, दिनेश यादव, शिवप्रसाद गुप्ता, महेश मौर्या, राजकुमार यादव, समाजसेवी रमेश श्रीवास्तव, अजीत गुप्ता, ग्राम प्रधान बहलोलपुर बृजेश यादव, ग्राम प्रधान कानूपुर लक्ष्मी नारायण तिवारी, आदि लोगो द्वारा कांवरियों का किया गया भव्य स्वागत।

### गंगा-यमुना का जलस्तर स्थिर, सभी तटबंध सुरक्षित

**प्रयागराज, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा और यमुना का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से काफी नीचे बना हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से 23 अगस्त को सुबह आठ बजे जारी जलस्तर रिपोर्ट के अनुसार दोनों नदियों के सभी तटबंध सुरक्षित हैं और कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। हालांकि, पिछले 24 घंटे में फाफामऊ में गंगा के जलस्तर में 16 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि नैनी में यमुना का जलस्तर छह सेंटीमीटर घटा है। जिला प्रशासन के अनुसार प्रयागराज में बाढ़ का खतरे का निशान 84.734 मीटर निर्धारित है। 23 अगस्त की सुबह आठ बजे यमुना का जलस्तर नैनी में 80.63 मीटर दर्ज किया गया। यहां पिछले 24 घंटे में जलस्तर में छह सेंटीमीटर की कमी आई है। नैनी क्षेत्र में इस अवधि में 53.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# महिला आयोग की सदस्य कल जनसुनवाई निरीक्षण व संवाद कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा आज और कल प्रतापगढ़ के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण, जनसुनवाई और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद के साथ रक्षाबंधन उत्सव में भी शामिल होंगी।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा कौशाम्बी के भरवारी स्थित कैंप कार्यालय से प्रतापगढ़ के लिए रवाना होंगी। अपरान्ह 5.30 बजे निरीक्षण भवन, प्रतापगढ़ पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगी।

25 को सुबह 8 बजे आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कराया जाएगा। इसके बाद पूर्वान्ह 9 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा। पूर्वान्ह 11 बजे मेडिकल कॉलेज, प्रतापगढ़ पहुंचकर निरीक्षण करेंगी और प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगी। इसके बाद अपरान्ह 1 बजे विकास भवन में जनसुनवाई एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। यहां वह आमजन और महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी।

अपरान्ह 2 बजे विकास भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी। बैठक में पिछली जनसुनवाई में सामने आए प्रकरणों की आख्या प्रस्तुत की जाएगी और उनके निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद अपरान्ह 3.30 बजे अफीम कोठी में सदर तहसील क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करेंगी।

# आज संयुक्त दौरे पर रामपुर खास आयेंगे प्रमोद व मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना आज सोमवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे हरनाहर तथा इसके बाद जलेसरगंज, पुरवारा, असरही में ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे। सांसद व विधायक दिन में एक बजे लालगंज कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात के साथ जन समस्याओं की सुनवाई भी करेंगे। इसके बाद दोनों नेता शाम चार बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में आयोजित धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी।

# यूपी-जापान निवेश मीट प्रतिनिधिमंडल का डीएम ने किया स्वागत

**सुलतानपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** यूपी-जापान निवेश मीट 2026 के पांचवें दिन उत्तर प्रदेश और जापान के बीच मैत्रीपूर्ण संवाद का अवसर सुलतानपुर में भी देखने को मिला। वाराणसी की यात्रा के दौरान जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी और उप गवर्नर जुनिची इशिदेरा समेत जापानी प्रतिनिधिमंडल ने 140 लोगो के साथ सुलतानपुर में संक्षिप्त पड़ाव किया। इस दौरान सुलतानपुर के जिला अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने जापानी मेहमानों का स्वागत किया और उनसे मुलाकात कर अपनी मेहमाननवाजी का परिचय दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ हुए संक्षिप्त संवाद में दोनों देशों के बीच आपसी मित्रता, सांस्कृतिक संबंधों और सहयोग की भावना को लेकर चर्चा हुई। यमानाशी प्रीफेक्चर का प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की यात्रा के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं और आपसी सहयोग को समझने के उद्देश्य से पहुंचा है।

यूपी-जापान निवेश मीट 2026 के माध्यम से उत्तर प्रदेश और जापान के बीच निवेश, औद्योगिक सहयोग तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सुलतानपुर में जापानी प्रतिनिधिमंडल के संक्षिप्त पड़ाव को दोनों देशों के बीच बढ़ते संवाद और मैत्रीपूर्ण संबंधों की कड़ी के रूप में देखा गया। इस दौरान स्वागत और मुलाकात का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा। साथ ही जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था में लगे रहे।

# जलभराव का स्थायी समाधान होगा, पूरे प्रयागराज का कराया जाएगा सर्वे : महापौर

**प्रयागराज, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** शहर में जलभराव और जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब पूरे प्रयागराज का सर्वे कराया जाएगा। यह बातें कहते हुए शनिवार को महापौर गणेश केसरवानी ने अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उनकी समस्या के स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जलभराव से जुड़ी नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारण कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रयागराज के स्मार्ट सिटी मीटिंग हॉल में शनिवार को महापौर गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में शहर की जल निकासी, वर्षा जलभराव, नाला-नालियों की सफाई, सीवर व्यवस्था और एसटीपी से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि केवल बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का अस्थायी समाधान करने के बजाय ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां बार-बार पानी भरता है। इन स्थानों पर जल निकासी की उचित व्यवस्था कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रमुख नालों और जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई कराने के भी निर्देश दिए।

# दहेज हत्या मामले में पति गिरफ्तार, औजार बरामद

**प्रयागराज, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** उप्र के प्रयागराज जिले में स्थित होलागढ़ थाना की पुलिस टीम ने शनिवार को दहेज हत्या मामले में मृतका के पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त औजार बरामद किया गया। पुलिस टीम आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित प्रयागराज के होलागढ़ थाना क्षेत्र के रामगुलाम का पुरा गांव निवासी धर्मेंद्र सरोज उर्फ तमन्ने है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया था।

# रसोइयों के सम्मान के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा का उपहार 6002 रसोइयों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

**प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** पीएम पोषण योजना के अंतर्गत श्री हरि पैलेस, प्रतापगढ़ में रसोइया सम्मान एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार कर अपनी जिम्मेदारी निभाने वाली रसोइयों को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा की सौगात दी गई।



मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत जनपद में कार्यरत 6002 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। रसोइयों को 5 लाख तक के कैशलेस उपचार, 2 लाख की सामाजिक सुरक्षा, किचेन वस्त्र के लिए 500 के स्थान पर अब 1000 तथा मानदेय 2000 से बढ़ाकर 3000 किए जाने का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवब्रत सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। जनपद मुख्यालय पर मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं रसोइयों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा और सरकार की घोषणाओं की जानकारी प्राप्त की। समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाली रसोइयां शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

# अजगरा महान संवाद-2026 की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

## हर ग्राम पंचायत-वार्ड से होगा प्रतिभागी का चयन

**प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** अजगरा महान संवाद-2026 द ग्रेट अजगरा डिबेट को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रतियोगिता के सफल, पारदर्शी और निष्पक्ष आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कैम्प कार्यालय सभागार में खंड विकास अधिकारियों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन की तैयारियां समय से पूरी करने और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 24 से 26 अगस्त तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।



प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं वार्ड से एक प्रतिभागी का चयन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इस तरह प्रथम चरण में जनपद के कुल 1,427 प्रतिभागियों को चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद 29 एवं 30 अगस्त को 17 विकासखंडों और 19 नगरीय निकायों के स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें 36 विजेताओं का चयन किया जाएगा। 2 एवं 3 सितंबर को चार जोनल महासंवाद में 16 प्रतिभागी तथा 5 सितंबर को जिला स्तरीय महासंवाद में आठ प्रतिभागियों का चयन होगा।

अंतिम आठ प्रतिभागियों का 6 से 16 सितंबर तक सार्वजनिक परिचय एवं तैयारी कराई जाएगी, जबकि 17 सितंबर को ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा। डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रतिभागियों का चयन केवल औपचारिकता के लिए न किया जाए। तार्किक क्षमता, ज्ञान, चिंतनशीलता और संवाद-कौशल को चयन का प्रमुख आधार बनाया जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर तर्क और प्रभावी ढंग से अपने विचार रखने वाले प्रतिभागियों को आगे आने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सुविधानुसार उपयुक्त संवाद स्थल का चयन कर कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल पूरी तरह निष्पक्ष और संदेह से परे होना चाहिए। निर्णायकों के चयन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम में वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे प्रतिभागियों और कार्यक्रम की गतिविधियों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रिकॉर्ड उपलब्ध रहे।

उन्होंने पूरे आयोजन का अनिवार्य रूप से डॉक्यूमेंटेशन कराने तथा कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों से फीडबैक फॉर्म भरवाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि द्द ग्रेट अजगरा डिबेटद्ध में प्रतिभाग करने के लिए न तो किसी शैक्षिक योग्यता की बाध्यता है और न ही आयु सीमा निर्धारित की गई है। समाज के सभी वर्गों के लोग निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं।

प्रतियोगिता से संबंधित निर्धारित प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिए इच्छुक लोग संबंधित विकासखंड कार्यालय, नगर पालिका अथवा नगर पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन में अधिकतम जनभागीदारी के साथ पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। बैठक में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, डीएफओ आशुतोष, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** साइबर अपराध के तहत विदेशी कम्पनी के नाम पर अज्ञात आरोपियों द्वारा पीड़ित से आनलाइन तीन लाख अट्ठाइस हजार रुपए की ठगी कर ली गयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शिवबक्स निवासी संदीप कुमार पुत्र स्व. रामखेलावन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती अट्ठाइस जुलाई को दोपहर फेसबुक पर कनाडा फूड पैकिंग के नाम से एक विज्ञापन उसने देखा। तभी रिक्त पद के नाम पर अज्ञात साइबर अपराधियों ने बारी बारी से पीड़ित से लाखों रुपए की ठगी कर ली। काफी दिनों बाद कथित कंपनी से नौकरी न मिलती देख पीड़ित ने अपने भाई को आप बीती सुनाई।

# बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ी भीड़, प्रशासन ने तैयारियों का किया आकलन



**लालगंज, प्रतापगढ़, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सावन माह के आखिरी सोमवार को लेकर रविवार की दोपहर बाद से ही कांवरिया श्रद्धालुओं का जमघट शुरू हुआ दिखा। वहीं एकादशी होने के नाते बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने रविवार को भी बाबा का दर्शन पूजन किया।

मंदिर परिसर में कई स्थानों पर रूद्राभिषेक में भी श्रद्धालुओं को भक्तिभाव में देखा गया। आखिरी सोमवार को लेकर आज बाबा धाम में दर्शनार्थियों की संख्या ज्यादा होने को लेकर प्रशासन भी तैयारियों को लेकर मुस्तैद दिखा। श्रावण मास के तीसरे व चैथे सोमवार को अयोध्या से भी बड़ी संख्या में पर्यटक बाबा का दर्शन पूजन किया करते हैं। एसडीएम वाचस्पति सिंह तथा सीओ राजीव द्विवेदी ने संयुक्त भ्रमण कर सुरक्षा समेत विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया। रविवार की शाम स्थानीय बाजार समेत रामपुर बावली, नया का पुरवा, वर्मा नगर, अमावां आदि चैराहे तिराहे पर भक्तों ने कांवरिया श्रद्धालुओं के लिए भण्डारे का भी जगह जगह आयोजन किया।

# रक्षाबंधन पर्व से पहले रसोइया माताओं को मिला उपहार

बहराइच, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर स्थित जुपिटर सभागार में मिड-डे-मील रसोईयों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा रक्षाबंधन से ठीक पहले प्रदेश के 3 लाख 53 हजार से अधिक रसोइयों के मानदेय को रू. 2000 से बढ़ाकर रू. 3000 प्रमिमाह करने, रसोइया और उनके परिवार को रू. 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा का लाभ देने, दुर्घटना की स्थिति में रसोइया के परिवार को स्टेट बैंक के माध्यम से रू. 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा परिधान की धनराशि को रू. 500 से बढ़ाकर रू. 1000 करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा रसोइया माताओं को कैशलेस चिकित्सा कार्ड का वितरण भी किया गया। उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री की घोषणा से जनपद के 9332 रसोइया माताएं लाभान्वित हुई हैं।



जनपद में जिला स्तर पर विधायक नानपारा राम निवास वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश वर्मा सहित खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, शिक्षक एवं विभिन्न विकासखंडों से चयनित रसोइयों की उपस्थित में आयोजित रसोइया माता सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। समारोह में विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रसोइया माताओं को सांकेतिक रूप से रसोइया माताओं को मानदेय का डेमो चेक तथा कैशलेस डैमो कार्ड का वितरण कर सम्मानित किया गया।

- रसोइया माता व परिवार को मिलेगा 5 लाख रुपये कैशलेस चिकित्सा का लाभ
- दुर्धटना की स्थिति में मिलेगी 02 लाख की आर्थिक सहायता

समारोह को सम्बोधित करते हुए नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने रसोइयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल ने कहा कि रसोइया माताएँ विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके सम्मान एवं सुविधाओं में वृद्धि से उनका उत्साह और मनोबल बढ़ेगा। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनकड़ ने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि रसोइया माताएँ विद्यालय परिवार का अभिन्न अंग हैं और बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में उनका योगदान सराहनीय है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने भी रसोइयों के सेवाभाव की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश वर्मा ने मानदेय एवं परिधान संबंधी वित्तीय प्रावधानों की जानकारी दी।

## पुलिस ने पीड़िता के 80 हजार रुपये कराए वापस, चेहरे पर लौटी मुस्कान

अलावल देवरिया (गोंडा), 23 अगस्त (तरुणमित्र)। ऑपरेशन साइबर कवच के तहत गोंडा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना धानेपुर की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने तत्परता दिखाते हुए साइबर ठगी की शिकार हुई पीड़िता के खाते से निकले 80,001 रुपये वापस कराए हैं।जानकारी के अनुसार पीड़िता के साथ ऑनलाइन फ्रॉड कर उसके खाते से 80,001 रुपये निकाल लिए गए थे। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना धानेपुर में की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए साइबर हेल्पडेस्क टीम ने तुरंत संबंधित बैंक और इंटरमीडियरी से संपर्क स्थापित किया और ट्रांजेक्शन को होल्ड कराने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस की सक्रियता से पूरी धनराशि 80,001 रुपये पीड़िता के खाते में सुरक्षित वापस करा दी गई। अपना पैसा वापस पाकर पीड़िता के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। पीड़िता ने गोंडा पुलिस और थाना धानेपुर की साइबर हेल्पडेस्क टीम का आभार व्यक्त किया है।




## झूलेलाल महोत्सव में माहाआरती के साथ पूजा का समापन

गोंडा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। नगर में विगत 10 दिनों से चल रहे झूलेलाल महोत्सव में महा आरती के साथ आरती पूजा का समापन हो गया। सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि कल देर शाम आरती पूजा के अंतिम दिन महा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान झूलेलाल की आरती उतारी गई। उसके बाद लाल साईं का पंजड़ा गान गाकर लाल साईं की स्तुति की गई। तत्पश्चात भगवान झूलेलाल के भजनों का आरंभ हुआ। प्रभु झूलेलाल के भजनों में श्रद्धालु गण भाव-विभोर हो गए। सारा वातावरण भक्ति मय हो गया। श्रोतागण मंत्र मुग्ध होकर नृत्य करने लगे। श्रद्धालु नृत्य के बीच-बीच में आओ लाल- झूले लाल के नारे लगा रहे थे। अंत में सबने पल्लव पाकर ( अरदास करके ) झूलेलाल के समक्ष अपनी फरियाद रखी। अंत में सब ने एक साथ मिलकर लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंधी समाज के मुखिया जयरामदास लधवानी एवं राजकुमार ठक्कुर, श्री झूलेलाल धर्मार्थ समिति के अध्यक्ष अनिल कलानी, मथुरा दास लधानी, जगदीश रायतानी दिनेश कुमार ठक्कुर, कैलाश रायतानी,भाजपा नेता राजेश रायचंदानी, कैलाश लधवानी, प्रेम मनध्यान, मुकेश धनकानी, ओमी ठक्कुर, उमेश चुंगलानी, विजय वाधवानी, मोहन कृपलानी, केशव ठक्कुर, रवि ठक्कुर, रोशन मंजर, नीरज तलरेजा, महेश मध्यान, पूरन खत्री, मनोहर बलेचा, पिंटू बलेचा, मुकेश बलेचा, रोशन कलानी, महेश मध्यान, कमल मध्यान, शीतल लधानी, मनीष लधानी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## आराधना मिश्रा बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



गोण्डा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर के पूर्व प्राचार्य काली प्रसाद मिश्र की सुपुत्री आराधना मिश्रा का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर माँ पटमेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर में हुआ है। बेटी के चयन पर नगर के गणमान्यजनो सहित चाचा डॉ. शिव कुमार मिश्र, भाई नवनीत मिश्र, रवि कुमार शुक्ल, अधिवक्ता राजेंद्र खुराना, भाजपा नेता अरुण कुमार शुक्ल, प्रेम चंद्र मिश्र, ने बिटिया की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## मिशन शक्ति के दूसरे चरण के तहत बहू-बेटी सम्मेलन व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

बहराइच, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई।

महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश भी दिए गए, तथा उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। 1090 वीमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 सीएम हेल्पलाइन, 112 इमरजेंसी सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 झ साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गयी। महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे लाभान्वित हो सकें। साथ ही मानव तस्करी , बाल तस्करी पर विशेष रूप से जानकारी दी गई।



## रामलीला की पुरानी कमेटी को मिली फिर जिम्मेदारी

करनैलगंज (गोंडा), 23 अगस्त (तरुणमित्र)। नगर की प्रसिद्ध रामलीला की पुरानी कमेटी को फिर जिम्मेदारी मिली। रविवार को गाड़ीबाजार में अशोक सिंघानिया के आवास पर संरक्षकों की बैठक हुई। संरक्षक अरुण कुमार वैश्य ने विवाद को देखते हुए पुरानी कमेटी को रामलीला आयोजन की जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। मोहित पांडेय को अध्यक्ष और कामता नाथ वर्मा को महामंत्री पुनः नामित किया गया। बैठक में रामजीलाल मोदनवाल, उमेश चंद्र मिश्र, विश्वनाथ शाह, हरि कुमार वैश्य, शिवकुमार बाथम, सुरेश कुमार पुरवार, अशोक सिंघानिया व नंदकिशोर सिंघानिया समेत अन्य मौजूद रहे। हालांकि यहां भी मतभेद की स्थिति बनी रही।

## मिड-डे मिल रासोइयों के सम्मान व सामाजिक सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

मेहनवन (गोंडा) 23 अगस्त। रविवार को मुजेहना ब्लॉक में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत मिड-डे मील रसोइयों के सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए आयोजित कार्यक्रम में विधायक विनय द्विदी की मौजूदगी रही।

इस अवसर पर रसोइयों के लिए प्रति वर्ष 5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान करने वाले कैशलेस चिकित्सा कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही रसोइयों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य 2 लाख की दुर्घटना बीमा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अनुबंध पत्र भी प्रदान किया गया।



साथ ही जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का यह निर्णय केवल एक सरकारी सुविधा नहीं बल्कि उन कर्मठ रसोइयां माताओं बहनों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का परिचायक है जो प्रतिदिन हमारे नौनिहालों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

सेवा, सुरक्षा और सम्मान की भावना के साथ रसोइयों के हित में लिए गए ये निर्णय उनके और उनके परिवारों के भविष्य को अधिक सुरक्षित एवं आश्वस्त करने वाले हैं।

रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व प्रदेश के हजारों रसोइयों को मिले इस संवेदनशील एवं कल्याणकारी उपहार के लिए सभी रसोइया माताओं बहनों को हार्दिक बधाई देते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार जताया व कहा योगी के नेतृत्व में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सुरक्षा,सम्मान और कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुजेहना अंजनी कुमार सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी इटियाथोक श्रीमती गीतांजलि त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी बीरेन्द्र कुमार मिश्रा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुजेहना शेषराम बारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धानेपुर रक्षाराम वर्मा, प्रधानसंघ अध्यक्ष विनोद सिंह, पूर्व जिला मंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला मंडल अध्यक्ष मुजेहना मुनीन्द्र शर्मा सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## परिवार परामर्श केंद्र की पहल से टूटते दो परिवार बचे, 47 मामलों की हुई सुनवाई

अलावल देवरिया (गोंडा), 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जनपद में पारिवारिक विवादों के निस्तारण एवं परिवारों में आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से परिवार परामर्श केंद्र (महिला सहायता प्रकोष्ठ) द्वारा निरन्तर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। रविवार को परिवार परामर्श केंद्र जनपद गोंडा में कुल 47 पत्रावलियों पर कार्यवाही की गई। परामर्श के दौरान 8 प्रकरणों में पक्षकार उपस्थित हुए, जिनमें से 2 प्रकरणों में दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति एवं सुलह-समझौता कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर पारिवारिक विवाद को आपसी बातचीत एवं समझाइश के माध्यम से समाप्त कराया गया तथा भविष्य में आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु परामर्श दिया गया। इस दौरान सदस्यगण डॉ. उमा सिंह, शशि कुमार भारती, संतोष ओझा, राजमंगल मौर्या एवं यशोदा नंदन त्रिपाठी तथा प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र अनीता यादव, हेड कांस्टेबल अजय कुमार एवं महिला आरक्षी नितांशी शुक्ला उपस्थित रहीं।

## महेश्वरी महिला संगठन की कार्यसमिति बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

गोण्डा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। शनिवार की रात्रि रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में महेश्वरी महिला संगठन, गोण्डा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्वी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की प्रथम कार्यसमिति एवं कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्षा रेखा सोमानी, प्रदेश सचिव मनीषा चोला, शशि नेवर, सीमा लड्ढा, भारती करवा एवं ममता राठी सहित वाराणसी, मिर्जापुर और लखनऊ से आए पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में माहेश्वरी महिला संगठन की कोषाध्यक्ष प्रियांशी दरगढ़, मंत्री भावना सोमानी, अध्यक्ष प्रीति डागा, श्रीमती शोभना, श्रेया, सरिता, पुष्पा सोमानी, सीमा, लक्ष्मी सोमानी, हिमांगी, रजनी, सुमित्रा, चंचल सहित अन्य सदस्यों ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।




## विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया सावन महोत्सव

गोंडा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। शहर के रोजवुड इण्टरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्या एवं अध्यापिकाओं द्वारा सावन महोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सावन की पारंपरिक संस्कृति और उमंग को जीवंत करते हुए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल एवं गतिविधियाँ आयोजित की गईं।इस अवसर पर रोजवुड इण्टर कॉलेज एवं रोजवुड इण्टरनेशनल स्कूल की अध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिवार में आपसी प्रेम, सौहार्द, सहयोग एवं सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देना रहा।



प्रधानाचार्या सरिता पाण्डेय एवं रिम्पी मैम ने कहा कि सावन केवल प्रकृति के सौंदर्य और हरियाली का पर्व ही नहीं, बल्कि आपसी खुशियों, उमंग और एकता का भी प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यालय परिवार में अपनापन बढ़ता है और सभी को तनावमुक्त वातावरण में एक-दूसरे के साथ आनंदपूर्वक समय बिताने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में प्रबन्धक अमित पाण्डेय एवं जया पाण्डेय ने सभी को सावन महोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराएँ हमें प्रेम, सौहार्द और खुशियों के साथ मिल-जुलकर आगे बढ़ने का संदेश देती हैं।

## जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की मासिक समीक्षा

मेरठ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में विकास/निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निमार्णाधीन परियोजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा परियोजना के हैंडओवर से पूर्व उसकी गुणवत्ता एवं पूर्णता की भली-भांति जांच कराते हुए संबंधित विभाग को हस्तांतरण की कार्यवाही की जाए।



उन्होंने धीमी प्रगति वाली परियोजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित निर्माण कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रतिदिन स्वयं समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति में अपेक्षित प्रगति न होने से विभिन्न योजनाओं में जनपद की रैंक प्रभावित होती है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित लक्ष्य समय से पूर्ण हों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए उसका समाधान कराया जाए। फैमिली आईडी बनाए जाने की प्रगति खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है, अतः पात्र परिवारों को इसका लाभ दिलाने के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, सीएमओ डा0 राम प्रसाद, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मोहम्मद परवेज, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश रॉय, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सतेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बारिश से जलभराव, नगर निगम की खुली पोल

मेरठ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। प्रदेश सरकार जहां मेरठ को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाकर शहर को साफ-सुथरा रखने के दावे किए जाते हैं, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है।

मेरठ में थोड़ी सी बारिश होते ही कई प्रमुख सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इसका जीता-जागता उदाहरण मेरठ घंटाघर स्थित प्यारेलाल के सामने देखने को मिला, जहां बारिश के बाद सड़क पर पानी भर गया। आज तो पूरी तरह झमाझम बारिश के हालात हैं।

## दिग्विजय भाटी का मामला: एसएसपी अविनाश व इंस्पेक्टर सहित नौ पुलिसकर्मियों को नोटिस

मेरठ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। एसएसपी ऑफिस में किसान नेता दिग्विजय भाटी, मोहित जाटव की पिटाई और फिर एसओजी कार्यालय में खलनायक फिल्म पर डांस कराने के मामले में डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह ने शनिवार को दूसरे दिन भी जांच की। डीआईजी ने मेरठ पहुंचकर इस घटनाक्रम से जुड़ी जानकारी जुटाने के बाद निवर्तमान एसएसपी अविनाश पांडेय, इंस्पेक्टर अखिलेश गौड़ सहित नौ पुलिस कर्मियों को नोटिस जारी करने की तैयारी कर ली।

नवागत एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सिविल लाइंस इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार गौड़, दरोगा मुलायम सिंह, कांस्टेबल हरिओम, कांस्टेबल मुकेश कुमार, श्याम बाबू, सुमित कुमार, महिला कांस्टेबल नीलम लौर और चालक ललित कुमार को लाइन हाजिर कर दिया था। सपा विधायक अतुल प्रधान व भाजपा नेता की मांग पर एडीजी जोन भानु भास्कर ने डीआईजी सहारनपुर को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी थी। इस प्रकरण से संबंधित तथ्य जुटाने के लिए शुक्रवार को डीआईजी सहारनपुर मेरठ पहुंचे और सभी जानकारी जुटाकर लौट गए। अब निवर्तमान अविनाश पांडेय, इंस्पेक्टर अखिलेश गौड़ सहित सभी पुलिसकर्मियों को नोटिस दिया जाएगा।

## आयुष्मान कार्ड में संशोधन अब हुआ आसान

बहराइच, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। यदि आपके आयुष्मान कार्ड में पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता या मोबाइल नंबर जैसी कोई त्रुटि दर्ज हो गई है, तो अब उसे आसानी से सुधारा जा सकता है। सरकार ने इसके लिए एक नया डाटा मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी के स्वयं के नाम को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के संशोधनों को दुरुस्त कराने की सुविधा शुरू कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए पोर्टल पर दर्ज लाभार्थी का विवरण और आधार व राशन कार्ड के विवरण में 80 फीसदी मिलान अनिवार्य होता है। कुछ मामलों में पिता का नाम, उम्र या पते में मामूली अंतर होने के कारण सिस्टम कार्ड जारी नहीं कर पाता था। जिसकी वजह से पात्रता होते हुए भी लाभार्थी योजना से वंचित रह जाता था, नए डाटा मैनेजमेंट पोर्टल के जरिए अब इन तकनीकी विसंगतियों को दुरुस्त किया जा सकेगा, जिससे छूटे हुए पात्र

- सरकार ने लॉन्च किया डाटा मैनेजमेंट पोर्टल

उन्होंने बताया कि जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब तक 10.65 लाख से अधिक लाभार्थियों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। संशोधन कराने के लिए छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल अथवा सीएमओ कार्यालय स्थित आयुष्मान हेल्प डेस्क पर संपर्क करना होगा। सुरक्षा कारणों से मूल लाभार्थी का नाम बदलने की अनुमति नहीं है, लेकिन अन्य सभी विवरण आधार के अनुसार अपडेट किए जा सकते हैं।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि कार्डधारक अपने जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड व आधार से लिंक मोबाइल नंबर लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। वहां तैनात ऑपरेटर पोर्टल पर विवरण अपलोड कर संशोधन की प्रकिया पूरी करेंगे। उन्होंने बताया कि जन्मतिथि एवं आयु, लिंग (महिला/पुरुष), पिता अथवा पति का नाम, मोबाइल नंबर एवं आवासीय पता को संशोधित किया जा सकता है।

मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि सरकार की मंशा हर पात्र व्यक्ति को 5 लाख रुपये तक का निरूशुल्क इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्वास्थ्य महकमे को निर्देश दिए हैं कि गांव-गांव तक इस सुविधा की जानकारी पहुंचाई जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति तकनीकी त्रुटि के कारण इलाज से वंचित न रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उर्मिला देवी पुत्री स्वर्गीय राजाराम यादव निवासी ग्राम-पूरे छीतन ( आरडीह ) पोस्ट-बैजापुर परगना-मीरानपुर तहसील-सदर ब्लॉक-दुबेपुर जनपद-सुलतानपुर की निवासी हूं प्रार्थिनी का जन्म दिनांक 01 /07/1971 को घर पर हुआ है अज्ञानता बस प्रार्थिनी का जन्म पंजीयन नहीं करवाया जा सका प्रार्थिनी की माता का नाम शीला बाई एवं पिता का नाम स्वर्गीय राजाराम यादव है।

उर्मिला देवी पुत्री स्वर्गीय राजाराम यादव निवासी ग्राम-पूरे छीतन ( आरडीह ) पोस्ट-बैजापुर परगना-मीरानपुर तहसील-सदर ब्लॉक दुबेपुर-जनपद- सुलतानपुर उत्तर प्रदेश

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAHNAWAZ KHAN से बदल कर MOHD SHAHNAWAZ KHAN रख लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

MOHD SHAHNAWAZ KHAN
S/O: MOHAMMAD ISMAIL KHAN
ADD: 595, KHINNI TALLA, RAEBARELI, UP

# रसोइयों को मिला कैशलेस सुविधा का उपहार,बढ़ा मानदेय

फिरोजाबाद, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में परिषदीय विद्यालयों में सेवारत रसोइयों को रू० 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का उपहार प्रदान किया गया इस सदर विधायक मनीष असीजा, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मेयर कामिनी राठौर की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी उपस्थित अधिकारियों व रसोइयों द्वारा देखा गया, जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कुल 4006 रसोईया अपनी सेवाएं दे रही हैं, शासन द्वारा उनके स्वास्थ्य, आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए रु० 5 लाख कैशलेस इलाज के अलावा उनके मानदेय को रुपए 2000 से बढ़ाकर रु 3000 किया गया है। प्रत्येक रसोइयों को साड़ी क्रय करने के लिए प्रति वर्ष ?500 की जो धनराशि मिलती थी उस राशि को बढ़ाकर दोगुना कर



दिया गया है, तथा भोजन पकाने में स्वच्छता एवं हाइजीन सुनिश्चित करने हेतु सभी रसोइयों को प्रति वर्ष अप्रिन, ग्लव्स, कैप उपलब्ध कराए जाएगे। इसके अलावा बिना किसी प्रीमियम के किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता एवं बीमा कवर मिलेगा, जो एक बड़ी सुरक्षा गारंटी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि रसोइया हमारे बच्चों के लिए खाना बनाती है, यह उसी प्रकार है, जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों को स्नेह और दुलार से खाना खिलाती हैं। और उनके पोषण का ध्यान रखती हैं, इसलिए आज हम इन्हें इस अवसर पर मातृ शक्ति सेविका नाम देते हैं।

जिलाधिकारी ने रसोइयों को मिली सुविधाओं को सरकार की ओर से रक्षाबंधन का एक बड़ा उपहार बताया है। इस अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि जिस प्रकार से यशोदा मइया ने भगवान कृष्ण का लालन-पालन अपनी संतान की तरह किया, इसी प्रकार विद्यालय की रसोइया बहने भी मासूम बच्चों को अपनी संतान मानकर भोजन तैयार करती हैं। विधायक असीजा ने इस अवसर पर रसोइयों बहनों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा की रसोई में किसी बाहरी या असामाजिक व्यक्ति को प्रवेश न करने दे। उन्होंने रसोइयों बहनों के मानदेय और सुविधाओं में भविष्य में और सुधार होने का विश्वास जताया तथा तीज त्योहार पर उनके सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था करने की बात कही।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर दिए जाए जोर : डीएम

## रोजगार की संभावनाओं वाले सेक्टरों में प्रशिक्षण बढ़ाने के निर्देश

बरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आईटीआई की जिला कौशल विकास समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में अभी तक संचालित किये गये सेक्टरों तथा उनमें अभी तक कराये गये स्वरोजगार एवं रोजगार के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में रोजगार हेतु अधिक संभवना वाले सेक्टरों जैसे- हेल्थकेयर, रिटेल, फूड प्रोसेसिग, ग्रीन जॉब्स, फर्नीचर एण्ड फिटिंग, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, टेलीकॉम में लक्ष्य आंवटन कराने हेतु समिति के सम्मुख प्रस्ताव रखा गया। समिति के सदस्य डीसी एनआरएलएम द्वारा सेक्टर इलेक्ट्रीशियन, जिला



सहायक श्रमायुक्त द्वारा प्लबर तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आईटी एण्ड आईटीएस सेक्टर में भी लक्ष्य हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मेसन में भी प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्लम्बर, मेसन, इलेक्ट्रिशियन आदि कोर्सों में प्रशिक्षित युवाओं को ऐसे प्लेटफार्म पर पंजीकृत करें जहां से आम आदमी भी उन तक आसानी से आपना कार्य कराने हेतु सम्पर्क कर सके तथा ऐसे प्लेटफार्म का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

उन्होंने निर्देशित किया कि जो भी योजनायें संचालित हो रही है उनका लाभ प्रत्येक दशा में आम जनमानस तक पहुंचाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, डीसी एनआरएलएम, जिला सहायक श्रमायुक्त सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई



बरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलो का निरीक्षण अवश्य कर ले तथा उसकी रिपोर्ट भी प्रेषित करें। उन्होंने बाढ़ खंड अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी बाढ़ से बचाव के जो कार्य चल रहे है उनका भली प्रकार से निरीक्षण कर शीघ्र पूर्ण करा ले।

बैठक में उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा में हमारी पेंडेंसी अधिक चल रही है जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इसमें सुधार कर अलग से बैठक कराने के निर्देश दिए। बैठक मे उन्होंने पाया कि कांवड़ यात्रा के मार्ग वाली कुछ सड़कों की स्थिति खराब है जिस पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को शीघ्र सड़कों को सही करने के निर्देश दिए। बैठक उन्होंने पाया कि बहुत से अधिकारी ऐसे हैं जो बिना किसी वजह के उपस्थित नहीं होते हैं जिस पर आज की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विश्राम सिंह, परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रियों को हेलमेट वितरित कर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

## कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी सर्वोच्च प्राथमिकता : मण्डलायुक्त

बरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। मण्डलायुक्त शम्भु कुमार की अध्यक्षता में रविवार को बरेली क्लब के समक्ष सेंट्रल यूपी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में कांवड़ यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मोटरसाइकिल से कांवड़ यात्रा पर जा रहे ऐसे लगभग 100 कांवड़ यात्रियों को हेलमेट वितरित किए गए, जो बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे थे। हेलमेट पहनाकर उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्र?द्धालुओं की आस्था के साथ-साथ उनकी



सुरक्षा भी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोपहिया वाहन से यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना चाहिए।

हेलमेट केवल यातायात नियमों का पालन करने का माध्यम नहीं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाने वाला महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है। उन्होंने कांवड़ यात्रियों से अपील की कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएँ, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा यात्रा के दौरान धैर्य एवं सावधानी बरतें। संभागीय परिवहन अधिकारी, बरेली द्वारा भी कांवड यात्रियों को 'सुरक्षित यात्रा-सुरक्षित जीवन' का संदेश देते हुए अपील की गई कि सड़क पर स्वयं की सुरक्षा के साथ अन्य राहगीरों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा कांवड़ यात्रा मार्गों पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु लगातार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वैभव सोती, पीटीओ रमेश प्रजापति, ऐकेसी हुंडई के अल्पित अग्रवाल, दिनेश मलिक, जगदीश मलिक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उ?द्देश्य कांवड़ यात्रियों में हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

उपस्थित अधिकारियों एवं आयोजकों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक सड़क उपयोगकर्ता की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मोहम्मद अकमल खान एवं संभागीय परिवहन अधिकारी, बरेली पंकज सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में, संस्था के अध्यक्ष राजीव सिंघल एवं सचिव शरद अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं मानदेय में वृद्धि की घोषणा

बदायूं, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने एवं मानदेय में वृद्धि किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, कलेक्ट्रेट बदायूँ में किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक, अपर जिलाधिकारी



प्रशासन अरुण कुमार, जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को सुना। मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ दिए जाने तथा रसोइयों के मानदेय में 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किए जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित किया जाना सरकार की महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी पहल है।

इससे पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क कैशलेस उपचार प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने मानदेय में वृद्धि के लिए जनपद की सभी रसोइयों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालयों में बच्चों को शुद्ध एवं पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

# संगठन सृजन अभियान के बाद मजबूत टीम बनाएगी कांग्रेस

बरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त संगठन सृजन अभियान के प्रभारी जयेंद्र रमोला, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आए पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री हाजी इकराम कुरैशी जिला पर्यवेक्षक अनूप वर्मा ने रविवार को फरीदपुर विधानसभा मे छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज फरीदपुर में ब्लाक कमेटी, तहसील और नगर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ संगठन सृजन अभियान की महत्वपूर्ण बैठक की। पहली बैठक फरीदपुर विधानसभा मे दोपहर 12 बजे शुरू हुई जिसमे फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक और नगर फरीदपुर के बूथ प्रेसिडेंट, कांग्रेस नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ साथ पोलिंग बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे और आमने-सामने की बातचीत हुई। वही दूसरी बैठक बिथरी चैनपुर विधानसभा की हाइडिल गेस्ट हाउस बरेली मे हुई जिसमे बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यक्रमों की अध्यक्षता निवर्तमान जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने करी और संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता गुरु जी डॉ के० बी० त्रिपाठी ने किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से आए पर्यवेक्षक जयेंद्र रमोला ने कहा कि संगठन सर्जन अभियान अब समापन की ओर है बीते कई दिनों से लगातार निचले स्तर से लेकर बड़े नेताओं व्यापारी संगठनों, समाजसेवी संगठनों, बुद्धिजीवी वर्ग, वकीलों , डॉक्टरों, युवा संगठन के पदाधिकारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सभी से आमने-सामने की वार्ता हुई सभी के सुझाव नोट किए गए हैं, अब संगठन सर्जन अभियान के बाद पूरी तरह से एक मजबूत टीम खड़ी की जाएगी जो की पूरी सक्रियता के साथ काम करेगी पूरे प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक मीटिंग की जा रही है आने वाले चुनाव में यह नया और मजबूत संगठन बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा इस संगठन सर्जन अभियान के माध्यम से कई प्रतिभाएं सामने आई है जिनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। जिला पर्यवेक्षक अनूप वर्मा ने कहा संगठन सर्जन अभियान के माध्यम से जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित कमेटीयो को चेक किया जा रहा है और उन सभी पदाधिकारीयों से मिलकर उनको कांग्रेस पार्टी की जनहित की नीतियों के बारे में बताया जा रहा है ताकि वह अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों तक कांग्रेस पार्टी का संदेश पहुंचाने का कार्य करे। इस दौरान निवर्तमान जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट, प्रदेश प्रवक्ता गुरु जी डॉ के० बी० त्रिपाठी, ,पंडित राज शर्मा, प्रो डॉ अलाउद्दीन खान ,डॉ चारू मल्होत्रा ,जिया उर रहमान, जुनैद हसन एडवोकेट, मोहम्मद तबरेज खान ,हेमेंद्र शर्मा एडवोकेट, पंडित सोहन लाल शर्मा, कमर गनी, डा हरीश गंगवार, योगेश जौहरी, सुरेश दिवाकर, उमेश आर्य, प्रभात गिरी गोस्वामी, उलफत सिंह कठेरिया आदि उपस्थित रहे ।

# जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया सेवा का उत्सव



बरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत अनाथालय में 45 बच्चों को रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली आवश्यक एवं उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। क्लब के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सामग्री उपलब्ध कराई। इस अवसर पर डॉ. आई.एस. तोमर ने कहा कि 'रोटरी का मूल उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां और सहयोग पहुंचाना है। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। ऐसे सेवा कार्यों से न केवल जरूरतमंद बच्चों को सहायता मिलती है, बल्कि समाज में सेवा और संवेदना की भावना भी मजबूत होती है। रोटरी क्लब बरेली साउथ भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। अध्यक्ष रोहित जिंदल ने कहा कि क्लब द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सेवा परियोजनाएं लगातार संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना क्लब के लिए विशेष संतोष और प्रसन्नता का विषय है। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ. आई.एस. तोमर, अध्यक्ष रोहित जिंदल, सचिव शिशिर पांडे, कम्युनिटी सर्विस डायरेक्टर राकेश धीरवानी, ध्रुव तिलक, संदीप मेहरा, राजीव खंडेलवाल, चंद्रप्रकाश, मनोज सेठी, अनिल अग्रवाल, अंकुर बंसल, आशीष अग्रवाल, डी.सी. खंडेलवाल, हरीश मलिक, प्रदीप मदवार एवं विमल मेहरोत्रा सहित रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

# आईवीआरआई ऑफिसर्स लेडीज क्लब ने मनाया तीज समारोह

बरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। आईवीआरआई ऑफिसर्स लेडीज क्लब द्वारा तीज समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की उपाध्यक्ष डॉ. मनीषा सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्ता एवं अन्वेषा द्वारा मनमोहक गणेश वंदना की प्रस्तुति से हुआ।

इसके पश्चात डॉली, गोल्डी, अर्चना, मौमिता, विद्या सिंह, स्वाति, नेहा, रेखा, नीतू, अंकिता एवं मालिनी द्वारा विभिन्न मधुर गीतों पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल एवं मनोरंजक संचालन पायल एवं श्वेता ने अपनी हास्यपूर्ण और आकर्षक एंकरिंग से किया। सरिता, अनुराधा एवं रश्मि ने विभिन्न



मनोरंजक खेलों का आयोजन कर कार्यक्रम में हंसी-खुशी और उत्साह का रंग भर दिया। समारोह का विशेष आकर्षण सुनीता दत्त, गीता सिंह एवं मनीषा सिंह द्वारा प्रस्तुत हास्य नाटिका रही, जिसने उपस्थित सभी सदस्याओं को खूब गुदगुदाया और तालियां बटोरीं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के उपरांत देबोश्री वर्धन को सर्वसम्मति से 'तीज क्वीन' चुना गया। वहीं, क्लब की महिलाओं ने पारंपरिक कजरी गीत गाकर तीज की सांस्कृतिक परंपरा और महत्व को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम में रेणुका, दीपा, काजला, हिमानी, यशोदा, डॉ. तारु, सुषमा सहित क्लब की अन्य सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी सदस्याओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में क्लब की सचिव श्वेता सिंह ने सभी अतिथियों एवं सदस्याओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कोषाध्यक्ष अनुराधा सिंह एवं संयुक्त सचिव ने कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह ने तीज की परंपरा, संस्कृति, सौहार्द एवं महिला एकता को सुंदर रूप से प्रदर्शित करते हुए सभी के लिए एक यादगार संध्या का रूप ले लिया।

# मौन मुनि का शस्त्र है,दोष ढाकने का वस्त्र इसलिए मौन रहना चाहिए : निर्भय सागर

फिरोजाबाद, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। छदामी लाल जैन मंदिर में चातुर्मास कार्यक्रम के दौरान आयोजित धर्म सभा मे आचार्य श्री ने प्रवचन के दौरान कहा कि बुरे समय के बाद अच्छा समय आता है जैसे रात का मौन मुनि का शस्त्र है,और दोष ढाकने का वस्त्र है,उसके बाद दिन आता है। शाम के बाद सुबह आती है। इसलिए भगवान पर विश्वास करो और निरंतर पुरुषार्थ करते रहो सफलता जरूर मिलेगी अच्छा समय को पाने के लिये निज को जिन से जोड़ ले। कर्म करो डटकर बाकी सब प्रभु पर छोड़ दे। जिसने धोखा दिया हो उसे धोखा मत देना। धोखे में धैर्य रखना। धोखा देने वाले ने परीक्षा ली है। ऐसा सदा विचार करना यहीं महानता है। मौन आत्म शांति दिलाता है। और खुद से परिचय कराता है। आत्मज्ञान के साथ में निज का अनुभव करता है। घर गृहस्ती की झंझट मिटाता है। मौन मुनि का शस्त्र है, दोष ढाकने का वस्त्र है। इसलिए मौन रहना चाहिए। जैसे कड़वी दवाई की गोलियां चबाई नहीं जाती है। गुटक कर पचाई जाती है, वैसे ही कड़वी बातें उगली नहीं जाती बल्कि पचाई जाती हैं। कांच पत्थर से टूट जाता है। पत्थर घन से टूट जाता है। लेकिन दिल और आदमी दोनो ही सिर्फ वाणी से टूट जाती है। इसलिए वाणी को संभाल कर बोलना चाहिए। मंजिल पाना है। तो चलते रहना अरे मेरे मीत। सदा कोशिशें करने वालों को मिलती है, जीत। जो निकल गया समय वह हो गया अतीत। अरे दूसरों से ना सही पर खुद से कर ले सच्ची प्रीत।। दूसरों को उंगली उठाने वाला दुर्जन है ,लेकिन दूसरों को उठाने के लिए उंगली पकड़ने वाला सज्जन। बुरे आदमी के द्वारा बुरा करना उसका कर्म है।

# प्रमुख कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर एसपी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पीलीभीत, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने थाना जहानाबाद की चौकी शाही क्षेत्र में कांवड़ सहायता/मिशन शक्ति केन्द्र सहित प्रमुख कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा लिया श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जहानाबाद की चौकी शाही क्षेत्र में शाही चौकी, टाइगर तिराहा सहित जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कांवड़ मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, कंट्रोल प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरे, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता, आपातकालीन सेवाएं तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस



बल एवं अन्य विभागों द्वारा की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों के साथ विनम्र एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए। भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कांवड़ मार्गों पर लगातार पैदल गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर सतर्क निगरानी रखने तथा सभी ड्यूटी प्वाइंटों पर निरंतर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया गया तथा उन्हें सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से जलाभिषेक करने की अपील की गई। पुलिस एवं प्रशासन कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

जनपद के समस्त कांवड़ मार्गों, मंदिरों एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन एवं अन्य माध्यमों से सतत निगरानी रखी जा रही है। जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समन्वित रूप से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही हैं, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# चेयरपर्सन फात्मा रजा ने शिव भक्तों के सम्मान में किया विशाल भंडारा

बदायूं, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। नगर पालिका की ओर से लालपुल पेट्रोल पंप के निकट शिव भक्तों के सम्मान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद आदित्य यादव और पूर्व मंत्री आबिद रजा शामिल हुए। इस दौरान सांसद आदित्य यादव, पूर्व मंत्री आबिद रजा और चेयरपर्सन फात्मा रजा ने शिव भक्तों (कांवड़ियों) पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। सांसद आदित्य यादव और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए चेयरपर्सन फात्मा रजा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हिंदू और मुस्लिम समाज के बीच मोहब्बत और भाईचारे का संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि हर धर्म और मजहब के धार्मिक आयोजनों का सम्मान किया जाना चाहिए।

# रक्तदान से बचाएं जीवन, दूसरों को भी करें प्रेरित : ब्रह्माकुमारी

बरेली, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग द्वारा 'विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान' के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 110 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जीवन बचाने की इस महान सेवा में सहभागिता की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है और ऐसे आयोजन समाज में सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। महापौर उमेश गौतम ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ ऐसे आयोजनों के माध्यम से अब जीवन बचाने का कार्य भी कर रही है, जो अत्यंत सराहनीय है। बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने भी संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान का अर्थ किसी जरूरतमंद का जीवन बचाना है।

उन्होंने कहा कि कई बार लोग अपने रिश्तेदार या परिचित मरीज के लिए भी रक्तदान करने से पीछे हटते हैं, जबकि यहां लोग स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का पुनीत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को बधाई दी। संस्था की क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी पार्वती दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था के समाज सेवा प्रभाग द्वारा इस महान सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण भारत एवं नेपाल में ह्लविश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियानह्व आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान महान पुण्य एवं परोपकार का कार्य है और इससे किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। ब्रह्माकुमारी नीता दीदी ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान करने के बाद रक्तदाता के चेहरे पर जो संतोष दिखाई देता है, वह किसी भी पुरस्कार से प्राप्त नहीं किया जा सकता। वहीं ब्रह्माकुमारी पारुल दीदी ने कहा कि रक्तदान सबसे पवित्र, सुरक्षित और मूल्यवान सेवाओं में से एक है। रक्तदान करके हम किसी मां की गोद सूनी होने से बचा सकते हैं। उन्होंने सभी से रक्तदान करने, दूसरों को प्रेरित करने और जीवन बचाने का आह्वान किया। शिविर के सफल आयोजन एवं प्रबंधन में संस्था के अनेक भाई-बहनों ने विशेष सहयोग किया।

# आबकारी मंत्री ने 20 रसोइयों को बांटे प्रतीकात्मक कैशलेस कार्ड और चेक

हरदोई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। शहर के गांधी भवन में रविवार को दोपहर 12 बजे परिषदीय विद्यालयों की रसोइयों के लिए 'रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मंच से 20 रसोइयों को सम्मानित करते हुए प्रतीकात्मक चिकित्सा कार्ड और चेक वितरित किए।

यह समारोह प्रदेश सरकार द्वारा रसोइयों का मानदेय 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने रसोइयों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार रसोइयों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं। इस दौरान कुल 20 रसोइयों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया, जिनमें से 10 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड और शेष 10 को चेक प्रदान किए गए। चेक प्राप्त करने वाली रसोइयों में नगर क्षेत्र हरदोई से किरण गौड़, गुड़िया, सुमन मिश्रा, रामदुलारी, बावन विकासखंड से कमला, नन्हीं, बीना, ऊषा देवी, रमाकांती और टड़ियावां से राधा शामिल थीं। वहीं, कैशलेस कार्ड प्राप्त करने वालों में नन्हीं देवी, धीरा सिंह, मधु, साधना देवी, रामकुमार गौतम, जयश्री, चंपा, छुट्कुन्ना, राधिका और रामवती शामिल रहीं इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सीडीओ नेहा ब्याडवाल, सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, डीआईओएस अरविंद कुमार पाठक और बीएसए प्रभात मिश्रा सहित कई अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## मथुरा में दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

मथुरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। नौहझील थाना पुलिस ने दुष्कर्म के 3 आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों को नौहझील-बाजना रोड पर एसआरबीएस स्कूल से करीब 150 मीटर पहले घेराबंदी कर पकड़ा। गिरफ्तारी का प्रेस नोट पुलिस ने देर रात करीब 9 बजे जारी किया। पुलिस के मुताबिक, तीनों आरोपी थाना नौहझील में दर्ज मुकदमा में वांछित थे। आरोप है कि पीड़ित को होटल में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट और एससी, एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के अनुसार, पुलिस को लंबे समय से तीनों आरोपियों की तलाश थी। शनिवार को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने नौहझील बाजना मार्ग पर घेराबंदी की और तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# चीनी के बढ़ते दामों पर सियासी घमासान, अरविंद राजभर ने अखिलेश यादव को दिया आंदोलन का खुला न्योता

हरदोई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने हरदोई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चीनी के बढ़ते दामों को लेकर विपक्ष और खासकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को आंदोलन की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि चीनी के महंगे होने से आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है, इसलिए विपक्ष को इस मुद्दे पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करना चाहिए।अखिलेश यादव को चुनौती: अरविंद राजभर ने कहा कि चीनी के बढ़े दामों के खिलाफ सपा प्रमुख आंदोलन का नेतृत्व करें, सुभासपा पूरी तरह से उनके साथ खड़ी होगी। उन्होंने लोकतंत्र में जन-आंदोलन को सबसे बड़ी ताकत बताया। सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में की गई 30 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर उन्होंने कहा कि यह नाकाफी है। एथेनॉल उत्पादन में गन्ने की बढ़ती मांग को देखते हुए किसानों को उनकी फसल का उचित और बढ़ा हुआ मूल्य मिलना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि चीनी के दामों और जनहित के मुद्दों पर आगे की रणनीति तय करने के लिए 1 सितंबर को एक प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी।

गठबंधन और सीटों पर स्थिति: सपा के साथ गठबंधन की संभावना को खारिज करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सुभासपा एनडीए के साथ मिलकर काम कर रही है। साथ ही, उन्होंने पार्टी की मांग दोहराते हुए कहा कि पार्टी प्रदेश की 86 सीटों पर तैयारी कर रही है और एनडीए से मिलने वाली सीटों पर चुनाव लड़ेगी।?हरदोई दौरे के दौरान डॉ. अरविंद राजभर ने आगामी 13 सितंबर को होने वाली सामाजिक समरसता महारैली की तैयारियों का जायजा लिया। इस महारैली में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह पार्टी की कुल 40वीं सामाजिक समरसता महारैली होगी, जिसमें मुख्य रूप से हरदोई की संडीला विधानसभा सीट के साथ-साथ सीतापुर की मिश्रिख और महोली सीटों पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



# भैंस चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### 4 शातिर चोर गिरफ्तार, पिकअप वाहन और नकदी बरामद

हरदोई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। माधौगंज थाने की पुलिस ने भैंस चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल होने वाला पिकअप वाहन और चोरी की भैंस को बेचकर हासिल किए गए 21,500 रुपये नकद भी बरामद किए हैं मल्लावां थानाक्षेत्र के मुनीरापुर निवासी ब्रजभान सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह ने बीते 21 अगस्त को माधौगंज थाने पर भैंस चोरी की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए माधौगंज पुलिस ने बिलग्राम थानाक्षेत्र के मैदानपुरा निवासी अंकित और मोहम्मद कैफ उर्फ गोलू, गंगाधाम कस्बा निवासी भूरा उर्फ गौरव तथा हैबतपुर निवासी लईक उर्फ अतीक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई भैंस को बेचकर अर्जित की गई 21 हजार पांच सौ रुपए की नकदी और घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी बरामद कर ली है।



# बाढ़ की तैयारियों को परखने घाटों पर पहुंचीं एडीएम

हरपालपुर, हरदोई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को अपर जिलाधिकारी दीपाली भार्गव ने सवायजपुर एसडीएम शिवानी सिंह के साथ कुसुमखोर और चियासर गंगा घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही बाढ़ से निपटने की तैयारियों को भी परखा। एडीएम ने दोनों घाटों पर नदी के किनारे की गई बैरिकेडिंग का निरीक्षण किया और अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बढ़ते जलस्तर को देखते हुए राजस्व कर्मियों को पूरी तरह सतर्क रहने तथा नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों की मदद और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पहले से तैयार रखे जाएं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार विनोद कुमार ने एडीएम को क्षेत्र में बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जलस्तर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए श्रीमऊ, देहेलिया और चौंसार में स्थापित बाढ़ चौकियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित कर्मचारियों को लगातार क्षेत्र की निगरानी करने और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने के लिए कहा गया है।



### ● राजस्व कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश

एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित संभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों से संपर्क बनाए रखें और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार राजेश कुमार पटेल, देहेलिया के प्रधान पति उवैश आलम पम्मी समेत राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से युवक की मौत

मथुरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। थाना मगोर्रा के गांव लोरिहा पट्टी में शनिवार की देर रात चोर करीब 2.30 बजे गांव में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर के पास बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक युवक अपने साथियों के साथ विद्युत ट्रांसफार्मर की चोरी करने आया था। इसी बीच करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मृतक के शव को उसके साथी मौके पर ही छोड़ कर भाग गये। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त भी कर ली है। पुलिस के अनुसार मृतक चोर की शिनाख्त अलीगढ़ के गांव गिरधरपुर निवासी अजय यादव पुत्र कुंवरपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने अजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार की देर रात चोर करीब 2.30 बजे की बताई जा रही है। सीओ अनिल कुमार सिंह का कहना है कि देर रात विद्युत ट्रांसफार्मर की चोरी के दौरान एक चोर को करंट लगने से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है। घटना को लेकर सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह मय फोर्स के घटनास्थल पहुंचे। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई में, देश फंसा दिया महंगाई में

मथुरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन की मथुरा इकाई ने देश में बेलगाम बढ़ती महंगाई के विरोध में सड़क पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष रमेश सैनी ने किया।

इस दौरान संगठन के कार्यकताओं ने हाथों में भाजपा एवं मोदी सरकार की जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां लेकर महंगी चीनी, महंगा सरसों तेल, रसोई गैस, डीजल-पेट्रोल और खाने-पीने की वस्तुओं की बेतहाशा मूल्य वृद्धि के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से महंगाई वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर रमेश सैनी और महासचिव नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि देशव्यापी महंगाई भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का दुष्परिणाम है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि 'हिंदू मुस्लिम की लड़ाई में देश फंसा दिया महंगाई में'।सरकार जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाना चाहती है। फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमारी रसोई में आग लगा दी है। खाने-पीने की चीजें आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं, जो अब सबके बस की बात नहीं रही। इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रमेश सैनी, लुकेश कुमार राही, नरेश चौधरी, क्रांति कुमार, लेखराज, कुणाल डागोर, सिद्धांत भाटिया, इंजी. गौरव कुमार, आकाश बाबू, भोला कर्दम, चित्रसेन मौर्य, धर्मवीर सिंह, एडवोकेट विवेक कुमार, सौदान सिंह, कुमारी खुशी, गौस मोहम्मद, पिंकू, सरदार महेंद्र सिंह, सुमित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शिव प्रभा अस्पताल में इलाज के दौरान नवजात की मौत

हरदोई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। पाली क्षेत्र स्थित शिव प्रभा अस्पताल में इलाज के दौरान एक नवजात शिशु की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कोहराम मच गया और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों का आरोप है कि बच्चे की मौत के तुरंत बाद अस्पताल के डॉक्टर और सभी कर्मचारी मौके से फरार हो गए। इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये और अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों और परिजनों में गहरा आक्रोश है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इलाज के दौरान बरती गई कथित लापरवाही और नवजात की मौत की असल वजह की जांच के बाद ही आगे की ठोस वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



● डॉक्टर और कर्मचारी फरार

# तय समय पर पूरे किए जाएं विकास कार्य : मंडलायुक्त

मथुरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। गीता शोध संस्थान परिसर में स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में शनिवार को मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंडल के विभिन्न जनपदों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति, योजनाओं की स्थिति और विभागीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कराया जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सड़क, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास, सिंचाई सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचना चाहिए। विभागीय अधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित निगरानी करते हुए योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाए और कार्यों की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से की जाए। इसके साथ ही जहां भूमि, बजट अथवा अन्य प्रशासनिक कारणों से कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहां संबंधित विभाग आपसी समन्वय से समस्याओं का समाधान करें। बैठक में मंडल के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना से मंडलायुक्त को अवगत कराया।



## टड़ियावां में रसोइया सम्मान समारोह आयोजित

### मानदेय वृद्धि और कैशलेस चिकित्सा का तोहफा

हरदोई, टड़ियावां, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों के सम्मान में लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (गोमती नगर) में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ब्लॉक संसाधन केंद्र टड़ियावां में दिखाया गया।

इस कार्यक्रम में विकास खंड टड़ियावां, हरियावां, टोडरपुर और पिहानी के विद्यालयों में कार्यरत लगभग 200 रसोइयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की गई, जिसके तहत उनके परिवारों को 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने की महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है। ब्लॉक संसाधन केंद्र टड़ियावां में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्याम प्रकाश एवं विधायक प्रतिनिधि अनुपम मिश्र ने लाभार्थी रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक और कैशलेस कार्ड वितरित किए।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख टड़ियावां के प्रतिनिधि कृष्ण मोहन शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी टड़ियावां अनिल कुमार झा द्वारा किया गया, जबकि संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनंत राम पाण्डेय ने किया। इस दौरान मंजेश कुमार अवस्थी, निलेश सिंह, विनीत कोहली, रितेश कुमार सिंह, रोचक मिश्र सहित हरियावां और टोडरपुर क्षेत्र के शिक्षक एवं अन्य संबंधित कार्मिक भी मौजूद रहे।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान में मैनपुरी आगरा मंडल में प्रथम

मैनपुरी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान में मैनपुरी ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करते हुए आगरा मंडल में प्रथम स्थान तथा प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। दिनांक 22 अगस्त 2026 तक जनपद में निर्धारित 22,592 के लक्ष्य के सापेक्ष 21,898 लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा चुका है, जिससे 96.93 प्रतिशत कवरेज प्राप्त हुआ है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी मैनपुरी डॉ. आर.सी. गुप्ता ने बताया कि जनपद में एचपीवी टीकाकरण अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी मैनपुरी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभावी नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, आईसीडीएस विभाग, पंचायती राज विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। सभी विभागों के आपसी समन्वय, विद्यालय स्तर पर प्रभावी माइक्रोप्लानिंग, लाभार्थियों को जागरूक करने तथा टीकाकरण सत्रों की नियमित निगरानी के परिणामस्वरूप मैनपुरी ने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जनपद के जागीर, सुल्तानगंज, मैनपुरी शहरी एवं घिरोर क्षेत्रों ने एचपीवी टीकाकरण की उपलब्धि 100 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। शेष विकास क्षेत्रों में भी टीकाकरण कार्य तेजी से चल रहा है तथा इस सप्ताह जनपद में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का लक्ष्य है।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. विनय कुमार शुक्ला ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत निर्धारित टीकाकरण सत्र स्थलों एवं विद्यालयों में नियमित निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। टीकाकरण टीमों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रहे। मैनपुरी को एचपीवी टीकाकरण में प्रदेश का अग्रणी जनपद बनाने के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं और शीघ्र ही जनपद शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य प्राप्त करेगा।

## धानुका स्कूल से गार्ड की बेटी राधिका परिहार का नेशनल में चयन

वृंदावन, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। अंडर 14 की प्रदेश कबड्डी प्रतियोगिता में गार्ड की बेटी राधिका परिहार ने दूसरी बार गोल्ड मेडल लाकर हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मंदिर वृंदावन मथुरा का प्रदेश स्तर पर नाम रोशन किया। रामकृष्ण मिशन चैरिटेबल हॉस्पिटल वृंदावन में एक गार्ड के पद पर कार्यरत है, बेटी के अच्छे प्रदर्शन और नेशनल में खेलने को चयन पर भारी उत्साहित है। सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज शिकारपुर बुलंदशहर में प्रदेश भर से आये खिलाड़ियों,कोच और खेल प्रेमियों का राधिका परिहार ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह और तालियों की गड़गड़ाहट से जीता दिल जिससे भारी उत्साहित दिखी राधिका।

# मिशन शक्ति के तहत महिला चौपाल हुई आयोजित, दिए गए सुरक्षा टिप्स

हरदोई, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जनपद के थाना पिहानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भोगापुर में 'मिशन शक्ति अभियान' और 'बहू बेटी सम्मेलन' के तहत एक विशेष चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी सहायता प्रणालियों के प्रति जागरूक करना था।?चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सुरक्षा से जुड़े प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090 (विमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन), 108 / 102 (स्वास्थ्य एवं एम्बुलेंस सेवाएं) और आपातकालीन पुलिस सेवा 112 की उपयोगिता समझाई गई। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक राजेश सिंह यादव सहित महिला आरक्षी माधुरी, कंचन राजपूत, राधा और संगीता प्रमुख रूप से मौजूद रहीं, जिन्होंने स्थानीय महिलाओं से संवाद कर उन्हें कानून और सुरक्षा के प्रति निर्भीक रहने का संदेश दिया।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर खिल उठेगी ब्रजभूमि की आभा, 26 मंचों पर गूंजेगी ब्रज संस्कृति

मथुरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए मथुरा में तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू हो गई हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में बिजली, सुरक्षा, यातायात, सफाई, पेयजल, पार्किंग और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जन्माष्टमी के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। जन्मोत्सव के दौरान 2 से 4 सितंबर तक जिलेभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बार 5 मुख्य मंचों और 21 लघु मंचों सहित कुल 26 मंचों पर ब्रज की लोक संस्कृति, रासलीला, भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिससे पूरा मथुरा भक्तिमय माहौल में रंग जाएगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 76 अस्थायी शौचालय, 186 पेयजल टैंकर, 5 स्थायी और 10 अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की है। वहीं सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 1100 सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे, जबकि श्रीकृष्ण जन्मस्थान क्षेत्र में 250 अतिरिक्त कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी। सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजामजन्माष्टमी महोत्सव को देखते हुए पूरे जिले को 3 जोन और 17 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 95 बैरियर, 15 वॉच टावर, 125 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन निगरानी की व्यवस्था रहेगी। प्रमुख मंदिरों, घाटों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

## विश्राम घाट पर 5100 दीपों का दीपदान

4 सितंबर की संध्या को विश्राम घाट पर 5100 दीपों का भव्य दीपदान कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा शहर के 25 प्रमुख चौराहों और तीन प्रमुख घाटों को आकर्षक विद्युत सजावट से रोशन किया जाएगा, जिससे जन्मभूमि नगरी का अलौकिक स्वरूप देखने को मिलेगा।

# गोवर्धन की छोटी परिक्रमा में चला स्वच्छता महाअभियान, स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

### ● 'हम सबने यह ठाना है ब्रज को स्वच्छ बनाना है' के संदेश के साथ परिक्रमार्थियों और दुकानदारों को किया जागरूक

गोवर्धन, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। 'हम सबने यह ठाना है ब्रज को स्वच्छ बनाना है' के संकल्प के साथ ब्रज वैभव अभियान के तहत गोवर्धन की छोटी परिक्रमा मार्ग पर स्वच्छता महाअभियान चलाया गया।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, नगर निगम और हार्टफुलनेस के संयुक्त प्रयास से आयोजित अभियान में 250 से अधिक हार्टफुलनेस वॉलंटियर्स एवं कुलदीपक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने परिक्रमा मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में सफाई करने के साथ परिक्रमार्थियों एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान में मथुरा के साथ-साथ आगरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली, देहरादून, रोहतक सहित विभिन्न स्थानों से आए स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। अभियान का शुभारंभ गोवर्धन नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष शर्मा ने किया। स्वयंसेवकों ने परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह फैले कचरे को एकत्रित किया और लोगों से कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि गोवर्धन की छोटी परिक्रमा धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र होने के साथ ब्रज की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर भी है। इसकी स्वच्छता बनाए रखना प्रशासन के साथ प्रत्येक श्रद्धालु, दुकानदार और स्थानीय नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हार्टफुलनेस के मथुरा कॉर्डिनेटर निशान्त शर्मा ने भंडारा संचालकों से स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि भंडारों में पर्याप्त कूड़ेदान रखे जाएं तथा गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डिब्बों की व्यवस्था की जाए। प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल सामग्री का कम से कम उपयोग करने और संभव हो तो पत्तल अथवा पुनः उपयोग किए जा सकने वाले बर्तनों का प्रयोग करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि भोजन के बाद जूठी पत्तल और प्लेट इधर-उधर न फेंकी जाएं, इसके लिए श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भंडारा सेवा का कार्य है और यह सेवा तभी सार्थक होगी, जब भोजन के साथ-साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखा जाए। गोवर्धन की पवित्र परिक्रमा को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुलदीपक पब्लिक स्कूल के प्रबंधक दुष्यंत शर्मा ने कहा कि इस तरह के अभियान समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ विद्यार्थियों और युवाओं को सेवा भावना से जोड़ते हैं। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने ह्रस्वच्छ गोवर्धन, सुंदर गोवर्धनह्न का संदेश देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और ब्रज की पवित्र धरोहर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुज गोयल, हिमांशु, राजवीर सिंह हुड्डा, विचित्रा नंद वर्मा, अजय अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, सुरेन्द्र त्यागी, संदीप खन्ना, संजय शर्मा, दिगंबर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, जे.पी. सिंह, पी.एन. तिवारी, अनिल इंडोलिया, जसौद मेहता, मयंक सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# रसोइयों को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का बड़ा तोहफा

## मानदेय में 1,000 की बढ़ोतरी, अब मिलेंगे 3,000 प्रतिमाह, 6,181 रसोइयों को मिलेगा 5 लाख तक कैशलेस उपचार का लाभ




**उन्नाव, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री द्वारा रविवार को लखनऊ में रसोइया कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। योजना के तहत पात्र रसोइयों को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। जनपद उन्नाव में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया।

**मानदेय में हुई ?1,000 की वृद्धि**

मुख्यमंत्री ने रसोइयों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए उनके मानदेय में एक हजार रुपये प्रतिमाह की वृद्धि की। अब प्रत्येक रसोइया को तीन हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही वस्त्र के लिए दी जाने वाली धनराशि में भी 500 रुपये की बढ़ोतरी करते हुए अब प्रतिवर्ष एक हजार रुपये दिए जाएंगे।

**6,181 रसोइयों को मिलेगा लाभ**

रसोइया कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत जनपद में कार्यरत कुल 6,181 रसोइयों को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। इससे रसोइयों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त होगी।

**पांच रसोइयों को दिए गए प्रतीकात्मक कार्ड**

कार्यक्रम में शिव देवी, प्राथमिक विद्यालय ढ़िमरा; विमला यादव, प्राथमिक विद्यालय रिठानी; पम्मी देवी, प्राथमिक विद्यालय सदर बाजार; सुनीला, उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहल्लानगर तथा सीमा देवी, प्राथमिक विद्यालय मैनी खेरा को प्रतीकात्मक कैशलेस कार्ड एवं चेक प्रदान किए गए। सभी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

**तहसील स्तर पर भी हुआ सीधा प्रसारण**

जनपद की सभी तहसीलों के तहसील सभागारों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। संबंधित क्षेत्र के विधायकगण ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया और रसोइयों के साथ संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

**पौष्टिक भोजन और स्वच्छता पर जोर**

कार्यक्रम में अधिकारियों ने रसोइयों के दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार स्वच्छ, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपेक्षा की गई।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय देवेंद्र कुमार, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी सतीश चंद्र पांडेय, जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव के निर्देशन में किया गया। मानदेय में वृद्धि, वस्त्र के लिए बढ़ी धनराशि और कैशलेस चिकित्सा सुविधा को रसोइयों के कल्याण एवं सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इससे रसोइयों को आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा मिलने के साथ उनके मनोबल में भी वृद्धि होगी।

# आठ वर्षीय मासूम से अश्लील हरकत, आरोपी गांव से फरार

**मीरानपुर कटरा/शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गांव से फरार हो गया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 22 अगस्त की दोपहर करीब 1:30 बजे की है। आठ वर्षीय बच्ची अपनी नानी के घर से वापस लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही एक मनचले युवक ने उसे अकेला देखकर रोक लिया और उसके साथ जबरन अश्लील हरकतें करने लगा। बच्ची ने किसी तरह हिम्मत दिखाई और खुद को आरोपी के चंगुल से छुड़ाकर रोते हुए अपने घर पहुंची। घर पहुंचकर बच्ची ने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजन आरोपी के घर पहुंचे और उससे पूछताछ करने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी के परिजनों ने उलटे गाली-गलौज शुरू कर दी, जिससे दोनों पक्षों में विवाद और तनाव की स्थिति पैदा हो गई। हंगामे की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव पहुंची, लेकिन पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित परिवार को समझा-बुझाकर शांत कराया और उनकी तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर जांच की जा रही है। बच्ची का बयान दर्ज कर लिया गया है ।

# पटना देवकली में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

## भाजपा जिलाध्यक्ष व चेयरमैन ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**कलान/शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** प्रसिद्ध एवं पौराणिक पटना देवकली शिव मंदिर प्रांगण में सावन माह के उपलक्ष्य में एक भव्य 19वें विशाल भंडारा का आयोजन अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कलान हरनारायण गुप्ता तथा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं और मंदिर परिसर में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। इसके साथ ही मंदिर परिसर में आयोजित 19वें विशाल भंडारा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक,विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद मंदिर परिसर में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गयी।जिससे पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'जय शिव शंभू' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। नगर पंचायत कलान के चेयरमैन हरनारायण गुप्ता ने कहा कि पटना देवकली शिव मंदिर क्षेत्र की आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह धार्मिक उत्सव क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाइचारा और सद्भाव मजबूत होता है। भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में सेवा और समर्पण का बड़ा महत्व है। आयोजन में आसपास के जिलों एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर समाजसेवी डॉ मोहित मिश्रा, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विनोद गुप्ता,पूर्व प्रधान कुण्डरिया सौम्या गुप्ता के पति पुष्पेंद्र गुप्ता,आनंद देव मिश्रा,रामकुमार गुप्ता (मीठे), रामकिशन गुप्ता (डब्बू), यशपाल,कमलेश गुप्ता,आशीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# लगभग 7 हजार युवाओं ने लगाई दौड़, 'रन फॉर न्यू उन्नाव' में दिखा जोश

## स्व. एमएलसी अजीत सिंह की जयंती पर 4 किमी मैराथन का आयोजन विजेताओं को 21, 11 और 5 हजार रुपये का पुरस्कार




**उन्नाव, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** स्व. एमएलसी अजीत सिंह की जयंती के अवसर पर रविवार को शहर में 'रन फॉर न्यू उन्नाव' मैराथन का आयोजन किया गया। गांधी नगर तिराहे से जिला पंचायत कार्यालय तक करीब चार किलोमीटर की दौड़ में लगभग सात हजार युवाओं ने हिस्सा लेकर जोश, जुनून और फिटनेस का शानदार प्रदर्शन किया। मैराथन के दौरान युवाओं ने स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और फिटनेस का संदेश दिया।

मैराथन को आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह और युवा नेता शशांक शेखर सिंह ने गांधी नगर तिराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ शुरू होते ही सड़क पर युवाओं का उत्साह देखते ही बना। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ दौड़ पूरी की। आयोजन में जेन-जी की बड़ी भागीदारी आकर्षण का केंद्र रही। 'रन फॉर न्यू उन्नाव' मैराथन में सीनियर और जूनियर बालक-बालिका वर्ग में प्रतियोगिता कराई गई। सभी वर्गों के प्रतिभागियों ने जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। सीनियर बालक वर्ग में अनुराग ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जूनियर बालक वर्ग में सूरज ने बाजी मारी। सीनियर बालिका वर्ग में रामिनी पटेल और जूनियर बालिका वर्ग में अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रथम विजेता को 21 हजार रुपये, द्वितीय विजेता को 11 हजार रुपये और तृतीय विजेता को पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। पुरस्कार पाकर विजेताओं के चेहरे खिल उठे।

आयोजक युवा नेता शशांक शेखर सिंह ने कहा कि स्व. एमएलसी अजीत सिंह की जयंती पर आयोजित 'रन फॉर न्यू उन्नाव' का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस के प्रति प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि मैराथन में हजारों युवाओं की भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। जेन-जी ने अपनी भागीदारी से यह संदेश दिया कि फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली ही मजबूत एवं बेहतर समाज की नींव है।मैराथन के सफल आयोजन में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले प्रदीप वर्मा और विद्या सागर को युवा नेता शशांक शेखर सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन में युवाओं के साथ ही अन्य लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

# नौ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा संपन्न

## एडीएम प्रशासन ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया



**शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा रविवार को शाहजहांपुर जिले के नौ केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र से बाहर निकले अभ्यर्थियों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रहीं। किसी ने कठिन और कुछ ने सरल प्रश्न पत्र बताया।

सुबह साढ़े नौ बजे से इस्लामिया इंटर कॉलेज, एबी रिच कॉलेज, देवी प्रसाद कॉलेज, आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय और आर्य महिला इंटर कॉलेज समेत नौ परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। लखनऊ, सुल्तानपुर, बरेली, हरदोई और फरुर्खाबाद समेत कई जिलों से पहुंचे अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और किसी अभ्यर्थी के पास नकल सामग्री नहीं मिली। कुछ ने प्रश्नपत्र में सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर, सामान्य अध्ययन और आपदा प्रबंधन के सवालों को कठिन कठिन बताया तो कुछ ने प्रश्न पत्र को सरल बताया। एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, सीओ सिटी देवव्रत वाजपेयी और सीओ सदर शुभम वर्मा ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीआईओएस हरिवंश कुमार बताया कि परीक्षा में पंजीकृत 3720 अभ्यर्थियों में से 3020 उपस्थित रहे, जबकि 700 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे।

# आज सभी बोर्ड के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया

**शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जनपद में सावन माह के आज अंतिम सोमवार, 24 अगस्त को सभी प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। यह निर्णय कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ये निर्देश जारी किए। इसके बाद बीएसए जय शंकर श्रीवास्तव ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी किया।दरअसल, सावन के अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर निकलते हैं और जलाभिषेक के लिए जाते हैं। इस दौरान कांवड़ मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इन मार्गों पर स्थित स्कूलों के कारण छात्र-छात्राओं और श्रद्धालुओं दोनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को देखते हुए, डीएम ने आज 24 अगस्त को सभी बोर्ड के स्कूलों में छुट्टी के आदेश दिए हैं। बीएसए द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की अधिक आवाजाही के कारण यह अवकाश घोषित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राह चलती महिला के कुंडल झपटे, उचक्के फरार

**तिलहर/शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** खेत से घर जा रही महिला के कानों से सोने के कुंडल नोच कर उचक्के फरार हो गए। घटना की अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है कोतवाली क्षेत्र के गाँव सरोवर नगर निवासी बलराम की पत्नी बेलावती ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 22 अगस्त को पूर्वान्ह करीब 11 बजे वह सरोवर नगर गेट के समीप वह खेत से घर लौट रही थी। आरोप है कि इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति उसके कानो से कुंडल नोच कर भाग गए। पुलिस ने पीड़िता की ओर से घटना की अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### पति समेत छह लोगों के खिलाफ एसपी के निर्देश पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर/शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** गर्भावस्था के दौरान दहेज को लेकर प्रताड़ित कर घर से निकाल देने के मामले में एसपी के निर्देश पर पति सेम छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव गोपाल पुर ठठियूरा निवासी शिवानी पत्नी प्रमोद कुमार पुत्री रामवीर ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीते साल 26 जनवरी को मदना पुर क्षेत्र के गाँव ढकरी खुर्द कुदैया निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामभजन के साथ उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि ससुरालीजन दहेज में शुरू से ही दो लाख रुपए व बुलेट मोटर साइकिल की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। जब वह दो माह की गर्भवती थी तो अप्रैल महीने में उसे पेट्रोल डालकर मारने का प्रयास कर घर से निकाल दिया गया ।उसने दिसंबर में मायके की देखभाल में बेटी को जन्म दिया। पीड़िता की ओर से उसके पति प्रमोद कुमार, ससुर रामभजन,सास जयदेवी , देवर लडैते उर्फ रामवीर , जेठ विनोद , जेठानी सरोजनी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज की गई है, मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पति गंभीर घायल, पत्नी की मौके पर मौत

**तिलहर/शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** गोला गोकर्णनाथ जल चढ़ाने जा रहे बाइक सवार दंपति हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार को तिलहर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी अधिवक्ता पवनकांत मिश्रा अपनी पत्नी मिथलेश (35) के साथ बाइक से गोला गोकर्णनाथ जल चढ़ाने जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदी क्षेत्र में गोला रोड स्थित रामभरोसे ईंट भट्ठे के पास एक अन्य बाइक सवार ने अचानक आगे से बाइक काट दी। इससे पवनकांत मिश्रा की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी मोहम्मदी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उनकी पत्नी मिथलेश को मृत घोषित कर दिया जबकि पवनकांत का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मदी सीओ अरुण कुमार सिंह और कोतवाल उमेश चंद्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बांटे मानदेय वृद्धि के चेक, चिकित्सा योजना का भी मिलेगा लाभ



**शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत रसोइयों को प्रतीकात्मक कार्ड व मानदेय वृद्धि के चेक बांटे गए। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि रसोइया के परिवार में दुर्घटना होने पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से दो लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

रविवार को गांधी भवन में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने के साथ ही उन्हें कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ दिया।उन्होंने रसोइयों को मानदेय में तीन हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धि की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। मंत्री ने बताया कि रसोइयों को ड्रेस के लिए मिलने वाली राशि 500 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दी गई है। सांसद अरुण कुमार सागर, ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने भी विचार रखे। वित्त मंत्री ने रसोइया राजकुमारी, झुमका देवी, ओमश्री व सत्यवती, श्रीराम, नसीम बानो, बलीपुर की शर्मा देवी, रूपरानी, मधुरिमा और रामदेवी को कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड सौंपे।

बीएसए ने बताया कि योजना के तहत 2805 विद्यालयों में 7625 रसोइया कार्यरत हैं। इस बीच कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर तिलहर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

स्काउट-गाइड पार्टी ने अतिथियों का स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, डीडीओ ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

# 26 अगस्त को मनाया जाएगा ईद मिलाद-उन-नबी

**शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** तहरीक दावते इस्लामी इण्डिया की ओर से ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर निकलने वाला जुलूसे मीलाद हर साल की तरह इस साल भी 26 अगस्त बरोज बुधवार सुबह आठ बजे,रेलवे स्टेशन के सामने वाली नूरी मस्जिद से रवाना होगा। जिसको शहर पेश इमाम हजरत मौलाना हुजूर अहमद मंजरी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

ये जानकारी होटल पैराडाइज में आयोजित प्रेस वार्ता में दावते इस्लामी जिला निगरां हाफिज अनीस अत्तारी ने दी।उन्होंने बताया कि जुलूस रवाना होने से पहले रेलवे स्टेशन वाली मस्जिद के पास मैरिज लान में कदमे रसूल व अन्य तबरुर्कात की जियारत कराई जाएगी, इस दौरान इज्तिमा ए मीलाद का सिलसिला भी जारी रहेगा और हमेशा की तरह इस साल भी जुलूसे मिलाद अपने पारम्परिक रास्तों से होता हुआ मोहल्ला अंटा अंजान चौकी के पीछे कटहल वाली मस्जिद में इज्तेमाई दुआ के साथ संपन्न होगा।उन्होने अपील की है कि जुलूस में आने वाले सभी लोग जुलूस में अदबो एहतराम के साथ दुरूदे पाक और नाते रसूल पढ़ते हुए और सरकार की आमद के नारे लगाते हुए चले , रास्ते में आने-जाने वाले मुसाफिरों व मरीजों को रास्ता दें। और सभी से गुजारिश है कि दुआ में सभी लोग खुसूसी तौर पर शरीक हों।उन्होंने खास तौर से छतों से बिस्कुट के पैकेट,फल और खाने की चीजें आदि फेंकने वालो से अपील की है कि रिज्क की बेअदबी न करें और लंगर अदब से लोगों के हाथों में ही तकसीम करें।

उन्होंने लंगर करने वालों को दावते इस्लामी के विभाग गरीब नवाज रिलीफ फाऊंडेशन से प्रेरणा लेने को कहा जो मिलादुन्नबी के मौके पर अस्पतालों में बीमारों और जरूरतमंद लोगों को फल वितरण करते हैं।सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए इस वर्ष भी धार्मिक स्थलों के पास तैनात वालंटियर सुरक्षा जैकेट में नजर आयेंगे।डीजे म्यूजिक तथा बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। हाफिज मोहम्मद अनीस अत्तारी ने कहा कि अगर कोई डीजे म्यूजिक तथा बड़े वाहन लेकर आता है तो दावते इस्लामी प्रशासन का साथ देंगी। प्रेस वार्ता में हाफिज मोहम्मद अनीस अत्तारी, नाजिम अत्तारी, सरताज अत्तारी व रिजवान अत्तारी उपस्थित थे।

# संत रविदास के समरसता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे भाजपा मंडल महामंत्री नितिन मिश्रा

## सात स्थानों पर हुआ पूज्य कलश पूजन,पूर्व विधायिका शकुंतला देवी समेत भाजपा पदाधिकारियों ने की सहभागिता



**खुटार/शाहजहांपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** संत शिरोमणि रविदास जी के समरसता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को ब्लॉक खुटार क्षेत्र में समरसता यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पूज्य कलश पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के संयोजक नितिन मिश्रा एडवोकेट, भाजपा मंडल महामंत्री रहे। समरसता यात्रा के दौरान गुलराहा नाथ मंदिर, रूजहा कला, सोफरी, मां पंथवारी मंदिर, प्राचीन बालाजी धाम मंदिर, सिंहपुर और बालागंज में पूज्य कलश पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर संत रविदास जी के विचारों और उनके समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायिका शकुंतला देवी रहीं। उन्होंने संत रविदास जी के जीवन और विचारों को सामाजिक एकता, भाईचारे और समानता का प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में भेदभाव समाप्त कर सभी को समानता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। संयोजक नितिन मिश्रा एडवोकेट, भाजपा मंडल महामंत्री ने कहा कि संत रविदास जी का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। समरसता यात्रा का उद्देश्य उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में आपसी भाईचारा, समानता एवं सद्भाव की भावना को और मजबूत करना है। जिला मंत्री सुखदेव सिंह ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर संत रविदास जी के विचारों को नमन किया और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।

इस दौरान मंडल मंत्री निर्भय मिश्रा, भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला।

# हर निवाले में भविष्य, रसोइयों के सम्मान में योगी सरकार की चार सौगातें

- मानदेय तीन हजार, दो लाख का दुर्घटना बीमा और पांच लाख तक कैशलेस इलाज का लाभ
- डीएम बोले, बच्चों की थाली भरने के साथ रसोइयां तैयार कर रहीं विकसित भारत की नींव
- स्क्रीन पर दिखे सीएम,रसोइयों के चेहरों पर खिली खुशी



लखीमपुर-खीरी,23 अगस्त (तरुणमित्र)। सुबह स्कूल की घंटी बजती है तो कक्षाओं में पढ़ाई शुरू होती है, लेकिन उससे पहले विद्यालय की रसोई में भविष्य की तैयारी शुरू हो जाती है। चूल्हे की आंच पर पकता भोजन और बच्चों की थाली में पहुंचता हर निवाला उनके स्वास्थ्य, पढ़ाई और सपनों से जुड़ा है। इसी भूमिका को सम्मान देते हुए सरकार ने परिषदीय विद्यालयों की रसोइयों को एक साथ चार बड़ी सौगातें दी हैं। मानदेय अब दो हजार से बढ़कर तीन हजार रुपये हो गया है। दुर्घटना में दो लाख रुपये का बीमा कवर, रसोइया अथवा परिवार के किसी सदस्य के लिए सालाना पांच लाख रुपये तक निशुल्क उपचार और वस्त्र भत्ते में दोगुनी बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम में रसोइयों के चेहरों पर खुशी नजर आई। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सीडीओ अभिषेक कुमार और बीएसए प्रवीण तिवारी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई गई। इसके बाद डीएम और सीडीओ ने रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रसोइयों को संबोधित करते हुए, डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि यह रसोइयों के लिए हर्ष और सौभाग्य का दिन है। मुख्यमंत्री ने एक साथ चार सौगातें देकर उनके योगदान का सम्मान किया है। रसोइयां केवल बच्चों के लिए भोजन तैयार नहीं करतीं, बल्कि पौष्टिक भोजन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बच्चे स्वस्थ होंगे तो उनका मन पढ़ाई में लगेगा और सीखने की क्षमता भी बेहतर होगी।

उन्होंने कहा कि आज जिन छह से 14 वर्ष के बच्चों की रसोइयां देखभाल कर रही हैं, वही आगे चलकर देश और प्रदेश की जिम्मेदारी संभालेंगे और वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। इसलिए, रसोइयों की भूमिका केवल रसोई तक सीमित नहीं है, बल्कि वे देश के भविष्य की नींव मजबूत कर रही हैं। डीएम ने रसोइयों से भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और अपने दायित्व के प्रति पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी बरतने की अपील की। लखीमपुर खीरी की रसोइया सीमा सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाकर सीमा सिंह ने जिले का गौरव बढ़ाया।

# ट्रैप कार्रवाई के विरोध में लेखपालों का धरना, निष्पक्ष जांच की मांग



अंबेडकरनगर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ओर से की जा रही ट्रैप कार्रवाई के विरोध में जिले के लेखपालों ने शनिवार को सभी तहसीलों में धरना-प्रदर्शन किया। लेखपालों ने थाना समाधान दिवस का भी बहिष्कार किया, जिससे राजस्व संबंधी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण का काम प्रभावित रहा।

लेखपालों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में ट्रैप कार्रवाई की वास्तविकता की जांच कराने, शिकायतकर्ता की भूमिका और शिकायत के उद्देश्य की निष्पक्ष जांच कराने तथा भूमि विवादों से जुड़ी शिकायतों की पारदर्शी तरीके से जांच किए जाने की मांग की। लेखपालों का कहना था कि यदि जांच में किसी कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन बिना समुचित जांच के कार्रवाई उचित नहीं है।

अकबरपुर तहसील में आयोजित धरने में लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रैप कार्रवाई में निर्धारित कानूनी और विभागीय प्रक्रिया का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज, ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, दस्तावेजी साक्ष्य तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को जांच में शामिल करने की मांग की। संघ ने अयोध्या की सोहावल तहसील में लेखपाल उत्कर्ष दीप के खिलाफ हुई कार्रवाई का हवाला देते हुए उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की। संघ का दावा है कि उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज में रिश्वत मांगने से संबंधित कोई स्पष्ट तथ्य सामने नहीं आता है।अकबरपुर में धरने के दौरान जिला अध्यक्ष जितेंद्र यादव जिला मंत्री अखिलेश चौरसिया तहसील अध्यक्ष शिव प्रकाश तिवारी, रामकरन दुबे, रंजीत वर्मा ज्ञान प्रकाश वर्मा कपिल देव वर्मा अमन सोनकर जमीन दत्त वर्मा अजय वर्मा गरिमा चौधरी निधि श्रीवास्तव किरण अश्वनी उपाध्याय राहुल सिंह राणा राम रोमी कैलाश गौतम, गरिमा, आंचल सिंह, ज्ञान प्रकाश, नीरज यादव समेत बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे। वहीं भीटी और टांडा तहसीलों में भी लेखपालों ने प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डा0 सन्तोष कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्र एस एम धीरेन्द्र वर्मा वार्ड ब्वॉय त्रिभुवन सिंह एनएम नीतू सिंह की मौजूदगी में 30 मरीजों की जांच कर के उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया। इसी प्रकार से महमूदाबाद और सैदनपुर में भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मिली का आयोजन किया गया।

### पुलिस चौकी के साए में वारदात खेत से सिंचाई उपकरण चोरी

औरंगाबाद-खीरी,23 अगस्त(तरुणमित्र)। क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। पुलिस चौकी औरंगाबाद से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक किसान के खेत को चोरों ने निशाना बनाते हुए सिंचाई मोटर का केबल, स्टार्टर तथा नल का हत्था चोरी कर लिया। वारदात के बाद किसानों में दहशत का माहौल है और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।जानकारी के अनुसार किसान पीयूष त्रिपाठी के खेत में लगी सिंचाई मोटर के कमरे का गेट तोड़कर चोर अंदर घुस गए और वहां से लगभग 10 मीटर केबल, मोटर का स्टार्टर तथा नल का हत्था चोरी कर ले गए। किसान ने बताया कि उन्होंने आखिरी बार 19 अगस्त को मोटर चलाकर खेत की सिंचाई की थी। इसके बाद जब वह 23 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे खेत पहुंचे तो मोटर कक्ष का गेट टूटा हुआ मिला और सामान गायब था। आशंका जताई जा रही है कि चोरी की घटना 19 से 23 अगस्त के बीच हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के किसान भी मौके पर पहुंच गए। किसानों का कहना है कि जब पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित खेत सुरक्षित नहीं हैं तो दूर-दराज के खेतों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। किसानों ने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।पीड़ित किसान ने मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### वैगन आर कार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, जिंदा जला व्यक्ति

बाराबंकी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। सफदरगंज थाना क्षेत्र में रविवार को चलती कार में आग लगने से 50 वर्षीय व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। कार का दरवाजा लॉक हो जाने के कारण चालक बाहर नहीं निकल सका और वह आग में जिंदा जल गया। सूचना पर सफदरगंज पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पाया।इसके बाद पुलिस ने जले शव को बाहर निकाला।भौगोलिक संदर्भ सफदरगंज थाना प्रभारी अमर चौरसिया ने बताया कि राजनारायण वर्मा बाराबंकी से अपने गांव बरियापुर लौट रहे थे। बघौरा गांव के पास नहर पर पहुंचते ही कार के निचले हिस्से की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हो गया। इसके बाद कार से धुआं निकलने लगा। राजनारायण कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरी कार आग के गोले में तब्दील हो गई। आग लगने के दौरान कार का दरवाजा लॉक हो गया था। राजनारायण ने बाहर निकलने का प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हो सके। आग तेजी से फैलने के कारण वह कार के अंदर ही फंस गए और कुछ ही देर में गंभीर रूप से झुलसने से उनकी मौत हो गई।

### सघन चेकिंग अभियान में बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत चार वाहन सीज

मैगलगंज-खीरी,23 अगस्त(तरुणमित्र)। परिवहन विभाग द्वारा क्षेत्र में यातायात नियमों के अनुपालन एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ (प्रवर्तन) कौशलेन्द्र सिंह ने किया चेकिंग के दौरान दस्तावेजों एवं नियमों की अनदेखी पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, दो टेंपो तथा एक डबल डेकर बस को सीज कर दिया गया। कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। परिवहन विभाग की टीम ने विभिन्न मार्गों पर वाहनों की जांच कर परमिट, फिटनेस, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की पड़ताल कीएआरटीओ कौशलेन्द्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वाहन स्वामियों और चालकों से सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने तथा नियमों का पालन करने की अपील की।परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# थरबरनगंज की गली बनी लघुशंका का अड्डा, स्वच्छ भारत मिशन पर उठे सवाल

लखीमपुर-खीरी,23 अगस्त (तरुणमित्र)। नगर पालिका परिषद लखीमपुर के वार्ड थरबरनगंज में जामा मस्जिद जाने वाली मुख्य गली में स्वच्छ भारत मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। गली की खुली नाली के किनारे आसपास के कुछ व्यापारी और राहगीर खुले में पेशाब करते हैं, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में पेशाब करने से रोकने पर कई बार विवाद की स्थिति तक बन जाती है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका सोशल मीडिया पर स्वच्छता को लेकर काफी सक्रिय रहती है, लेकिन जमीन पर लोगों को जागरूक करने और समस्या का स्थायी समाधान कराने की जरूरत है। खुले में पेशाब के कारण गली में गंदगी और दुर्गंध के साथ संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है।

कि मौके पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के साथ लोगों को खुले में पेशाब न करने के लिए जागरूक किया जाए और जरूरत हो तो उचित कार्रवाई भी की जाए।अब सवाल यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका परिषद लखीमपुर के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का संज्ञान लेते हैं या फिर स्वच्छ भारत मिशन के दावे सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित रहेंगे।

# राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप, डीएम से शिकायत

रामसनेहीघाट/बाराबंकी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। विकास खंड बनीकोडर क्षेत्र के अनंत कुमार गौतम के सरकारी कार्यालय मे राष्ट्रीय ध्वज को कथित तौर पर फाइल में बांधकर रखे जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर जिलाधिकारी बाराबंकी से लिखित शिकायत कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानजनक तरीके से रखने के बजाय उसे विभागीय फाइलों के साथ बांधकर रखा गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पुराने समय से फाइल में बंधा राष्ट्रीय ध्वज कार्यालय में मौजूद है। मामले की जांच कर दोषी अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# लोहिया कलाभवन में पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों का सम्मान व कैशलेस कार्ड वितरण



सिद्धार्थनगर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)। पीएम पोषण योजनान्तर्गत रसोईयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन लोहिया कलाभवन में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से किए गए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण उपस्थित अधिकारियों एवं रसोईयों ने देखा।कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शोहरतगढ़ विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष को बुके देकर उनका स्वागत किया।शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसोईयों को एक बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने बताया कि रसोईयों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए 5 लाख तक की निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई है।

साथ ही ड्रेस के लिए प्रतिवर्ष 500 की वृद्धि, मानदेय में 1,000 की बढ़ोतरी और ?2 लाख तक का दुर्घटना बीमा लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया।भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा कि रक्षाबंधन से पूर्व मुख्यमंत्री जी ने मानदेय बढ़ाकर और सुरक्षा चक्र देकर रसोईयों का मान-सम्मान बढ़ाया है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि रसोईया बच्चों को अपने बच्चे की तरह मानकर पौष्टिक भोजन बनाती हैं, और सरकार ने उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह सौगात दी है। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर स्कूलों में किए गए सुधारों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर शोहरतगढ़ विधायक, जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं सीडीओ द्वारा 05-05 रसोईयों को सांकेतिक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड, ड्रेस वितरण राशि, प्रतीकात्मक चेक तथा उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

# मेडोप्लस क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- अब इलाज के लिए 35 किमी दूर नहीं जाना पड़ेगा
- पराग और मेडोप्लस ने मिलाया हाथ,बेहतर होगा इलाज



रामनगर/बाराबंकी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। मेडोप्लस क्लिनिक द्वारा रविवार को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, दांत, आंख आदि की जांच सैकड़ो ग्रामीणों ने कराई। ग्रामीण भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए पराग दुग्ध संघ और मेडोप्लस ने बाराबंकी में अपनी साझेदारी शुरू की है। इस पहल की शुरूआत मेडोप्लस क्लिनिक रामनगर से की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनंद सिंह 'मोनी' चेयरमैन दुग्ध संघ, अयोध्या मंडल (पराग) रहे। इस दौरान जीएम दुग्ध संघ अयोध्या मंडल आशीष श्रीवास्तव और स्थानीय प्रभारी प्रदीप कुमार वर्मा सहित पराग के सदस्य, सचिव और बीएमसी संचालक परिवार मौजूद रहे। गाँव में भी शहर जैसी स्वास्थ्य सुविधा संस्था का कहना है कि आज भी गाँव के लोगों को अच्छे डॉक्टर के लिए 30-35 किमी दूर शहर जाना पड़ता है और आने-जाने और खर्च मिलाकर दो हजार रुपए तक खर्च हो जाता है। मेडोप्लस का उद्देश्य इसी दूरी को खत्म करना है।मेडोप्लस क्लिनिक सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए बनाए गए हैं।

यहाँ मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अनुभवी डॉक्टर, पूर्व सीएमओ और देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के चिकित्सकों की सेवाएं मिलेंगी। क्लिनिक में डॉक्टरों के साथ नर्स, फार्मासिस्ट और ऑप्टोमेट्रिस्ट की प्रशिक्षित टीम भी रहेगी। परिवार के लिए हेल्थकेयर पैकेज ग्रामीण परिवारों के लिए वार्षिक हेल्थकेयर पैकेज भी शुरू किया गया है। इसके तहत एक परिवार के 8 सदस्यों तक पूरे साल ओपीडी सेवा का लाभ ले सकेंगे। वहीं जो वार्षिक पैकेज नहीं लेना चाहते, वे केवल 200 सौ रुपए में एक महीने तक ओपीडी परामर्श ले सकते हैं।डॉ. प्रकाश बख्शी सीईओ मेडोप्लस एवं पूर्व चेयरमैन नाबार्ड ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य का अधिकार इस बात पर निर्भर नहीं होना चाहिए कि वह शहर में रहता है या गाँव में। गाँव के व्यक्ति को भी गुणवत्तापूर्ण और समय पर सेवा पाने का उतना ही अधिकार है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीणों को इलाज के लिए लंबी दूरी और बड़ी राशि खर्च न करनी पड़े।पराग और मेडोप्लस की साझी सोच से बाराबंकी के लगभग 10,000 पराग सदस्य परिवारों तक स्वास्थ्य सेवा की पहुँच मजबूत होगी।

# दुर्गा महाशतचंडी यज्ञ को लेकर बैठक संपन्न,11 से शुरू होंगे धार्मिक आयोजन

सिंगाही-खीरी,23 अगस्त(तरुणमित्र)। माँ दुर्गा सेवा समिति सिंगहां खुर्द के तत्वावधान में माँ दुर्गा महाशतचंडी यज्ञ को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी धार्मिक आयोजन की तैयारियों पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र निषाद ने बताया कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर 11 अक्टूबर को सुबह आठ बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। कलश यात्रा के बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि महाशतचंडी यज्ञ के दौरान रामलीला और कृष्णलीला का भी मंचन किया जाएगा। इससे क्षेत्रवासियों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। आयोजन का शुभारंभ 11 अक्टूबर से होगा, जबकि 20 अक्टूबर को समापन किया जाएगा। बैठक में यज्ञ स्थल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा, कार्यक्रमों के संचालन तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सहयोग करने की अपील की। बैठक में मुनेश प्रसाद डॉ. संतोष वर्मा, जंग बहादुर यादव, डॉ. सुशील मौर्य, मनोज पटवा समेत समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# देवा व महादेवा की भूमि कांग्रेस का गढ़ ,रामनगर कांग्रेस की कर्मभूमि : तनुज पुनिया

बाराबंकी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। हैदरगढ में विधानसभा स्तर पर संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत एक समस्त कार्यकर्तागणो एवं पदाधिकारीगणो को सम्बोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी0पी0 जोशी ने कहा कि जनपद बाराबंकी में हैदरगढ विधानसभा के कार्यकर्ताओ का मनोबल बनाये रखने के लिये हैदरगढ ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार सिंह को उनके विचारो से अवगत होना पडेगा। हैदरगढ विधानसभा में बुद्धिजीवी वर्ग एवं पिछडा वर्ग साथ ही दलित समाज के दुख सुख में शरीक होते हुये कांग्रेस की विचारधाराओ से अवगत होना होगा।

जिसमें मुख्यरूप से सी0पी0 जोशी बाराबंकी प्रवेक्षक एवं सांसद तनुज पुनिया ने आज हैदरगढ की ब्लाक कमेटी से लगाकर बूथ स्तर तक के कार्यकताओ के साथ सीधे रूबरू होते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के परिर्वतन पर भी चर्चा की जिसकी गोपनीयता सुरक्षित है जिसमें ब्लाक अध्यक्ष सुशील वर्मा की ब्लाक कमेटी में से भी जिलाध्यक्ष पर भी चर्चा की गयी जिसमें मुख्यरूप से दीपक तिवारी, विनय शुक्ला वारिष्ठ नेता मो0 सरवर सिद्दीकी, चन्द्रशेखर तिवारी, संजय सिंह, गुरूशरण श्रीवास्तव, सुरेन्द्र यादव, गुड्डू राईन, रोहित मिश्रा, सूरज दीक्षित, सुश्री अवस्थी, उमानाथ शुक्ला, जयंत गौतम, राम सागर रावत, प्रेमनरायण शुक्ला, सोनू तिवारी आदि लोगो ने संगठन पर चर्चा की। साथ ही बदोसराय कोटवाधाम विधानसभा रामनगर में भी संगठन पर चर्चा करते हुये सी0पी0 जोशी एवं सांसद तनुज पुनिया ने कार्यकताओ से रूबरू होते हुये कहा कि मुझे जहां तक अभास है कि देवा एवं महादेवा की भूमि रामनगर कांग्रेस का गढ है और रामनगर कांग्रेस की कर्मभूमि है यहां का हर एक कार्यकर्ता स्वयं में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारो में सम्मलित है और यह केवल एक संगठन ही नही मानवता एवं सामंजस्य का मंच है।

सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि जो भी समाज समय की स्थितियो को देखते हुये कांग्रेस जैसी विचारधाराओ से बिखरा हुआ है संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत उन बिखरे हुये समाज को एक साथ लाकर संगठन को मजबूत करना ही देश की मजबूती का प्रतीक होगा। सिरौलीगौसपुर ब्लाक अध्यक्ष मुरली रावत, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय, महादेव ब्लाक अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, सूरतगंज सुरेन्द्र वर्मा, सचिन त्रिपाठी नगर अध्यक्ष, बेचन लाल दीक्षित, अमित त्रिवेदी, भूपेन्द्र वर्मा, डा0 शुऐब, बद्री विशाल गौतम आदि लोगो से संगठन को तीव्र गति किस प्रकार दी जाये और संगठन में बदलाव के सुधार पर भी चर्चा की गयी।

# डीएम ने जवाहर नवोदय विद्यालय अकबरपुर का किया निरीक्षण

अम्बेडकरनगर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने जवाहर नवोदय विद्यालय, अकबरपुर का निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षिक एवं आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, किचन तथा बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल का भ्रमण कर साफ-सफाई, भोजन, शैक्षिक वातावरण एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, दैनिक दिनचर्या, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा उनकी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से उनकी कक्षाओं, विषयों एवं अध्ययन से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षिक प्रगति को समझा। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यालय में उन्हें बेहतर शैक्षिक वातावरण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का उद्देश्य यही है कि वे अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ें और अपने परिवार, विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों की जिज्ञासाओं को भी सुना तथा उनकी आवश्यकताओं के संबंध में सकारात्मक रूप से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने हॉस्टल में साफ-सफाई, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। किचन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की जानकारी ली।

उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, भोजन, आवासीय सुविधाओं तथा शैक्षिक वातावरण से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को निरंतर बेहतर रखा जाए।

# पारिजात सभागार में रसोइया सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री कैशलेस योजना का शुभारंभ



सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)। तहसील सिरौली गौसपुर के पारिजात सभागार में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत रसोइया सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह उपस्थित रहे, उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर अनिल कुमार सरोज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सिरौली गौसपुर सुषमा सेंगर ने किया। समारोह में रसोइयों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत सितंबर माह से रसोइयों का मानदेय ?2,000 से बढ़ाकर ?3,000 प्रतिमाह, रसोइया परिधान की धनराशि ?500 से बढ़ाकर ?1,000, मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड का प्रतीकात्मक वितरण तथा दुर्घटना की स्थिति में ?2 लाख तक के बीमा कवर की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा परिवार के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों के साथ-साथ रसोइयों के हितों के लिए भी लगातार कल्याणकारी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार उनके सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार सरोज ने रसोइयों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके महत्व पर प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा सेंगर ने सभी रसोइयों को बधाई देते हुए विद्यालयों में पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। मंच का संचालन अभिषेक सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान रसोइया मुनागा ररामरती, संगीता एवं खुशबू सहित कई अन्य रसोइयों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड का प्रतीकात्मक वितरण एवं बढे.हुए मानदेय की धनराशि की चेक वितरित की गई।

इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बबलू, मंडल महामंत्री अमित भैया रामजी, नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में रसोइया उपस्थित रहे। रसोइया सम्मान समारोह में सरकार द्वारा रसोइयों के मानदेय, परिधान, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं बीमा से संबंधित घोषणाओं को लेकर उपस्थित रसोइयों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक उदय प्रताप सिंह, इरफान अहमद, रकीम अंसारी, सौरभ वर्मा, विजय सिंह यादव, शिवा जी, पूजा देवी सहित अनेक शिक्षक रसोईया उपस्थित रहे।

# प्रदेश भर से लोवर पीसीएस के 150 से ज्यादा परीक्षार्थियों ने उठाया नारायण फाउंडेशन की सुविधा का लाभ

अंबेडकरनगर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)। विवेक मौर्य के नेतृत्व में समाजसेवा के क्षेत्र में जनपद ही नही बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी समाजसेवा के माध्यम से अलग पहचान बनाने वाली सामाजिक संस्था नारायण फाउंडेशन ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लोवर पीसीएस की परीक्षा देने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये सैकड़ों परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क एसी कमरों में रहने, सर्वोत्तम खाने, उनके आवागमन के साथ ही उनको प्रतियोगी परीक्षा के लिए एक अच्छा माहौल देने के लिए परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने नारायण फाउंडेशन व उसके संरक्षक विवेक मौर्य की जमकर सराहना किया ।

नारायण फाउंडेशन द्वारा यह सेवा लोअर पीसीएस में उन परीक्षार्थियों के लिए की गई थी जिनका परीक्षा केंद्र अम्बेडकरनगर में है और जो बाहरी जिलों से यहाँ आए हैं। यह व्यवस्था जनपद के मौर्या स्टेट मैरिज लॉन, मौर्य नगर, पुन्थर, टांडा में की है जहां परीक्षा की पूर्व संध्या पर अभ्यर्थियों का स्वागत किया गया और उनको रात्रि विश्राम , भोजन के साथ ही सुबह परीक्षा से पहले नाश्ते के भी इंतेजाम किया गया था। परीक्षा में दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ, जौनपुर, भदोही, गोरखपुर , बलिया , गाजीपुर , वाराणसी,आदि जगहों से आए 150 से ज्यादा परीक्षार्थियों ने विवेक मौर्य द्वारा दी गई इस सुविधा का लाभ उठाया। इस मौके पर लोवर पीसीएस की परीक्षा देने आये विभिन्न जनपद के अभ्यार्थियों ने विवेक मौर्य की इस पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि किसी ज़िले में सेंटर पड़ने पर हम परीक्षार्थियों का सबसे बड़ा तनाव रुकने को लेकर होता है जिसका असर हमारी परीक्षा पर पड़ता है। अम्बेडकरनगर आने पर हमें पता चला कि नारायण फाउंडेशन द्वारा हमारे लिए निःशुल्क रुकने, खाने व अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत की बात थी क्योंकि अमूमन परीक्षा के समय होटल फुल होते हैं और रुकने के लिए हमें भटकना पड़ता है।विवेक मौर्य ने कहा ये बच्चे किसी एक जिले के नहीं, ये उत्तर प्रदेश का भविष्य हैं। अगर ये तनावमुक्त होकर परीक्षा देंगे तो इनके माता-पिता का सपना और हमारे जिले का सम्मान दोनों बढ़ेगा।

# डीएम ने निर्माणाधीन 'साइंस पार्क' का किया निरीक्षण

**❑ निर्माण कार्य में तेजी लाने व गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश**

**आगरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कोठी मीना बाजार के पास निर्माणाधीन 'साइंस पार्क' का निरीक्षण किया, तथा संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने व ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट का ले-आउट प्लान देखा, परिसर का भ्रमण कर भौतिक प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित से प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी तलब की। जिसमें बताया गया कि 11149 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में,3962.48 लाख की धनराशि से साइंस पार्क का निर्माण किया जा रहा है जिसमें 02 एक्जीबेशन हॉल, का कार्य 55 प्रतिशत, एंट्रेंस कॉरिडोर का 60 प्रतिशत, गार्ड रूम 10 प्रतिशत के साथ निर्माण कार्य प्रगति पर है।



कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने संबंधित से जवाब तलब किया तथा निर्माण कार्य पूर्ण करने की देय तिथि की जानकारी तलब की, जिसमें बताया गया कि मार्च 2027 तक प्रोजेक्ट पूर्ण करना है, धीमी प्रगति के बारे में संबंधित द्वारा बताया गया कि ले आउट कराते समय उपलब्ध करायी गयी भूमि पर्याप्त नहीं थी,पुनः भूमि का चिन्हांकन करते हुए कैंपस के दूसरी तरफ भूमि उपलब करायी गयी थी। पुनः उपलब्ध करायी गयी भूमि पर अतिक्रमण एवं कार्यस्थल पर स्थित जर्जर भवन था, उक्त हेतु वैज्ञानिक अधिकारी , प्रभारी, क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र आगरा को जर्जर भवन का मलवा हटाने एवं अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया गया, जिससे निर्माण कार्य का प्रारंभ तय समय से नहीं किया जा सका,इस कारण कार्य विलंब से सुचारू नहीं हो सका।वर्तमान में मुख्य भवन ब्लाक बी एवं ब्लाक सीके भूतल एवं प्रथम तल,छत का कार्य पूर्ण ब्लाक ए का फाउण्डेशन का कार्य पूर्ण प्लिन्थ बीम का कार्य पूर्ण, भूतल के कालम का कार्य प्रगति परहै तथा ब्लाक बी एवं ब्लाक सी के भूतल पर चिनाई का कार्य प्रगति पर है।

जिलाधिकारी महोदय ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा तथा कार्य कर रहे मजदूरों से सीमेंट,सैंड आदि का अनुपात तथा अन्य जानकारी ली, जिलाधिकारी ने सीमेंट, सैंड अनुपात तथा सिल्ट कंटेंट की जांच हेतु अपने समक्ष सामान्य जार टैस्ट करा के गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कराए जा रहे क्यूब टैस्ट की जानकारी तलब की तथा सभी जांचों के रिकॉर्ड हेतु रजिस्टर बनाने के निर्देश के साथ सभी कॉलम के कास्टिंग से पहले अनिवार्य रूप से क्यूब टैस्ट कराने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता तथा कॉन्ट्रैक्टर को गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि साइंस पार्क विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच विकसित करने का आकर्षक केंद्र बने इस हेतु विभिन्न आधुनिक साइंस पार्क की सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, निर्माण में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हुए कार्य को समयबद्ध पूरा करें।

गौरतलब है कि इस साइंस पार्क की अत्याधुनिक परियोजना में छात्रों के लिए विज्ञान, खगोलशास्त्र और तकनीकी शिक्षा से जुड़े आकर्षक प्रदर्शनी हॉल, कार्यशाला सौर ऊर्जा प्रणाली जैसी सुविधाएं होंगी।

# जनगणना 2027 पर यादव समाज ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**एटा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में रविवार दोपहर जनगणना 2027 में जाति की सही प्रविष्टि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यादव समाज का एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जीटी रोड स्थित बॉडी जिम स्टेशन सेंटर में हुआ, जिसका मुख्य लक्ष्य समाज के आंकड़ोंमें एकरूपता बनाए रखना और यादव समाज की वास्तविक जनसंख्या का सही आकलन सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा एटा के जिलाध्यक्ष अनीश कुमार यादव उर्फ सचिन यादव ने किया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव एडवोकेट इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि अशोक यादव एडवोकेट ने समाज के लोगों से अपील की कि जनगणना में अपनी जाति यादव ही दर्ज कराएं। उन्होंने जोर दिया कि इससे समाज की सही पहचान और वास्तविक संख्या का आकलन हो सकेगा।

इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव के साथ अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ललित यादव एडवोकेट, और महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष प्रीति यादव सहित लगभग 100 समाजबंधुओं ने भाग लिया।

# पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**आगरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजू भदौरिया जी, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रशांत पौनिया, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिलाधिकारी मनीष बंसल व मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, बीएसए राकेश कुमार सिंह द्वारा पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का होली पब्लिक स्कूल, सिकंदरा,आगरा में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया।

जुपिटर सभागार, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के सम्मान एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण का शुभारंभ कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं रसोइयों द्वारा उत्साहपूर्वक देखा व सुना गया।



कार्यक्रम में कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय फतेहपुर सीकरी आगरा की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में प्रत्येक विकास खण्ड से 01-01 रसोइया को सम्मान एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड एवं मानदेय वृद्धि का प्रतिकात्मक चेक का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत 3.54 लाख रसोइयों के सम्मान तथा उन्हें 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, चिकित्सा कार्ड वितरण की शुरूआत की गई। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों के बाद अब पीएम पोषण योजना से जुड़े रसोइयों को भी ?5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित किया गया है। जनपद आगरा में 5,600 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर रसोइयों के मानदेय में 1,000 प्रतिमाह की वृद्धि किए जाने की घोषणा की गई, जिससे अब उनका कुल मानदेय 3,000 प्रतिमाह हो गया है। साथ ही रसोइयों को ड्रेस/साड़ी के लिए दी जाने वाली राशि को 500 से बढ़ाकर 1,000 किया गया है।

रसोइयों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में 2 लाख तक के दुर्घटना बीमा के लिए भारतीय स्टेट बैंक (SBI) से एमओयू का आदान-प्रदान भी किया गया।

गौरतलब है कि प्रदेश में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत 3.54 लाख रसोइयों में लगभग 93 प्रतिशत महिलाएं हैं। रसोइयों की कार्यक्षमता एवं पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए किचिन गार्डन एवं पाक कला प्रतियोगिता की शुरूआत की जाएगी। इसके साथ ही पोषण संबंधी विषयों पर पोषण फिल्म के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

# युवती की संदिग्ध मौत, परिजनों ने नहीं किया अंतिम संस्कार

**सहारनपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** गंगोह कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलासपुर में 20 वर्षीय शिवानी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के 36 घंटे बाद भी परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। आक्रोशित मां ने चेतावनी देते हुए कहा कि आरोपियों पर कार्यवाही न होने की सूरत में सामूहिक आत्म हत्या कर लेंगे।

गौरतलब है कि शनिवार को पोस्मार्टम के बाद परिजनों ने शव को धलापड़ा चौकी पर रखकर प्रदर्शन किया था। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने दो घंटे में कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मृतका की मां मौसम देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने गांव के पूर्व ग्राम प्रधान पति मोनू और कृष्ण पर इस अपराध का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस अंतिम संस्कार करने के लिए दबाव बना रही है और कार्रवाई बाद में करने की बात कह रही है।

# पांच बेटियां होने पर सादिक ने की दूसरी शादी, बेटा होने पर तलाक देकर मार दिया

**मेरठ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कुशावली-ज्वालागढ़ संपर्क मार्ग पर दौलतपुर गांव के जंगल में गन्ने के खेत में मिले खून से लथपथ शव की पहचान शीबा के रूप में होने के बाद एक सनसनीखेज कहानी सामने आई है, जिसने पुलिस को भी चौंका दिया है। भावनपुर क्षेत्र के सियाल गांव निवासी शीबा (26) की हत्या उसके दूसरे पति सादिक ने परिवार के साथ मिलकर करने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक,19 अगस्त को सादिक अपने परिवार के सदस्यों के साथ शीबा को कार में लेकर निकला था। रास्ते में शीबा ने अपने भाई जुनैद को कॉल कर बताया था कि उसे जबरन गाड़ी में ले जाया जा रहा है और सादिक उसे देहरादून ले जाने की बात कह रहा है। इसके बाद कार में विवाद हुआ। छीना-झपटी के दौरान शीबा का मोबाइल टूट गया। आरोप है कि इसी दौरान सादिक ने कार में ही उसका गला घोंट दिया।

हत्या के बाद शव को सरधना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के जंगल में गन्ने के खेत में फेंक दिया। आरोपी ने शव की पहचान छिपाने के लिए शीबा के चेहरे और सिर पर ईंट से कई वार किए। 21 अगस्त को सोशल मीडिया पर मृतका शीबा की तस्वीर देखने के बाद परिवार ने सरधना थाना पहुंचकर उसकी पहचान की।

> सीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सादिक, वसीला, आसिया और शादाब को गिरफ्तार कर लिया है। आबिद की तलाश में दबिश दी जा रही है। हत्या से जुड़े सभी पहलुओं और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की जा रही है। -सीओ

**2019 में हुई थी पहली शादी**

मृतका के भाई जुनैद ने बताया कि शीबा की शादी 2019 में कंकरखेड़ा क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर लाला निवासी शाहरुख के साथ हुई थी। दोनों के दो बच्चे बेटी नविया और बेटा मोहम्मद साद हैं। शीबा की मुलाकात सादिक से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। सादिक पहले से शादीशुदा था। उसकी पहली पत्नी आसिया से पांच बेटियां हैं। पुलिस के मुताबिक, शीबा और सादिक के बीच बच्चों को लेकर विवाद बढ़ता गया। शीबा अपनी बेटी नविया को भी अपने साथ रखना चाहती थी, जबकि सादिक केवल बेटे मोहम्मद साद को ही अपने पास रखने पर अड़ा था।

**दो जून को दिया था तीन तलाक**

मृतका के भाई जुनैद का आरोप है कि सादिक ने दो जून को शीबा को तीन तलाक दे दिया था। इसके बाद शीबा मायके चली आई। आरोप है कि 30 जुलाई को सादिक अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। शीबा और उसके बेटे मोहम्मद साद को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

**पांच आरोपियों पर प्राथमिकी, चार गिरफ्तार**

शीबा की पहचान होने के बाद भाई जुनैद ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें सादिक, उसकी मां वसीला, पहली पत्नी आसिया और भाइयों आबिद व शादाब पर हत्या की साजिश रचने और वारदात में शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# विकास कार्यों की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने दिए पारदर्शिता और गुणवत्ता के निर्देश

**अमरोहा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को माध्यमिक शिक्षा मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्रीमती गुलाब देवी की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ नियमित मॉनिटरिंग करने तथा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी सेवाभाव और जिम्मेदारी की भावना से कार्य करें। विकास कार्यों एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय एवं निरंतर संवाद बनाए रखा जाए। समीक्षा बैठक में उठाए गए बिंदुओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र ने जनपद की आर्थिक स्थिति, विकास की रूपरेखा और प्रमुख उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। विभिन्न विभागों द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, ऑपरेशन कायाकल्प, पेंशन योजनाओं, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई।

# पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**हापुड़, 23 अगस्त (तरुण मित्र)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने 02 वारन्टियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर बहादुरगढ़ के पल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया पुलिस ने बताया कि कलुबा पुत्र बिंदु निवासी बहादुरगढ़ व सुल्तान पुत्र कलुबा निवासी बहादुरगढ़ के खिलाफ थाना बहादुर रोड में अलग-अलग धाराओं मुकदमा पंजीकृत था




जिनकी काफी हादसे से तलाश थी उसी के संबंध में इन्हें गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार करने वाली इस टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार,राहुल कुमार व दिशा चौधरी आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# पांच अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** एनएच टू पर ट्रक संख्या संख्या सीजी 04 एचजेड 3433 में खाद ले जारे ट्रक का एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स आगरा की टीम पीछा कर रही थी। टीम ने फरह क्षेत्र में एनएच-2 पर दक्षिणी बाईपास पुल के पास घेराबंदी की और संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने ट्रक को पकड लिया। फरह क्षेत्र में पुलिस और एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) आगरा की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 250 किलोग्राम (ढाई क्विंटल) अवैध गांजा बरामद किया है।

## पेज 1 का शेष...

## अमेठी में गूंजी 'शेर'...

स्वदेशी हिस्सेदारी बढ़ाई गई। अब पूरी तरह भारतीय पुर्जों से तैयार राइफल का परीक्षण उस प्रक्रिया का अगला बड़ा चरण है।

यही वजह है कि अमेठी की यह फैक्ट्री अब केवल राइफल बनाने वाली इकाई नहीं रह गई है। इसके आसपास देश के अलग-अलग हिस्सों में रक्षा उपकरणों के लिए आपूर्तिकताओं का नेटवर्क भी विकसित हुआ है। पहले से भारतीय कंपनियां इसके विभिन्न हिस्सों की आपूर्ति कर रही थीं और स्वदेशीकरण बढ़ने के साथ यह श्रृंखला और विस्तृत हुई है। भारतीय सशस्त्र बलों के लिए 6,01,427 एके-203 राइफलों का बड़ा आर्डर है। पहले इनकी आपूर्ति लंबे समय में पूरी होनी थी, लेकिन उत्पादन क्षमता बढ़ने और स्वदेशीकरण की गति तेज होने से अब इसे निर्धारित समय से पहले पूरा करने की तैयारी है। कंपनी के अनुसार करीब छह लाख राइफलों की आपूर्ति लगभग एक वर्ष पहले पूरी करने का लक्ष्य है। एक अन्य रिपोर्ट में इसे अनुबंध की समयसीमा से करीब 22 महीने पहले पूरा करने की योजना बताया गया था। उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए संयंत्र में हर 100 सेकंड में एक राइफल तैयार करने की दिशा में काम किया जा रहा है। यह गति हासिल होने पर सालाना उत्पादन क्षमता में बड़ा उछाल आएगा। इसका सीधा असर सेना को आधुनिक राइफलों की उपलब्धता पर पड़ेगा। 'शेर' को भारतीय सेना में लंबे समय से इस्तेमाल हो रही इंसास राइफल के स्थान पर लाया जा रहा है। एके-203 कलाश्निकोव परिवार के विश्वसनीय डिजाइन पर आधारित है और इसमें आधुनिक उपयोग के अनुरूप सुविधाएं जोड़ी गई हैं। यह 7.62 गुणा 39 मिलीमीटर की गोली इस्तेमाल करती है। इसकी फायरिंग क्षमता करीब 700 राउंड प्रति मिनट और प्रभावी मारक क्षमता 800 मीटर तक बताई गई है। इसमें आधुनिक उपकरण और दृष्टि प्रणाली लगाने के लिए माड्यूलर रेल भी दी गई हैं।'शेर' की सबसे बड़ी कहानी उसकी गोली चलाने की क्षमता से आगे जाती है। इसका महत्व इस बात में है कि भारत अब ऐसी जटिल रक्षा वस्तु के उत्पादन में विदेशी निर्भरता से आगे बढ़कर पूरी उत्पादन श्रृंखला को देश में खड़ा करने की स्थिति में पहुंच रहा है। इससे आपूर्ति में बाहरी व्यवधान का जोखिम घटता है और युद्ध जैसी आपात स्थिति में उत्पादन बढ़ाने की क्षमता मजबूत होती है। अमेठी में बनने वाली ये राइफलें इसलिए सेना के लिए हथियार से ज्यादा एक औद्योगिक बदलाव का प्रतीक हैं। एक ओर सैनिकों को पुरानी इंसास के स्थान पर आधुनिक राइफल मिलने की तैयारी है, तो दूसरी ओर भारतीय उद्योग को बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन का अनुभव मिल रहा है। आने वाले वर्षों में यही क्षमता दूसरे रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण की नींव मजबूत कर सकती है।

## अंतरिक्ष में नई ताकत...

प्रत्येक में हर महीने एक रॉकेट बनाने की क्षमता है। लक्ष्य आगे हर सप्ताह और फिर हर दिन रॉकेट प्रक्षेपण तक पहुंचने का है।

एक अन्य स्टार्टअप ने आधुनिक तकनीक वाला इंजन तैयार करने और उसकी जांच जारी होने की जानकारी दी। एक अन्य उद्यमी ने बताया कि अंतरिक्ष क्षेत्र खुलने के बाद अमेरिका और यूरोप में काम कर रहे भारतीय प्रतिभाशाली लोग देश लौटकर काम करना चाहते हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया भर की प्रतिभाओं को आकर्षित करना होगा और अंतरिक्ष स्टार्टअप की उपलब्धियां लोगों को भारत आने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। एक कंपनी के प्रमुख ने बताया कि वह उपग्रह इंजन बना रही है और उसे वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। निर्यात में भी सरकार का सहयोग मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लागत के मामले में भारत प्रतिस्पर्धी है और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। भारतीयों में जोखिम उठाने की क्षमता भी अधिक है, जिससे देश अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ सकता है। एक अंतरिक्ष औषधि स्टार्टअप ने बताया कि वह ऐसे उपग्रह विकसित कर रहा है, जिनमें अंतरिक्ष में औषधियों का निर्माण कर उन्हें पृथ्वी पर वापस लाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री ने इन प्रयासों को भारत की अंतरिक्ष क्षमता को नई ऊंचाई देने वाला बताया। इससे पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जिस नए कालखंड की शुरूआत की बात कही थी, उसमें वैश्विक व्यवस्था में भारत लगातार अपनी जगह मजबूत कर रहा है और इसका प्रभाव अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जेन-जी के इंजीनियर, डिजाइनर, कोडर और वैज्ञानिक प्रोपल्शन सिस्टम, कंपोजिट सामग्री, रॉकेट चरण और उपग्रह मंच जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम कर रहे हैं। भारतीय निजी अंतरिक्ष प्रतिभा ने दुनिया में पहचान बनाई है और वैश्विक निवेशकों के लिए देश का अंतरिक्ष क्षेत्र आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इसरो की सफलताएं बच्चों को वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। रॉकेट का काउंटडाउन लाखों बच्चों में उत्साह जगाता है और कागज के हवाई जहाज उड़ाने वाला बच्चा भी इंजीनियर या वैज्ञानिक बनने का सपना देख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यही सपने भारत के अंतरिक्ष अभियान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की सबसे बड़ी ताकत हैं।

## एक दशक में 45 अरब...

तक बढ़कर 618.5 मिलियन डॉलर हो गया। अकेले 2026 में अब तक 187 मिलियन डॉलर का निवेश दर्ज किया जा चुका है।

सरकार के मुताबिक 2026 के मध्य तक 52 गैर-सरकारी संस्थाओं को 113 प्राधिकरण दिए गए हैं। इनमें 18 स्टार्टअप शामिल हैं, जिन्हें उपग्रह संचालन, पेलोड स्थापित करने और प्रक्षेपण सेवाओं के लिए अनुमति मिली है। भारत ने वर्ष 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोला था। इसके बाद उपग्रह, प्रक्षेपण प्रणाली और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों में उद्योगों तथा स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ी। भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 ने अंतरिक्ष क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में निजी भागीदारी को और मजबूत किया तथा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और इन-स्पेस की भूमिकाएं स्पष्ट कीं।

## जनता अगले चुनाव...

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव हुआ है। आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में फर्श, शौचालय, पेयजल, रसोई, पुस्तकालय और स्मार्ट कक्ष जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इस वर्ष के अंत तक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का मॉडल भी सामने आएगा। उन्होंने कोरोना काल और प्रयागराज महाकुंभ के दौरान रसोइयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संकट और बड़ी भीड़ के समय लाखों लोगों के भोजन की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## होर्मुज पर नए अमेरिकी...

होर्मुज को अमेरिकी क्षेत्र घोषित करने की बात कह चुके हैं। 18 अगस्त को भी उन्होंने इसी तरह का नक्शा साझा किया था। अब रविवार को नए नक्शे के जरिये उन्होंने अपने दावे को दोहराया है। ट्रंप का कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खुला है और वह जल्द ही ईरान की हार का एलान करेंगे। अमेरिका की ओर से ईरान पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने की तैयारी की भी बात सामने आ रही है। इसी को लेकर दोनों देशों के बीच टकराव और गहराने की आशंका है।

ईरान बोला- होर्मुज हमारा था, है और रहेगा। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख मोहसिन रेजाई ने ट्रंप के दावे को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट ईरान का था, है और रहेगा। उन्होंने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट बंद है और इसे तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक अमेरिका अपने वादे पूरे नहीं करता। रेजाई ने दुनिया के देशों से अमेरिका की आर्थिक कार्रवाई का हिस्सा नहीं बनने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि जो देश अमेरिका का साथ देगा, वह ईरान का दुश्मन माना जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए तो ईरान इसे युद्ध की शुरूआत मानेगा और इसका खामियाजा अमेरिका के साथ उसके सहयोगी देशों को भी भुगतना पड़ेगा।

# राजेंद्र सिंह सिकरवार के निधन पर मथुरा पहुंचे जयंत चौधरी, दी श्रद्धांजलि

**मथुरा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी रविवार को मथुरा पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह सिकरवार के निधन पर उनके आवास पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में हर संभव साथ देने का भरोसा दिलाया। जयंत चौधरी ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कुछ समय परिवारजनों के बीच रहकर उन्हें ढांढस बंधाया।

# प्रदेश सरकार की रसोइया महिलाओं को सौगात

**❑ मानदेय बढ़ा, 2 लाख दुर्घटना बीमा और 5 लाख कैशलेस इलाज दिया जाएगा**

**एटा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** विकास भवन स्थित शताक्षी सभागार में रविवार को पीएम पोषण योजना के तहत परिषदीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के लिए सम्मान समारोह और कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 40 रसोइया महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर के करीब 3.53 लाख रसोइयों के लिए मानदेय वृद्धि, दुर्घटना बीमा और कैशलेस चिकित्सा सुविधा सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी आशीष यादव और मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मौजूद रहे। इस दौरान रसोइयों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव संबोधन भी देखा, जिसमें उन्होंने प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम से घोषणाएं कीं। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, पीएम पोषण योजना में कार्यरत रसोइयों का मासिक मानदेय 2 हजार से बढ़ाकर 3 हजार प्रतिमाह कर दिया गया है। मानदेय में बढ़ोतरी की अतिरिक्त राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा के तहत रसोइयों को 2 लाख तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए एसबीआई के माध्यम से रसोइयों के खाते खोले जाएंगे और मानदेय सीधे इन खातों में भेजा जाएगा। दुर्घटना की स्थिति में बीमा के तहत सहायता उपलब्ध होगी।स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी एक बड़ी सुविधा शुरू की गई है। रसोइयों और उनके परिवार के सदस्यों को हर साल 5 लाख तक के कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# सपा सरकार बनने पर किसानों की समस्याओं का होगा समाधानः चौधरी

**सहारनपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्र सेन ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके पास नीति व अच्छा नेतृत्व है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर प्राथमिकता के आधार पर किसान व मजदूरों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्र सेन गाँव सुनहेटी खडखडी में समाजसेवी सोनू चौधरी द्वारा आयोजित पी डी ए कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास का दावा करने वाली भाजपा के शासनकाल मे इसके विपरीत भाजपाईयों का विकास सबका विनाश हो रहा है उन्होंने कहा कि




भाजपा से त्रस्त जनता परिवर्तन चाहती है इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व मे सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी 6 सितंबर को सहारनपुर में होने वाली रैली मे एतिहासिक भीड़ जुटाने का आह्वान किया विधायक आशु मलिक ने कहा कि उन्होंने अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल मे उन्होने जनता से जुडे मुद्दो को सदन में उठाने का काम किया उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर सहारनपुर मे उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराईं जाएगी ताकि लोगों को इलाज के लिए दिल्ली अथवा देहरादून नहीं जाना पड़े सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि समाजवादी पार्टी मे ही महिलाओं का हित सुरक्षित है उन्होंने कहा कि सहारनपुर मे अखिलेश यादव की रैली परिवर्तन की दिशा तय करेगी उन्होने रैली में रिकार्ड भीड़ जुटाने की अपील की युवा नेता परीक्षित चौधरी ने कहा कि पूरी समाजवादी पार्टी उनका परिवार है सहारनपुर मे रैली का उद्देश्य अपने समाजवादी परिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलाना है उन्होंने युवाओं से भारी तादाद मे रैली में भागीदारी की अपील की सम्मेलन को लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र शेखर यादव चौधरी ओमी पंवार सुदेश गुर्जर चौधरी संतर पाल अनुज प्रधान मदनुकी संदीप यादव महेन्द्र राकेश राव वजाहत ने भी सम्बोधित किया इस दौरान विभोर शर्मा विजय पाल प्रधान अहसान प्रधान उसमा गाड़ा कवर पाल अहमदपूर समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# जमीन से गायब पाठशालाओं को ढूंढने वाले को संजय सिंह देंगे एक लाख

## योगी राज में 'स्कूल चोरी' का अनोखा मामला, जौनपुर के 5 सरकारी स्कूल जमीन से 'गायब'




**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में 'स्कूल चोरी' के एक अद्भुत और अनोखे मामले का पदार्फाश किया। उन्होंने बताया कि जौनपुर जिले में पाँच ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनका जमीन पर कोई अता-पता नहीं है, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में इन्हें 'ऑपरेशनल' दिखाया जा रहा है।

आप सांसद ने खुली चुनौती देते हुए घोषणा की कि जो कोई भी इन पाँच गायब स्कूलों में से एक को भी खोज कर दिखा देगा, उसे वे अपनी तनख्वाह से 1 लाख रुपये का नकद इनाम देंगे। संजय सिंह ने जौनपुर के उन विद्यालयों के नाम सार्वजनिक किए जो सरकारी पोर्टल पर तो मौजूद हैं, लेकिन मौके पर उनका अस्तित्व ही खत्म हो चुका हैः प्राथमिक विद्यालय ढालगर टोला, प्राथमिक विद्यालय मिसिरपुर कन्या, कंपोजिट विद्यालय गदन अर्जन्नी, प्राथमिक विद्यालय उर्दू बाजार, प्राथमिक विद्यालय बाग हासिम, आप सांसद संजय सिंह ने नगर शिक्षा अधिकारी की चिट्ठी दिखाते हुए कहा कि इन स्कूलों की बिल्डिंग का पता नहीं है और जमीन स्वामियों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, ₹योगी सरकार में चंदा चोरी, जमीन चोरी और चीनी चोरी के बाद अब 'स्कूल चोरी' का नया मॉडल सामने आया है।

यूडायस पोर्टल पर ये स्कूल चल रहे हैं, लेकिन हकीकत में न वहाँ टीचर हैं, न बच्चे और न ही बिल्डिंग।₹ संजय सिंह ने योगी सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपनी विफलता छिपाने के लिए सच उजागर करने वालों को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि नोएडा में स्कूल की बदहाली दिखाने पर 'आप' यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह पर एफआईआर कर दी गई और हरदोई में कार्यकर्ता फिरोज सिद्दीकी पर मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने सवाल किया, ₹योगी जी, एफआईआर तो उन अधिकारियों और डीएम पर होनी चाहिए जिन्होंने मिड-डे मील का पैसा खाया और स्कूलों को बर्बाद किया। आप सच दिखाने वालों को जेल भेज रहे हैं? हम डरने वाले नहीं हैं, अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो मैं 156(3) के तहत कोर्ट जाकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराऊँगा।

अवध प्रांत के प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र के स्कूलों में छतें गायब हैं, शौचालय गंदगी से अटे पड़े हैं और कहीं 5 कक्षाओं पर मात्र 3 शिक्षक हैं। बरेली, बदायूँ और बिजनौर में बच्चे कीचड़ और गंदगी के बीच बैठने को मजबूर हैं। पीने के पानी की टंकियाँ सड़ी हुई हैं। आगरा, फिरोजाबाद और हाथरस के स्कूलों के गेट पर कूड़े के ढेर लगे हैं। स्कूल की बिल्डिंगें ढह चुकी हैं और कहीं-कहीं 800 बच्चों पर सिर्फ 4 शिक्षक हैं।

संजय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा और योगी सरकार ने प्रदेश में 90 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद कर दिए ताकि उनके चहेतों के प्राइवेट स्कूल मोटी कमाई कर सकें। संजय सिंह ने अंत में दोहराया कि 'स्कूल ठीक करो' अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनता से फिर अपील की कि वे अपने क्षेत्र के खराब स्कूलों के वीडियो हेल्पलाइन नंबर 8382928009 पर व्हाट्सएप करें। उन्होंने कहा, ₹योगी जी, आप पूँजीपतियों के लिए करोड़ों खर्च करते हैं, थोड़ा पैसा प्रदेश के गरीब बच्चों की शिक्षा पर भी खर्च कीजिए और इन स्कूलों को ठीक करवाइए।

## केजीएमयू समेत प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के इंटर्न डॉक्टरों का आंदोलन तेज




**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर केजीएमयू समेत प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों ने आंदोलन तेज कर दिया है। रविवार को केजीएमयू में आठ इंटर्न डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठ गए। वहीं सैकड़ों की संख्या में इंटर्न डॉक्टर छत्रपति शाहू जी महाराज की प्रतिमा के पास धरने पर बैठे। डॉक्टरों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन खत्म नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शनकारी इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि इंटर्नशिप के दौरान वे पढ़ाई के साथ अस्पताल में मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाते हैं। मरीजों को इंजेक्शन लगाना, दवाएं देना, ड्रेसिंग में मदद करना और जरूरी देखभाल उनके नियमित काम का हिस्सा है। कई बार सीनियर डॉक्टरों की गैरमौजूदगी में उन्हें वार्ड की व्यवस्थाएं भी संभालनी पड़ती हैं। प्रदर्शनकारी इंटर्न डॉक्टरों ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की सेवा को वे महज ड्यूटी नहीं समझते। मरीजों की जरूरतों का ध्यान परिवार के सदस्य की तरह रखते हैं। गंभीर मरीजों की हालत पर नजर रखने से लेकर डॉक्टरों के निर्देश पर इलाज में मदद करने तक वे लगातार जिम्मेदारी निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला स्टाइपेंड उनकी जिम्मेदारियों के मुकाबले बेहद कम है। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें वर्तमान में 12 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिल रहा है। उनका कहना है कि महंगाई और अस्पताल में किए जाने वाले काम को देखते हुए यह रकम पर्याप्त नहीं है।

इंटर्न डॉक्टरों ने सरकार से स्टाइपेंड बढ़ाकर कम से कम 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने कहा कि लंबे समय से मांग उठाने के बावजूद कोई ठोस फैसला नहीं हुआ। अब आंदोलन को मजबूरन तेज करना पड़ा है। आठ डॉक्टरों के भूख हड़ताल पर बैठने के बाद आंदोलन और गंभीर हो गया है। इंटर्न डॉक्टरों ने चेतावनी दी कि सरकार ने उनकी मांग पर जल्द फैसला नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। केजीएमयू के डॉ. सत्यम कुमार, डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, डॉ. रविराज कश्यप, जौनपुर मेडिकल कॉलेज के डॉ. कुंवर निलेंद्र, गोरखपुर बीआरडी से डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. विक्रांत पाठक, लोहिया संस्थान से डॉ. नरेंद्र कुमार, मेरठ स्थित लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज से डॉ. प्रवीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

## लोहे की रॉड और फावड़े से हमला, पति का हाथ फ्रैक्चर

**पारा, लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरम कॉलोनी में स्कूटी और बोरिंग तोड़ने का विरोध करने पर एक महिला और उसके पति पर कथित रूप से लोहे की रॉड, फावड़े और डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवपुरम कॉलोनी निवासी शालिनी अग्निहोत्री ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अगस्त की सुबह करीब 11:30 बजे उसके ससुर सुनील कुमार शुक्ला, सौतेली सास शीलू शुक्ला और सौतेले देवर अनिकेत शुक्ला उसकी स्कूटी व बोरिंग को तोड़ने लगे। पति आनंद कुमार शुक्ला ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद तीनों ने एकराय होकर लोहे की रॉड, फावड़े और डंडों से दंपती पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर दोनों को बचाया।

हमले में आनंद कुमार के हाथ में गंभीर चोट आई और हाथ फ्रैक्चर हो गया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपित जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए पुलिस के पास जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे गए। घटना की सूचना पुलिस की आपात सेवा 112 पर भी दी गई।शालिनी ने तहरीर में आरोप लगाया कि इससे पहले 16 अगस्त को घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए गए थे। उनका आरोप है कि परिवार को डराने के लिए पहले से योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद महिला, उसका पति और छोटी बच्ची भयभीत हैं।

## अखिलेश से मिले संजय सिंह, सियासी अटकलें तेज

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** विधानसभा चुनाव 2027 से पहले सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। संजय सिंह लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय पहुंचे, जहां दोपहर दोनों नेताओं के बीच बैठक हुई। इस मुलाकात के बाद सपा और आप के बीच संभावित चुनावी गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, दोनों दलों की ओर से गठबंधन को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद चुनाव से पहले हुई इस मुलाकात को राजनीतिक तौर पर अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि बैठक में संविधान, आरक्षण, सामाजिक न्याय और 69 हजार शिक्षक भर्ती समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## महंगाई के खिलाफ सपा ने किया प्रदर्शन हजरतगंज चौराहे पर काटा हंगामा



**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रविवार को सपा कार्यकताओं ने महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हजरतगंज चौराहे पर पहुंच कर हंगामा किया। हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। चीनी के दाम में हुई बढ़ोतरी पर नाराजगी जतायी।

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि सरकार ने किचन का बजट बिगाड़ दिया है। लगभग 15 मिनट तक प्रदर्शनकारी हजरतगंज चौराहे पर नारेबाजी और हंगामा करते रहे। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद पुलिस उन्हें घसीटकर और टांगकर गाड़ी के पास ले गई। उसमें बैठाकर उन्हें ईको गार्डन भेजा। महिला प्रदर्शनकरियों ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव रिंकी यादव ने कहा कि हमारे किचन का बजट बिगड़ गया है।

दाल, तेल, चावल, आटा सब कुछ पहले से महंगा था। अब सरकार ने चीनी के दाम बढ़ा दिए है। आने वाले दिनों में रक्षाबंधन का त्योहार है। चीनी महंगी होने की वजह से मिठाइयां भी महंगी हो जाएंगी। यह सरकार नहीं चाहती है कि गरीब और कमजोर परिवार त्योहारों पर खुशियां मनाए। जैसे ही कोई भी त्योहार आने वाला होता है, सरकार आम आदमी को मुसीबत में डाल देती है।



विश्वेश्वरैया सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय सम्मेलन में बोलते कल्लू राम। छाया: तरुणमित्र

## सामाजिक सरोकारों पर आधारित हिंदी फीचर फिल्म 'कसाईबाड़ा' की शूटिंग पूरी

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सामाजिक विषय पर आधारित हिंदी फीचर फिल्म कसाईबाड़ा की शूटिंग 23 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक पूरी हो गई। रॉक स्टार सेवेंथ क्रिएशंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न लोकेशनों पर की गई। फिल्म का निर्देशन एम. फैसल रियाज ने किया है, जबकि फिल्म की कहानी, संवाद और गीत वरिष्ठ पत्रकार एवं फिल्म के निमार्ता पवन सिंह ने लिखे हैं। फिल्म की निर्माण प्रक्रिया की एक खास बात यह रही कि शूटिंग के साथ-साथ फिल्म का ऑनलाइन एडिटिंग कार्य भी सेट पर ही किया गया। निर्देशक एम. फैसल रियाज ने कहा कि कसाईबाड़ा अपने विषय और प्रस्तुति के स्तर पर एक अलग तरह की फिल्म है।



उन्होंने कहा, हमने कोशिश की है कि फिल्म के सामाजिक विषय को उपदेशात्मक तरीके से नहीं, बल्कि एक प्रभावशाली सिनेमाई कहानी के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया जाए। फिल्म का फिल्मांकन और संगीत इसकी खास पहचान होंगे। निमार्ता एवं लेखक पवन सिंह ने कहा कि फिल्म का विषय समाज के कुछ महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहलुओं को सामने लाता है। उनके अनुसार, फिल्म का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि दर्शकों को कहानी के माध्यम से सोचने के लिए भी प्रेरित करना है। फिल्म के संवाद और गीत भी कहानी के सामाजिक परिवेश और भावनात्मक पक्ष को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं।

## ताला तोड़कर जेवर चोरी करने का आरोप, ससुराल पक्ष पर मुकदमा

**काकोरी, लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** काकोरी कोतवाली क्षेत्र के घुरघुरी तालाब में एक महिला ने अपनी सास और देवर पर कमरे का ताला तोड़कर जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घुरघुरी तालाब निवासी रूपा पत्नी शुभम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने पति के साथ मायके सलेमपुर पतौरा में रह रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसकी सास राजकुमारी पत्नी छेदीलाल और देवर मौसम ने उसके कमरे का ताला तोड़ दिया। कमरे में रखे उसके जेवर चोरी कर लिए गए। पीड़िता के मुताबिक चोरी हुए सामान में सोने का हार, तीन डोर की झुमकी, मांग टीका, नथुनी, पायल और कमर पेटी शामिल हैं। जेवर चोरी होने की जानकारी मिलने पर जब उसने ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की जानकारी होने से इनकार कर दिया। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उसे धमकाया गया और गोली मारने की बात कहकर वहां से भगा दिया गया। इस सम्बन्ध में काकोरी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र राठौर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

## सम्मिलित अवर अधीनस्थ परीक्षा में लखनऊ में ब्लूटूथ डिवाइस के साथ एक धरा गया

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) 2587 पदों के लिए रविवार को आयोजित परीक्षा के दौरान लखनऊ में ब्लूटूथ डिवाइस के साथ एक अभ्यर्थी को पकड़ा गया। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। आयोग के मुताबिक रविवार को यूपी के 12 जिलों आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, बस्ती, गाजियाबाद, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, शाहजहांपुर व बांदा के 229 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के लिए 100602 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए गए। इनमें से 79772 अभ्यर्थियों 79.29% ने परीक्षा दी और 20830 यानी 20.71% ने परीक्षा छोड़ी। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए 500 सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 14696 अधिकारियों व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। केंद्रों पर 10674 सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा पर नजर रखी गई। प्रत्येक परीक्षा वाले जिलों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर रहा। जिलों में बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम को मुख्यालय से जोड़ते हुए नजर रखी गई। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए फेशियल रिकॉग्निशन-एआई आधारित प्रमाणीकरण की व्यवस्था की गई। प्रत्येक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक कैप्चर फोटो व आइरिस कराया गया।

## लंदन में 'इंडिया डे' का भव्य आयोजन



भारत के विभिन्न राज्यों ने स्टॉल के माध्यम से अपनी संस्कृति, परंपरा, कला, खान-पान और विशिष्ट पहचान को किया प्रस्तुत

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** भारतीय उच्चायोग, लंदन के द्वारा नवनाथ सेंटर के सहयोग से आयोजित 'इंडिया डे' समारोह में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता और एकता की शानदार झलक देखने को मिली। इस भव्य आयोजन में 20,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और भारतीय संस्कृति, कला, परंपराओं तथा विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से अपने प्रदेश की संस्कृति, परंपरा, कला, खान-पान और विशिष्ट पहचान को प्रस्तुत किया। एक ही परिसर में कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से पूर्वोत्तर भारत तक की सांस्कृतिक विविधता ने वास्तव में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार किया।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत के उच्चायुक्त महामहिम श्री पेरियासामी कुमारन द्वारा भारतीय तिरंगा फहराने के साथ हुई। इसके बाद हजारों भारतीयों ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति और गर्व की भावना से भर दिया। इस अवसर पर महामहिम उच्चायुक्त ने ब्रिटेन में रह रहे भारतीय समुदायों की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं और संस्कृतियों से जुड़े भारतीय समुदायों का एक मंच पर आकर इस विशाल उत्सव को मनाना भारत की वास्तविक भावना को दशार्ता

उत्तर प्रदेश कम्युनिटी एसोसिएशन (यूपीका यूके) ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक स्वाद और विकास यात्रा को विशेष रूप से प्रस्तुत किया। यूपीका यूके के महासचिव अश्वनी श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश स्टॉल पर महामहिम उच्चायुक्त का स्वागत किया और उन्हें प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के बारे में जानकारी दी।

यूपीका की टीम के संतोष पांडेय, राजेश विश्वकर्मा, राजीव गुप्ता, अरुण चौबे, पंकज मिश्रा, सुभाष बरनवाल, आशीष मिश्रा और योगेश पांडेय ने स्टॉल पर आए अनेक विशिष्ट अतिथियों, सांसदों तथा समुदाय के सदस्यों का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश के पारंपरिक आतिथ्य का परिचय देते हुए टीम ने दिनभर में 2,000 से अधिक अतिथियों को पूरी और हलवा परोसा, जिसे आगंतुकों ने बेहद पसंद किया। समारोह का एक प्रमुख आकर्षण उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक प्रस्तुति रही। 'राम आएंगे' गीत पर प्रस्तुत कथक और लोकनृत्य के अनूठे फ्यूजन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सान्वी श्रीवास्तव, वंशिका गुप्ता, बानी नागपाल, अयान और रिया ने अपनी शानदार और ऊजार्वान प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। इस मनमोहक प्रस्तुति का निर्देशन वैशाली नागपाल ने किया।

उत्तर प्रदेश स्टॉल की आकर्षक सजावट और उत्पाद प्रदर्शनी भी लोगों के बीच विशेष चर्चा का विषय रही। निष्ठा द्विवेदी, पियूषिता गुप्ता और मोनिका चौबे ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जुड़े उत्पादों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। मधुरेश मिश्रा ने कहा कि इंडिया डे जैसे आयोजन ब्रिटेन में रहने वाली नई पीढ़ी को अपनी भारतीय जड़ों, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ विश्व समुदाय के सामने भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

## केशव नगर में सड़क, सीसी व नाली निर्माण का भूमि पूजन

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के केशव नगर में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने सड़क, सीसी एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।



साथ ही सीतापुर रोड स्थित शालीमार कोर्टयार्ड एवं अग्रसेन हाइट्स अपार्टमेंट परिसर में दो ओपन जिम स्थापना कार्य का भी शुभारंभ किया। फैजुल्लागंज स्थित केशव नगर में बेहतर आवागमन और जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मीना पांडेय के आवास के सामने सड़क, सीसी एवं नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके लिये कुल सत्रह लाख रुपये की धनराशि विधायक निधि से स्वीकृत की गई है। वहीं क्षेत्रवासियों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शालीमार कोर्टयार्ड एवं अग्रसेन हाइट्स अपार्टमेंट परिसर में ओपन जिम स्थापना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, पार्षद प्रतिनिधि अंकुश बाजपेयी, राम शरण सिंह, सुनील सिंह, मीना पांडेय, सोनू मिश्रा, रूपेश अग्रवाल, राजीव त्रिपाठी, डॉ. मनोज, रोहित धीर, प्रदीप शुक्ला, आशा सोनी, नीरज झा, संजीव सक्सेना, अंकुर अग्रवाल, करन खन्ना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फर्जी कम्पनी बनाकर युवक से ठगी, रुपए मांगने पर पीड़ित को धमकाया

**गोसाईगंज, लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज में फर्जी लॉजिस्टिक्स कंपनी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित शिवम तिवारी ने बताया कि 4 अगस्त को अमेरिका में साढू भाई को 40 किलो के दो पार्सल भेजने के लिए ऑनलाइन फेडेक्सफ्लाई लॉजिस्टिक्स कंपनी से संपर्क किया। गूगल पर मिले विवेक शुक्ला नाम के व्यक्ति से 41हजार990 रुपये में सौदा तय हुआ। उसी दिन विनय शुक्ला और एक अन्य युवक घर से पार्सल ले गए। पार्सल में करीब 2 लाख का घरेलू सामान था। आरोप है कि 5 अगस्त को यूपीआई से 41 हजार 990 रुपये लेने के बाद कंपनी ने ट्रैकिंग आईडी नहीं दी। दबाव डालने पर दो बार फर्जी आईडी भेज दी। 21 अगस्त तक पार्सल अमेरिका नहीं पहुंचा।

## यूजीसी नियमों के विरोध में उतरे सैकड़ों लोग नेताओं की निकाली सांकेतिक शव यात्रा

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रविवार को यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण मोर्चा के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। ब्राह्मण और ठाकुर समुदाय से जुड़े 300 से ज्यादा लोग दोपहर करीब 12 बजे प्रदर्शन के लिए जुटे। प्रदर्शनकारियों ने आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग उठाते हुए यूजीसी रोलबैक' के नारे लगाए। प्रदर्शन में शामिल लोगों के हाथों में अलग-अलग संदेश लिखी तख्तियां थीं। इनमें 'संवैधानिक अछूत' जैसे नारे भी शामिल रहे। उनका कहना था कि यूजीसी के नए नियमों को पूरी तरह वापस लिया जाना चाहिए और आरक्षण व्यवस्था में बदलाव कर आर्थिक आधार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। फिलहाल इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की रोक भी लगी हुई है। वीमेन पावर लाइन चौराहे यानी 1090 चौराहे पर करीब आधे घंटे तक नारेबाजी के बाद प्रदर्शनकारी बैकुंठ धाम की तरफ बढ़ गए। अचानक बड़ी संख्या में लोगों के सड़क पर आने से रास्ते में जाम की स्थिति बन गई। इस दौरान कार्यकताओं ने सवर्ण सांसदों और विधायकों की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली।

## शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच ने जताई चिंता

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच की ओर से शिक्षा, बेरोजगारी और सरकारी भर्तियों सहित संगठन को मजबूत करने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से जुड़े पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया।




बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आशा राम सरोज ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान ने कहा कि सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर समाज में चिंता है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में मुख्य रूप से गरीब, मजदूर, किसान और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। ऐसे में यदि सरकारी स्कूल बंद होते हैं या उनकी व्यवस्था कमजोर होती है तो इसका सीधा असर इन परिवारों के बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज को शिक्षित बनने का संदेश दिया था। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों को समझता है और समाज में बराबरी के लिए आगे बढ़ता है। इसलिए सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने के बजाय उसे बेहतर बनाने की जरूरत है। भवन नाथ पासवान ने सरकारी नौकरियों में नियमित भर्ती को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन समय पर भर्तियां नहीं निकलने से उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। दूसरी ओर कई काम आउटसोर्सिंग के जरिए कराए जा रहे हैं।

## कार से सोने के बिस्कुट मिलने पर अखिलेश का यूपी पुलिस पर आरोप

**लखनऊ, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** यूपी के कन्नौज में हादसे का शिकार हुई एक कार से सोने के बिस्कुट मिलने के मामले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी पुलिस पर हेराफेरी का आरोप लगाया। सोशल मीडिया एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा, पुलिस ने 16 सोने की ईंटें 'गायब' कर दीं। उन्होंने कहा, दस दिखाया, सोलह गटकाया, 'भाजपा' की पुलिस की माया। यादव ने आगे लिखा, 'कन्नौज में पुलिस की गाड़ी से हुई दुर्घटना में सोने की तस्करी का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार टक्कर लगने के बाद जब कार सवार भागने लगे तो पुलिस ने पीछा करके उन्हें पकड़ा और तलाशी के दौरान गाड़ी से एक-एक किलो के 26 सोने के बिस्कुट पकड़े लेकिन दिखाए गए केवल 10 किलो के बिस्कुट।' यादव ने कहा, 'अब ध्यान ये रखना है कि कहीं पुलिस दिखाए गए बिस्कुटों को भी 'पीली धातु' कहकर सरकारी हिसाब में दर्ज न कर ले और बाद में पीतल के बिस्कुट से बदलकर ये सारे सोने के बिस्कुट भी 'गटक' न जाए।' उन्होंने कहा कि नेपाल से गोरखपुर और गोरखपुर से दिल्ली, यही है 'डबल इंजन' सरकार के 'धंधे' का असली रास्ता। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात पुलिस वाहन और तेज रफ्तार ब्रेजा कार की टक्कर के बाद सोने की बड़ी खेप पकड़ी गई।